सुप्रभात
रांची, सोमवार
19.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 303



12 मिथुन को मुंबई नगर निगम का नोटिस

## न्यूज डायरी

### पुल से टकरायी बाइक दो युवकों की मौत

**खूंटी।** अड़की थानांतर्गत नीलीडीह गांव के पास रविवार सुबह एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पुल के कल्वर्ट से जा टकरायी। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों ने एंबुलेंस मंगाकर दोनों युवकों को इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अड़की के हूंट गांव निवासी बिरसा मुंडा (20) और सुखलाल लोहरा (19) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही खूंटी थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और आवश्यक पड़ताल के बाद दोनों शवों का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया।

### भारत-पाक सीजफायर अभी जारी : सेना

**नयी दिल्ली।** सेना ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर की बातचीत नहीं हुई है। सेना ने बताया कि 12 मई को दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत में जो सीजफायर पर सहमति बनी थी, उसकी कोई आखिरी तारीख तय नहीं की गयी है। मतलब, यह समझौता तब तक लागू रहेगा। इससे पाकिस्तानी के विदेश मंत्री का सीजफायर पर बयान झूठा पड़ गया है। दोनों देशों के डीजीएमओ की 12 मई की हुई बैठक में सीजफायर को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी थी।

### रक्षा राज्य मंत्री कल जायेंगे मलेशिया

**नयी दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ 20 से 24 मई तक मलेशिया के लंगकावी में आयोजित लंगकावी अंतरराष्ट्रीय समुद्री और अंतरिक्ष प्रदर्शनी के 17वें संस्करण में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। एलआईएमए 2025 में एक भारतीय मंडप स्थापित किया गया है, रक्षा राज्य मंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार रक्षा राज्य मंत्री प्रदर्शनी के अवसर पर मलेशिया के रक्षा मंत्री दातो सेरी मोहम्मद खालिद बिन नॉर्डिन से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग एवं व्यापक रणनीतिक साझेदारी और भी मजबूत होगी।

### प्रेम प्रसंग में पत्नी ने की पति की हत्या, गिरफ्तार

**दुमका।** अज्ञात युवक के शव बरामद मामले का उद्भेदन करते हुए जामा पुलिस ने हत्या के आरोप में कथित प्रेमी और पत्नी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 16 मई को विलिवर्स ईस्टर्न चर्च कुरमन के परिसर में एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया था। अनुसंधान के दौरान मृतक का भाई ने पुलिस को बताया कि भाई की पत्नी रासमुनि हेम्ब्रम का प्रेम प्रसंग जामा थाना क्षेत्र के फाड़ासिमल गांव के राजीव मुर्मू के साथ चल रहा है। उसने आशंका जाहिर की गयी कि दोनों ने मिलकर उसके भाई की हत्या की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को फाड़ासिमल गांव से दोनों प्रेमी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया।

## 26 छात्रों का समूह पिकनिक मनाने पहुंचा था खूंटी का पेरवाघाघ

# पेरवाघाघ में डूबे रिम्स के चार छात्र, एक की मौत

- नहाने के दौरान पांच छात्रों का दल गहरे पानी वाले क्षेत्र में चला गया
- पर्यटन स्थल पर सैलानी नहीं थे, जिससे खतरनाक क्षेत्रों की जानकारी नहीं मिल सकी

### 2019 बैच का सीनियर छात्र था अभिषेक माइकल खलखो



पेरवाघाघ जलप्रपात, खूंटी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स, रांची में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे छात्र अभिषेक माइकल खलखो की खूंटी स्थित पेरवाघाघ पिकनिक स्पॉट में पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना रविवार सुबह की है। वह 2019 बैच का सीनियर छात्र था।

जानकारी के अनुसार छात्रों का एक दल रविवार को खूंटी जिले के प्रसिद्ध पेरवाघाघ जलप्रपात पर पिकनिक मनाने पहुंचा था। कुल 26 छात्रों का यह समूह सुबह रांची से पूरी तैयारी के साथ निकला था। बारिश जैसा मौसम के कारण पर्यटन स्थल पर अन्य सैलानी नहीं थे, जिससे छात्रों को खतरनाक क्षेत्रों की जानकारी नहीं मिल सकी। स्पॉट पर पहुंचते ही कुछ छात्र खाना बनाने में जुट गए, जबकि कुछ नदी में नहाने चले गए। इसी दौरान पांच छात्रों का एक ग्रुप खतरनाक स्थल की ओर बढ़ गया। जिसमें नहाने के दौरान एक छात्र पानी में डूबने लगा, जिसे बचाने के प्रयास में तीन अन्य छात्र भी तेज बहाव में फंस गए। हालांकि, स्थानीय लोगों और अन्य साथियों की मदद से चारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसी बीच, 2019 बैच का सीनियर छात्र अभिषेक माइकल खलखो कब पानी में डूब गया, इसका किसी को पता ही नहीं चला। काफी खोजबीन के बाद जब वह मिला, तब उसकी स्थिति गंभीर थी। उसे तत्काल तोरपा रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे खूंटी सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं, सूचना मिलते ही रिम्स से चिकित्सकों की टीम भी खूंटी पहुंच चुकी थी। डॉक्टरों ने तत्काल जरूरी चिकित्सा प्रक्रिया शुरू कर अभिषेक को रिम्स ले जाने का निर्णय लिया। वहीं घटना में घायल अन्य छात्रों जोसवा टोप्पो, कृति वर्धन और अजय मुरी का प्राथमिक उपचार तोरपा अस्पताल में करके उन्हें भी रिम्स के लिए रवाना कर दिया गया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना ने पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के मुद्दे को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

> रिम्स के छात्रों का एक दल रविवार को पिकनिक मनाने पेरवाघाघ, खूंटी गया था। जहां उनके साथ अनहोनी हो गयी और चार छात्र पानी में डूब गये थे। इसमें तीन छात्र को बचाव दलों ने बचा लिया लेकिन एक छात्र को बचाया नहीं जा सका, उसकी मौत हो गयी है।
>
> डॉ राजीव रंजन
> (पीआरओ, रिम्स)

### राज्य कर्मियों का 55 फीसदी हुआ डीए

**रांची।** राज्य कर्मियों के महंगाई भत्ता बढ़ा दिया गया है। इस माह के वेतन से उन्हें बढ़ा डीए मिलने भी लगेगा। आठ मई के मंत्रिपरिषद के फैसले के बाद वित्त विभाग ने राज्य कर्मियों को मिल रहे 53 प्रतिशत डीए में दो फीसदी का इजाफा कर दिया है। अब उन्हें 55 प्रतिशत डीए मिलेगा। इसी तरह सातवां वेतनमान प्राप्त पेंशनधारी व पारिवारिक पेंशनधारियों का भी दो फीसदी डीए बढ़ाकर 55 फीसदी कर दिया गया है। वर्तमान में महंगाई की दर को देखते हुए राहत के लिए नया डीए लागू किया गया है।

# इसरो का ईओएस-09 उपग्रह प्रक्षेपण विफल

**एजेंसी**

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ईओएस-09 मिशन तीसरे चरण में चूक गया। इसकी जानकारी इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने दी। इसे पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी-सी61) से लॉन्च किया गया था, जो कुछ ही मिनटों में असफल हो गया। इसरो ने इसकी जांच के आदेश दे दिए हैं। आधिकारिक एक्स पोस्ट में बताया गया कि रविवार को 101वां प्रक्षेपण प्रयास किया गया, पीएसएलवी-सी61 का प्रदर्शन दूसरे चरण तक सामान्य रहा। तीसरे चरण में तकनीकी खामी आयी जिससे वो चूक गया। इसरो प्रमुख ने बताया कि दबाव समस्या के कारण प्रक्षेपण सफल नहीं हुआ लेकिन विश्वास है कि हम अगले चरण में इसमें सफल होंगे। इसे सूर्य समकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित किया जाना था।

## पीएम जन मन से जनजातीय क्षेत्रों में 788 किमी सड़क बनेगी

# झारखंड के 16 जिलों में 259 सड़कों के निर्माण की केंद्र सरकार से मिली मंजूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पीएम जनमन से झारखंड में 788 किमी लंबी 259 सड़कें बनायी जायेंगी। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत राज्य के 16 जिलों में सड़क निर्माण की मंजूरी दी है। केंद्र सरकार ने इन सड़कों के लिए 700 करोड़ रुपये देने की स्वीकृति दी है। प्रत्येक सड़क निर्माण में लगभग 89 लाख रुपये की लागत आने का आकलन है। हालांकि, किसी रोड में एक करोड़ से अधिक खर्च होता है तो उसके लिए राज्य सरकार को अपने कोष से राशि वहन करना होगा। एक करोड़ तक भारत सरकार राशि आवंटित करेगी। प्रत्येक सड़क सीमेंट कांक्रिट तकनीक से बनायी जायेगी, जिसे तीन मीटर से 3.5 मीटर तक चौड़ा किया जा सकेगा। 16 जिलों के ग्रामीण इलाकों के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बिल्कुल नयी सड़क बनायी जायेगी। सड़कों की गुणवत्ता की जांच के लिए क्वालिटी कंट्रोल लैब स्थापित किए जायेंगे। सड़क निर्माण की स्वीकृति के 72 दिनों के अंदर निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य भी दिया गया है। अब झारखंड स्टेट रूरल रोड डेवलपमेंट अथॉरिटी इसके लिए टेंडर निकालने का कार्य करेगा ताकि वर्क ऑर्डर देकर काम प्रारंभ कराया जा सके।

**किस जिले में कितनी सड़कें बनेंगी**

| जिला | संख्या | लंबाई | जिला | संख्या | लंबाई |
|---|---|---|---|---|---|
| चतरा | 7 | 12.151 | कोडरमा | 1 | 3.130 |
| देवघर | 2 | 1.400 | लातेहार | 14 | 34.000 |
| दुमका | 21 | 37.393 | लोहरदगा | 6 | 12.500 |
| गढ़वा | 11 | 38.290 | पाकुड़ | 45 | 111.428 |
| गोड्डा | 34 | 97.425 | पलामू | 25 | 127.487 |
| गुमला | 11 | 47.698 | पूर्वी सिंहभूम | 8 | 31.950 |
| हजारीबाग | 3 | 7.325 | साहेबगंज | 68 | 216.065 |
| जामताड़ा | 1 | 4.100 | सिमडेगा | 2 | 5.590 |

# एकतरफा मतदान में अजय नाथ शाहदेव बने जेएससीए के अध्यक्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के बहुप्रतीक्षित चुनाव के नतीजे रविवार को घोषित कर दिए गए। चुनाव में अजय नाथ शाहदेव की अगुवाई वाली टीम ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए एसके बेहरा गुट को करारी शिकस्त दी। अजय नाथ शाहदेव झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उनकी टीम से संजय पांडे उपाध्यक्ष, पूर्व क्रिकेटर सौरभ तिवारी सचिव, शहबाज नदीम सह सचिव और अमिताभ घोष कोषाध्यक्ष चुने गए हैं।

**चुनाव प्रक्रिया में दो गुटों से 15-15 उम्मीदवार थे :** चुनाव के लिए मतदान केंद्र झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के स्टेडियम परिसर में नॉर्थ गेट के पास बनाए गए थे। जिसमें कुल 718 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर 2 बजे से मतगणना शुरू हुई और देर शाम परिणाम घोषित कर दिए गए। चुनाव में दोनों गुटों ने 15-15 प्रत्याशी मैदान में उतारे थे।



### अजय नाथ शाहदेव पर मतदाताओं ने जताया भरोसा

जेएससीए चुनाव में मतदाताओं ने अजय नाथ शाहदेव की टीम पर भरोसा जताया। अजय नाथ शाहदेव ने अपनी जीत को क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों की जीत बताया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य झारखंड क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ ने कहा है कि यह जीत क्रिकेट प्रेमियों की जीत है, खिलाड़ियों की जीत है। श्री शाहदेव ने कहा कि आने वाले समय में क्रिकेट के लिए जमीनी स्तर पर काम किया जाएगा। गांव-गांव से खिलाड़ियों को प्रमोट करने की कोशिश होगी। जेएससीए की नई टीम के गठन से राज्य में क्रिकेट प्रशासन को लेकर नए बदलावों की उम्मीद की जा रही है।

### बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंट्स और प्रोसेस्ड फूड के आयात पर प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** व्यापार नीति बदलाव के तहत भारत ने बांग्लादेश से भूमि बंदरगाहों के माध्यम से देश में रेडीमेड गारमेंट्स, प्रोसेस्ड फूड और अन्य वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अधिसूचना में कहा कि हालांकि, इस तरह के बंदरगाह प्रतिबंध भारत से होकर गुजरने वाले बांग्लादेशी सामानों पर लागू नहीं होंगे, लेकिन नेपाल और भूटान के लिए आने वाले समान पर लागू होंगे। अधिसूचना के अनुसार पश्चिम बंगाल में एलसीएस चंगराबांधा और फुलबारी से भी अनुमति नहीं होगी। अन्य प्रतिबंध फल या फल के स्वाद वाले और कार्बोनेटेड पेय पदार्थों के आयात, प्रोसेस्ड फूड, कपास और सूती धागे का वेस्ट, प्लास्टिक और पीवीसी तैयार माल और लकड़ी के फर्नीचर पर हैं। इनको असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में किसी भी लैंड कस्टम स्टेशन या चेक पोस्ट से अनुमति नहीं दी जाएगी।

# हैदराबाद में चारमीनार के पास मकान में आग से 17 की मौत

## मृतकों में आठ बच्चे और 5 महिलाएं

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** आंध्रप्रदेश की राजधानी हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार तड़के भीषण आग लगने से 17 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में 8 मासूम बच्चे और 5 महिलाएं भी शामिल हैं। आग लगने की वजहों की जानकारी नहीं हो सकी है। अगलगी की इस घटना पर प्रधानमंत्री ने दुख जताया है। मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की है। हैदराबाद सरकार ने हादसे की जांच के आदेश दिये हैं।


तेलंगाना राज्य आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन सेवा विभाग के अनुसार चारमीनार के गुलजार हाउस चौरास्ता में स्थित जी+2 बिल्डिंग में सुबह 6:16 बजे आग लगने की सूचना मिली। अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने पहली मंजिल पर फंसे सत्रह व्यक्तियों को बचाया और इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया। मृतकों की पहचान प्रहलाद (70), मुन्नी (70), राजेंद्र मोदी (65), सुमित्रा (60), हमी (7), अभिषेक (31), शीतल (35), प्रियांश (4), इराज (2), आरुषि (3), ऋषभ (4), प्रथम (1.5 वर्ष), अनुयान (3), वर्षा (35), पंकज (36) रजनी (32) और इद्दू (4) के रूप में हुई है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने मुआवजे की घोषणा की



पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि वह लोगों की दुखद मौत से बहुत दुखी हैं। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने घटना की जानकारी मिलने पर बाद मौके पर पहुंचे और पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और तत्काल बचाव और राहत उपायों के आदेश दिया। हैदराबाद के प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर सीएम के निर्देश पर घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरी जांच की जायेगी। प्रारंभिक निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि यह एक दुर्घटना थी और इसमें किसी गड़बड़ी का संदेह नहीं है।

## कार्टून कोना




## भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ नया वीडियो जारी कर कहा

# जिन चौकियों से गोलीबारी हुई उसे मिट्टी में मिला दिया

### जारी है ऑपरेशन सिंदूर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** इंडियन आर्मी के वेस्टर्न कमांड ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन का वीडियो जारी किया। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने नये वीडियो में बताया कि 10 मई को पाकिस्तान की जिन चौकियों से सीजफायर का उल्लंघन हुआ था, उन्हें जवाबी कार्रवाई में हमने मिट्टी में मिला दिया है। सेना ने कहा कि ये शुरूआत पाकिस्तान पहलगाम आतंकी हमले से शुरू हुई, जो कि गुस्सा नहीं लावा था। हमने ऐसा सबक सिखाया, अब उनकी पीढ़ियां याद रखेंगी।



भारतीय सेना की ओर से जारी वीडियो में कहा गया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। वीडियो में सेना ने कहा कि दिमाग में बस एक ही बात थी कि अबकी बार ऐसा जवाब देंगे कि इनकी पीढ़ियां याद रखेंगी, ये बदले की भावना नहीं, न्याय था। नौ मई रात को लगभग 9 बजे पाकिस्तानी फोर्स ने सीजफायर का उल्लंघन किया। इन सभी पोस्ट्स को भारतीय सेना ने मिट्टी में मिला दिया। जवान ने कहा है कि दुश्मन अपनी पोस्ट छोड़कर भागता नजर आया। भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से जब सीजफायर का उल्लंघन किया जा रहा था, भारतीय चौकियों के साथ-साथ रिहायशी इलाकों को भी टारगेट किया जा रहा था। इसका वीडियो वेस्टर्न कमांड इंडियन आर्मी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया गया।

# भारत विरोधी टॉप आतंकी पाकिस्तान में ही मारा गया

**एजेंसी**

**कराची।** लश्कर-ए-तैयबा के टॉप आतंकी सैफुल्लाह खालिद को पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। बाइक पर आये दो हमलावरों ने उसे निशाना बनाया और फरार हो गये। सैफुल्लाह, भारत के नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय पर हमले का मास्टरमाइंड था। भारत की खुफिया एजेंसियों को लंबे समय से इस आतंकी की तलाश थी जो भारत में हुए कई बड़े आतंकी हमलों में शामिल रहा है। खालिद की मौत को भारत के लिए राहत और आतंकी नेटवर्क के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

**भारत में आतंक फैलाने में लगा था :** सैफुल्लाह खालिद लश्कर-ए-तैयबा का एक बेहद अहम ऑपरेटिव था। उसे भारत में आतंक फैलाने की खास जिम्मेदारी दी गयी थी। वह नेपाल में छिपकर भारत में हमलों की योजना बनाता रहा। वहां वह 'विनोद कुमार' और कई अन्य फर्जी नामों से काम कर रहा था। वह जमात-उद-दावा के लिए फंडिंग का भी काम करता था।

## पहलगाम हमले से पहले गयी थी पाकिस्तान

# पाक जासूस ज्योति मल्होत्रा का खाता खंगाल रही साइबर सेल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जासूसी के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को लेकर हिसार पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। एसपी हिसार शशांक कुमार सावन ने बताया कि पहलगाम आतंकवादी हमले से पहले ज्योति पाकिस्तान में थी। उसे पाकिस्तान के लिए जासूसी करने, संवेदनशील जानकारी साझा करने और एक पाकिस्तानी नागरिक के साथ लगातार संपर्क में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह कई बार पाकिस्तान जा चुकी थी। भारत-पाक संघर्ष के दौरान वह पीआइओ के संपर्क में थी। पुलिस की साइबर सेल टीम ज्योति के बैंक खातों और इंटरनेट एकाउंट्स की गहन जांच कर रही है।



एसपी शशांक कुमार सावन ने बताया कि आरोपी ज्योति मल्होत्रा प्रायोजित यात्राओं पर पाकिस्तान जाती थी। उसके साथ अन्य लोगों के होने की जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि ज्योति दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में काम करने वाले एक पाकिस्तानी कर्मचारी से कथित तौर पर संपर्क में थी। ज्योति ने पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज का साक्षात्कार भी लिया था। इस साक्षात्कार ने जांच एजेंसियों का ध्यान खींचा, क्योंकि यह संदिग्ध गतिविधियों का हिस्सा हो सकता है।

# नेमरा पहुंचे सीएम हेमंत, दिवंगत जगदीश सोरेन को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रविवार को सपरिवार रामगढ़ जिला स्थित पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां अपने पारिवारिक सदस्य जगदीश सोरेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री अंतिम यात्रा एवं अन्त्येष्टि संस्कार में भी सम्मिलित हुये। विदित हो कि दिवंगत जगदीश सोरेन रिश्ते में ;राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चचेरे भाई थे। विगत 17 मई 2025 को उनका निधन हो गया था। वे अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

# राज्य के किसी भी कोने में वज्रपात या किसी भी आपदा में मौत पर एक हफ्ते में मुआवजा: डॉ. इरफान अंसारी

## वज्रपात पीड़ित परिवार को मंत्री ने आपदा विभाग से दिये 4 लाख रुपये का मुआवजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बड़ा और सराहनीय फैसला लेते हुए घोषणा की है कि राज्य के किसी भी कोने में वज्रपात या किसी भी प्रकार की आपदा में अगर किसी की मृत्यु होती है, तो पीड़ित परिवार को एक सप्ताह के भीतर मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाएगी। वज्रपात की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में एक मासूम जामताड़ा के बोधबांध के 25 वार्षिय बाबुजन सोरेन की असामयिक मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को शोकाकुल कर दिया। इस कठिन घड़ी में झारखंड सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी स्वयं पीड़ित परिवार के पास पहुँचे और अपने संवेदनशील एवं मानवतावादी दृष्टिकोण का परिचय देते हुए ऐसे कार्य किए, जो वर्षों तक लोगों के दिलों में बस जाएंगे।

डॉ. अंसारी ने पीड़ित परिवार को आपदा विभाग की ओर से 4,00,000 (चार लाख रुपये) की सहायता राशि देने की घोषणा की, जो एक सप्ताह के भीतर पीड़ित परिवार के खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। कुछ तकनीकी त्रुटियों



के कारण मामूली विलंब हुआ, किंतु मंत्री जी ने स्पष्ट रूप से भरोसा दिलाया कि सहायता समयबद्ध रूप से पहुंचेगी। लेकिन यह मदद केवल आर्थिक नहीं थी। मंत्री ने जो किया, वह दिल छू लेने वाला था। उन्होंने दिवंगत बच्चे के दो छोटे भाइयों को गोद लेने की घोषणा की और कहा कि वे दोनों बच्चों को रांची में अपने आवास पर रखकर पढ़ाई-लिखाई कराएंगे और उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य देंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के आंसुओं में बहुत ताकत होती है। मैं उन्हीं आंसुओं की हिफाजत कर रहा हूं। मुझसे गरीबों का दुख नहीं देखा जाता। इस भावुक क्षण में मंत्री ने दोनों बच्चों को गले से लगा लिया और पूरे गांव की आंखें नम हो गईं। गांववासियों ने एक स्वर में कहा कि अब जब मंत्री जी आ गए हैं, तो हमें पूरा भरोसा है कि पीड़ित परिवार को न्याय और पूरी मदद मिलेगी।

डॉ. अंसारी ने कहा कि दुख की घड़ी में प्रेम, करुणा और सहानुभूति किसी भी धार्मिक पहचान से कहीं बड़ी होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा जहां लोगों की भावनाओं से राजनीति करती है, मैं दिन-रात बिना किसी भेदभाव के जनता की सेवा में समर्पित हूं। इस अवसर पर मंत्री भावुक दिखे और उन्होंने यह संदेश दिया कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। एक बार फिर, डॉ. इरफान अंसारी ने यह साबित किया कि वे न केवल एक नेता हैं, बल्कि एक सच्चे जनसेवक और संवेदनशील इंसान भी हैं, जो हर परिस्थिति में अपने लोगों के साथ खड़े रहते हैं।

# भाजपा हर जगह नफरत की बीज बोती है, राहुल मोहब्बत की खोलते हैं दुकान : जीनल एल गाला

### अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नेशनल कोऑर्डिनेटर और झारखण्ड प्रभारी जीनल एन गाला पहुंची रांची, कार्यकर्त्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नेशनल कोऑर्डिनेटर और झारखण्ड प्रभारी जीनल एन गाला के झारखंड आगमन होने पर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी के नेतृत्व में रविवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पार्टी की ओर से झारखंड के लोक पारंपरिक गीत, नृत्य से हजारों के तदात में जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद बिरसा चौक में भगवान बिरसा के प्रतिमा एव अम्बेड़कर चौक डोरंडा में माल्यार्पण करते हुए प्रदेश कांग्रेस भवन, रांची पहुंचे जहां आयोजित स्वागत एवं अभिनंद समारोह में शामिल हुई। रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान व अन्य प्रदेश महासचिव अख्तर अली व अन्य ने बड़ा माला के साथ झारखंडी टोपी और मोमेंटो देकर स्वागत किया।

इसके प›ात प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में झारखंड के नवनियुक्त प्रभारी जीनल एन गाला, प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर अहमद अंसारी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड की सबसे ज्वलंत मुद्दा मॉब लिंचिंग पर बने विधयेक को दोबारा राज्यपाल के पास भेजकर कानूनी दर्जा दी जाने की मांग की गई अन्यथा प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष के निवास स्थान बोकारो से राजभवन, रांची तक न्याय यात्रा निकालने संबंधित प्रस्ताव भी पारित किया गया।

झारखंड के नवनियुक्त प्रभारी जीनल एन गाला अपने संबोधन में कहा कि आज मैं भगवान बिरसा मुंडा की धरती झारखंड आयी हूँ ,यहां आकर बहुत ही ज्यादा गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ। मैं जैन समाज से आती हूँ हमारे जैन समाज के लिए झारखंड का बहुत ही मायने है। हमारे 24 तीर्थंकरों में से 20 तीर्थंकरों को झारखंड में निर्वाण मिला। सबसे बड़ा तीर्थ जैन का पारसनाथ है जो झारखंड में अवस्थित है। उन्होंने कहा कि आज का मेरा आने का मुख्य उद्देश्य है झारखंड अल्पसंख्यक कांग्रेस को और मजबूत बनाना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा हर जगह नफरत की बीज बोना चाहती है लेकिन हमारे राहुल गांधी जी मोहब्बत की दुकान खोलना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा किये जिसके परिणाम स्वरूप झारखंड में पुनः यहां की जनता ने गठबंधन की सरकार बनायी। कमेटी के अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश का भ्रमण कर कमिटी को ओर सशक्त बनाया जाएगा और जो प्रदेश या जिला पदाधिकारी पार्टी का काम नहीं कर पा रहे हैं उनके जगह उजार्वान लोगों को जगह दी जाएगी। 27 मई को राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी का रांची के ईटकी में जय हिन्द सभा को संबोधित करेंगे। जिसमें अल्पसंख्यक विभाग पूरे प्रदेश से बढ-चढ़कर हिस्सा लेगी।

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश पदाधिकारी अख्तर अली, अजय जैन, महमुद अली, तौकीर अख्तर, गुरलेज अख्तर, जॉन दिलीप तिग्गा, अब्दूल करीम अंसारी, गुलाम रब्बानी, अरशदुल कादरी, हसनैन आलम, हसनैन जैदी, तसलिमा मल्लिक, इम्तियाज अंसारी, जैतुन जॉन, मो सफार, सोहराब अंसारी, जिलाध्यक्ष हुसैन खान, समीम अख्तर, फैयज केसर, साजिद अली खान जिसान खान, वाहाब अरसद, जहिर अंसारी, शहीद रजा, जमाउद्दीन, समीम अंसारी, इकबालआदि शामिल थे।

# राज्यपाल से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने की मुलाकात



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रविवार को गवर्नर हाउस में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक मो अरशद खान ने शिष्टाचार मुलाकात की और झारखंड के मुद्दों पर बात चीत की। झारखंड के पांच दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में कालीन का काम नहीं होता हैं। कालीन का काम कोई भी आदमी 3 महीने में सीख सकता है। पूरे हिंदुस्तान में कालीन के चार सेंटर हैं। जम्मू कश्मीर, जयपुर, भदोही और शाहजहांपुर। झारखंड के एक जिला की पूरी आबादी को कालीन में टेक्निकल हैंड बनाकर कारोबार डेवलप कर दिया जाए तो गरीब से गरीब परिवार की 2 से 3 साल में 50 से 60 हजार रुपया आमदनी हो जाएगी। इसी तरह हिंदुस्तान में चूड़ी का उद्योग उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में बनती है। एक अकेला फिरोजाबाद हिंदुस्तान की 70 करोड़ महिलाओं के लिए चूड़ी नहीं बना सकता। झारखंड के एक जिला को चूड़ी में टेक्निकल हैंड बनाकर काम दिया जाए तो इससे जिला में खुशहाली आ जाएगी। राज्यपाल ने सारी बातों को सुना और कहां के आपकी राय सही है। हमसे जहां तक होगा हम हर संभव मदद करने को तैयार हैं। इस मौके पर मोहम्मद अरशद खान, नियाज खान, अशफाक अंसारी, राकेश सिन्हा, मोहम्मद आलम आदि थे।

## खबर एक नजर में

### मइंया सम्मान नहीं, महिला अपमान योजना : सुदेश



**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार ने मइंया सम्मान योजना को महिला अपमान योजना बना दिया है। विधानसभा चुनाव के वक्त वोट बटोरने के लिए 56.61 लाख महिलाओं को मइंया सम्मान योजना के तहत ढाई हजार रुपया दे दिया गया था, लेकिन अब दस्तावेज और नियमों का हवाला देकर पांच लाख महिलाओं का नाम काटा जा रहा है। इससे मातृशक्ति अपमानित महसूस कर रही है। इन महिलाओं के साथ अन्याय क्यों किया जा रहा है? पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की उत्तर छोटानागपुर प्रमंडलीय बैठक को संबोधित करते हुए श्री महतो ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि हेमंत सरकार की बेईमानी का पदार्फाश जमीनी स्तर पर करें। बैठक में सुदेश महतो ने ग्राम स्तर पर मातृ शक्ति को पार्टी से जोड़ने और जागरुक करने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में आजसू की अहम भूमिका रही है। पंचायत चुनाव में पचास प्रतिशत महिला भागीदारी तथा स्वयं सहायता समूह के गठन के लिए आजसू ने सरकार में रहकर क्रांतिकारी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया। बैठक को विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, प्रवीण प्रभाकर, संतोष महतो, विजय साहू, बोकारो जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, जिप सदस्य खुशबू कुमारी, यशोदा देवी, संगीता बारला आदि ने संबोधित किया।

### प्रदेश कांग्रेस कंट्रोल रूम के प्रभारी एवं सदस्यों

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस कंट्रोल रूम के प्रभारी एवं सदस्यों के साथ आवश्यक बैठक हुई। बैठक में सूर्यकांत शुक्ला, सतीशपाल मुंजनी, किशोर नाथ शाहदेव, डॉ एम तौसीफ, जितेंद्र त्रिवेदी, अख्तर अली एवं हिमांशु शेखर, प्रशांत पाण्डेय उपस्थित थे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस द्वारा 26 मई को सरना धर्म कोड को लेकर राजभवन के समक्ष आहुत धरना कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए योजना तैयार की गई एवं कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। बैठक में कहा गया कि राज भवन धरना के प›ात अपरा? 3:00 बजे बिहार क्लब कचहरी चौक रांची में जिलाध्यक्षों एवं शहरी निकायों के पर्यवेक्षकों की एक अत्याआवश्यक बैठक आयोजित की गई है जिस में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू उपस्थित रहेंगे।बैठक की जानकारी देते हुए सतीश पौल मुजनी ने बताया कि बैठक में 26 मई को होने वाले सरना धर्म कोड को लेकर धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 22 मई को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में वरिष्ठ महिला नेत्रियों की बैठक बुलाई गई है तत्प›ात एक बजे से प्रदेश कार्यालय में ही आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्षों के साथ भी बैठक होगी।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

# मोरहाबादी स्टेज को ध्वस्त करने का कारण बतायें सरकार : प्रतुल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि आखिर हेमंत सरकार ने करोड़ों रुपये की लागत से ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में बने स्टेज को क्यों ध्वस्त करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि इस स्टेज का उपयोग न सिर्फ 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर और 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस के अवसर पर किया जाता था।बल्कि यह अनेक ऐतिहासिक घटनाओं और रैलियां का साक्षी भी रहा है। खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसी स्टेज से दो बार शपथ भी लिया है। उन्होंने कहा कि इस स्टेज से स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति दिया करते थे। उन्होंने कहा कि इस बहुउद्देशीय स्टेज को ध्वस्त करने के पीछे हेमंत सरकार द्वारा कोई ठोस कारण नहीं बताना यह स्पष्ट करता है कि यह पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की धरोहरों को मिटाने में लगी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को स्पष्ट करना चाहिये कि आखिर इस स्टेज को ध्वस्त करने के पीछे किन संगठनों ने मांग उठाई थी।जब इस स्टेज का इतने अच्छे से उपयोग हो रहा था तो फिर ध्वस्त करने के पीछे का कारण क्या था। उन्होंने कहा कि यह आ›र्य की बात है कि हेमंत सोरेन सरकार साढे 5 वर्षों से लगातार सत्ता में थी।उस समय तक स्टेज से कोई परेशानी नहीं थी। फिर अचानक एक दिन इस पूरे स्टेज को ध्वस्त करने का कार्य कैसे प्रारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार के अलग-अलग विभाग फंड की कमी का रोना रोते हैं।

# सत्ता की भूख में बौखलाए चंपई की सियासत अब झूठ के सहारे : सतीश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी ने कहा है कि भाजपा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन मीडिया में सुर्खिया में बटोड़ने के लिए अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। रविवार को मीडिया से उनका संवाद हताशा में दी गई एक घिसी-पिटी पटकथा थी, जिसमें न झारखंड का भविष्य था, न जनहित की चिंता थी। उन्होंने कहा कि सत्ता की भूख में बौखलाये चंपई सोरेन की सियासत अब झूठ और जहर पर टिकी हुई है। सत्ता से बाहर होते ही भाजपा नेता झूठ, अफवाह और भय की राजनीति पर उतर आए हैं। आज जिस तरह आदिवासी महिला से छेड़खानी के एक गंभीर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का प्रयास हुआ और तथाकथित बांग्लादेशी घुसपैठियों की मनगढ़ंत कहानियां सुनाई गईं, वह केवल लोगों को गुमराह करने और मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है।

सतीश पॉल मुजनी ने कहा कि आदिवासी महिलाओं की सुरक्षा पर भाजपा की दोहरी नीति है। भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जब दिल्ली और मणिपुर में आदिवासी महिला के साथ बलात्कार होता है, तब उनके नेताओं की जुबान क्यों सिल जाती है? झारखंड में महिलाओं के हक की बात करने से पहले भाजपा को अपने कर्मों का आईना देखना चाहिए। चंपाई सोरेन को यह भी बताना चाहिए 2021 से 2024 के बीच अनुसूचित जातियों की 47,000 से ज्यादा शिकायतें राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) में दर्ज की गई हैं, ये सभी शिकायतें भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की निगरानी में हैं। इस पर बीजेपी नेता कुछ नहीं बोलते।

सतीश पॉल मुजनी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों की झूठी कहानी सुनाकर भाजपा फिर से वही पुराना साम्प्रदायिक स्क्रिप्ट दोहरा रही है। उन्होंने कहा कि चम्पई सोरेन जब मुख्यमंत्री थे, तब उनको बांग्लादेश घुसपैठी और धर्म परिवर्तन की बात याद नहीं आती थी और उस समय भाजपा को पानी पी-पी कर कोसते थे, जब से भाजपा का दामन थामे हैं, तब से आलाकमान को खुश करने के लिए इस तरह की बयानबाजी करते रहते हैं। सतीश पॉल मुजनी ने कहा कि भाजपा बार-बार तथाकथित बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात कर राज्य के शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने की साजिश कर रही है। यह वही पार्टी है जिसने एनआरसी और सीएए के नाम पर देश भर में सांप्रदायिक तनाव फैलाया। झारखंड की भूमि पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं चलेगी। भाजपा नेता आदिवासी महिलाओं की आड़ में राजनीति बंद करें। पूर्व मुख्यमंत्री को चाहिए कि वे राज्य के विकास, किसानों, युवाओं और रोजगार जैसे असल मुद्दों पर बात करें, न कि झूठ और नफरत की राजनीति पर।

# आदिवासियों से जुड़े मुद्दों पर गूंगी-बहरी हो जाती है झारखंड सरकार :चंपई

### महिला सुरक्षा के मुद्दे पर झारखंड सरकार पर बरसे सोरेन

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स बनाने पर जाहिर की खुशी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार पर पुरजोर हमला बोला। कानून-व्यवस्था एवं महिला सुरक्षा के मुद्दे पर राज्य सरकार को पूरी तरह से विफल बताते हुए उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने आदिवासी अस्मिता एवं अस्तित्व की लड़ाई में स्पेशल टास्क फोर्स बनाकर बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहंगिया की पहचान कर उन्हें होल्डिंग सेंटर भेजने का निर्देश राज्य सरकार को देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों एवं रोहंगिया की पहचान के लिए राज्य सरकार को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया है, जिसके तहत हर जिले में इन अवैध घुसपैठियों की पहचान के लिए स्पेशल टास्क फोर्स बनाई जाएगी। इस से घुसपैठियों को पहचानना तथा उन्हें डिपोर्ट करना आसान होगा। राज्य सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि पिछली बार जब हाई कोर्ट ने इन घुसपैठियों की पहचान को कमिटी बनाने का आदेश दिया था, तो झारखंड सरकार उसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई थी। इस बार उनके पास ऐसा कोई विकल्प नहीं है, तो उम्मीद है कि इस राज्य के आदिवासियों-मूलवासियों का हक मार रहे, इन लाखों घुसपैठियों को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू होगी।

**रेपिस्ट को इनाम देने से अपराधियों का मनोबल बढ़ेगा, महिलाओं पर खतरा बढ़ेगा :** महिला सुरक्षा के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरते हुए उन्होंने पूछा कि क्या वोट बैंक के लिए सरकार रेपिस्ट को इनाम देगी? बोकारो की एक बहुचर्चित घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा का अधिकार हर किसी को है और ऐसे अपराधियों से किसी को भी सहानुभूति नहीं होनी चाहिए। लेकिन झारखंड के एक मंत्री ने जिस प्रकार उस रेपिस्ट को विक्टिम साबित करने की



कोशिश करते हुए उसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से 1 लाख, मुख्यमंत्री की ओर से 1 लाख तथा सरकार की सहायता राशि एवं स्वास्थ्य विभाग में नौकरी देने की घोषणा की, वह शर्मनाक है।

**आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने धर्मांतरण के मुद्दे पर ऐतिहासिक फैसला दिया :** पिछले दिनों आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले का जिक्र करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि जो व्यक्ति धर्म बदल कर ईसाई बन जाता है, वह दलित अथवा आदिवासी नहीं रह जाता है। हाई कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि ईसाई धर्म जाति व्यवस्था को मान्यता नहीं देता है, इसलिए धर्म परिवर्तन के साथ ही, आप एससी/एसटी को मिलने वाले अधिकार खो देते हैं। इस से पहले नवंबर 2024 में, अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने भी यही बात कही थी।

**आदिवासी समाज से माफी मांगे कांग्रेस :** अगले हफ्ते कांग्रेस द्वारा सरना धर्म कोड के लिए प्रस्तावित प्रदर्शन पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आदिवासियों के मुद्दे पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। अंग्रेजों के समय से चले आ रहे आदिवासी धर्म कोड को इसी कांग्रेस ने 1961 की जनगणना में हटा दिया था। आदिवासी समाज की पहचान छीनने के लिए और कई बार आंदोलन कर रहे आदिवासियों पर गोली चलवाने के लिए राहुल गांधी एवं मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को देश भर के आदिवासी समाज से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अगर भाजपा के नेतृत्व वाली अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार सत्ता में नहीं आती तो झारखंड राज्य नहीं बना होता। संथाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भी भाजपा की सरकार ने ही किया था।

### ईसाई बनने के बाद यहां लोग आदिवासी समाज को मिल रहे आरक्षण में कैसे अतिक्रमण कर रहे हैं?

आदिवासियों की पहचान उनकी विशिष्ट संस्कृति, परंपराओं, भाषा, और जीवनशैली में निहित है। हम पेड़ के नीचे बैठ कर पूजा करने वाले लोग हैं। जन्म से लेकर मृत्यु तक, हमारे जीवन के सभी संस्कारों को पाहन, पड़हा राजा, मानकी मुंडा एवं मांझी परगना पूरा करवाते हैं, जबकि धर्म परिवर्तन के बाद वे लोग इसके लिए चर्च में जाते हैं। जिस किसी ने भी धर्म परिवर्तन कर लिया अथवा आदिवासी जीवनशैली का त्याग कर दिया, उनसे हमें कोई दिक्कत नहीं है। आप जहाँ हैं, आराम से रहिए, लेकिन उन्हें भारतीय संविधान द्वारा आदिवासी समाज को दिए गए आरक्षण के अधिकार में अतिक्रमण करने का कोई अधिकार नहीं है।

स्पीड न्यूज



## चांडिल: कार-बाइक की टक्कर में एक की मौत

**चांडिल।** रविवार को चांडिल थाना क्षेत्र के एनएच 32 चांडिल दो नंबर रेलवे फाटक के पास कार और बाइक में टक्कर हो गई। कार संख्या जेएच 01 एफभी 3101 ने जमशेदपुर से चांडिल की और आ रही बाइक संख्या जेएच 09 एएम 5553 को टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक सवार बोकारो के गलगलटंड निवासी 40 वर्षीय राम शंकर पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए। जेएलकेएम के फुलचांद महतो अपने साथियों के साथ घायल को एंबुलेंस से इलाज के लिए टाटा मेन अस्पताल भिजवाया। चांडिल थाना प्रभारी दिलशान बिरुआ ने बताया टीएमएच में इलाज के दौरान घायल रामशंकर पांडेय की मौत हो गई।

## चेक बाउंस के मामले में एक साल की कैद


**गम्हरिया।** चेक बाउंस के मामले में एक माह में रकम वापस नहीं करने पर मानगो थाना के डिमना रोड स्थित जगदीश पैलेस निवासी सह जुस्को वाटर वर्क्स सेफ्टी डिपार्टमेंट के कर्मचारी अजय किशोर सिन्हा को एक साल की सजा का आदेश जमशेदपुर के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रिचेस कुमार की अदालत ने दिया है। बताया गया कि आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के धीराजगंज पंचवटी मंदिर निवासी विमल चंद्र पांडेय ने अजय सिन्हा को दोस्ताना कर्ज के रूप में डेढ़ लाख रुपए दिए थे। इस मामले में रुपए नहीं लौटाने पर पांडेय न्यायालय की शरण में गया। न्यायालय की ओर से अजय किशोर सिन्हा को दोस्ताना कर्ज के रूप में लिए डेढ़ लाख एवं बतौर क्षतिपूर्ति 11 हजार कुल एक लाख 61 हजार रुपए एक माह के भीतर वापस करने एवं जुर्माना के तौर पर नजारत में पांच सौ रुपए जमा करने का आदेश दिया है। पांडेय की ओर से अधिवक्ता एसके चावला और हरजीत सिंह थे।

## सावित्री सिन्हा शीर्ष सम्मान से सम्मानित होंगे साहित्यकार गंगा



**जमशेदपुर।** शहर के कवि और साहित्यकार गंगा प्रसाद अरूण को साल 2025 का सावित्री सिन्हा शीर्ष सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। यह सम्मान साहित्यकार गंगा प्रसाद अरूण को उनके द्वारा भोजपुरी साहित्य में विशिष्ट सेवा करने हेतु प्रदान किया जायेगा उत्तरप्रदेश की जीवनोदय शिक्षा समिति,गाजीपुर के अध्यक्ष प्रोफेसर रामनारायण तिवारी ने इसकी घोषणा की है। यह सम्मान साहित्यकार गंगा प्रसाद अरूण को इस साल 23-24 अगस्त 2025 को लंका मैदान, गाजीपुर, उत्तरप्रदेश के प्रांगण में आयोजित होने वाले वार्षिक समारोह में जीवनोदय शिक्षा समिति द्वारा प्रदान किया जायेगा। ज्ञात हो कि जीवनोदय शिक्षा समिति, गाजीपुर द्वारा इस वर्ष से ही सावित्री सिन्हा शीर्ष सम्मान प्रदान करने की शुरुआत की जा रही है जो साहित्य के क्षेत्र में उत्ष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जायेगा।

## वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी ने सब्जी विक्रेताओं में बांटा छाता और चप्पल



**जमशेदपुर।** शहर में प्रचंड गर्मी और चिलचिलाती धूप में दूर गाँव से आकर साकची रामलीला मैदान के सामने और मानगो, डिमना की सड़को पर रोड किनारे घंटो बैठकर सब्जी बेचने वाले बुजुर्गों के बीच आज सामाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के द्वारा रविवार की दोपहर उन्हें कड़ी धूप और लू से राहत देने के उद्देश्य से छाता व चप्पल का वितरण किया गया। सैकड़ो बुजुर्ग ने छाता पाकर कड़ी धूप से राहत की सांस ली और टीम के युवाओं का धन्यवाद किया।

# महिलाओं ने निकाली सिंदूर यात्रा, नारी सम्मान और सैनिकों के पराक्रम का जयघोष

- हाथों में सिंदूर कलश लेकर विधायक पूर्णिमा साहू ने की यात्रा की अगुवाई
- सिंदूर लगाकर नारी शक्ति ने एकजुटता का दिया संदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंदूर हर भारतीय नारी के सम्मान, संस्ति और सुहाग की प्रतीक है। जब पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने पहलगाम में देश की बहनों के सिंदूर को मिटाने का दुस्साहस किया, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प में देश की सेना ने 'अपरेशन सिंदूर' के माध्यम से आतंकियों को उनके ही घर में घुसकर मिट्टी में मिलाया और पूरी दुनिया को भारत की सैन्य शक्ति का परिचय दिया। सेना की इसी वीरता का उद्घोष करने, बहनों के सिंदूर का सम्मान पुनः स्थापित करने तथा आतंकी घटना के पीड़ित बहनों को संबल देने के उद्देश्य से जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू के नेतृत्व में रविवार को सिंदूर यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की हजारों माताओं-बहनों ने हाथों में सिंदूर और तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस यात्रा में विधायक पूर्णिमा साहू ने भी भाग लिया और मिट्टी के कलश सिंदूर लेकर यात्रा की अगुवाई की। सिंदूर यात्रा गोलमुरी जगर्स पार्क से प्रारंभ होकर गोलमुरी चौक, श्रीहनुमान मंदिर चौक, फूड प्लाजा के रास्ते गोलमुरी पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर समाप्त हुई।

शहीद स्मारक पर विधायक पूर्णिमा साहू समेत अन्य महिलाओं ने शहीद वीर सपूतों के बलिदान को स्मरण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। यात्रा में देशभक्ति गीतों के संग सैनिकों की वीरता और देशभक्ति को समर्पित नारों के साथ पाकिस्तान के खिलाफ नारे गुंजायमान रहे। वहीं, महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर संदेश दिया कि नारी शक्ति देश की सुरक्षा और गरिमा के लिए हमेशा सजग और एकजुट हैं।



सिंदूर यात्रा में शामिल विधायक पूर्णिमा साहू दास व अन्य महिलाएं।

इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने 'अपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। कहा कि 'अपरेशन सिंदूर' के सम्मान में मातृशक्ति की ओर से सिंदूर यात्रा निकाली गई है। इस यात्रा का उद्देश्य हमारे सुहाग की रक्षा करनेवाले जांबाज सैनिकों के प्रति आभार प्रकट करना है। कहा कि हम चाहते हैं कि वीर जवानों के माथे पर सिंदूर का तिलक लगाएं और देश की रक्षा और उनके संघर्ष के लिए उनका शुक्रिया अदा करें। उन्होंने कहा कि सिंदूर को मिटाने का अंजाम क्या हो सकता है उसे पाकिस्तान और उसके पालतू आतंकियों ने देखा। बहनों की सिंदूर को मिटाने की कोशिश करने वालों को हमारे सैनिकों ने दिखा दिया कि सिंदूर की रक्षा करने के लिए भारत किस हद तक जा सकता है। सिंदूर यात्रा में हजारों माताओं-बहनों ने संदेश दिया कि वे सेना और आतंकी हमले की पीड़ित बहनों के साथ खड़ी हैं। पूर्णिमा साहू ने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो इस देश की नारियां भी घरों से निकलकर हाथों में शस्त्र उठाकर देश की रक्षा के लिए आगे आने से पीछे नहीं हटेगी।

यात्रा में राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कल्याणी शरण, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलू मछुआ, सुधा यादव, उर्मिला दास, बिमला साहू, संजना साहू, रूपा देवी, शीलू साहू, मधु तांती, रूबी झा, रेणु शर्मा, लकी सिंह राजपूत, रीना चौधरी, कैलाशपति मिश्रा, मीनू देवी, मीरा साहू, सोनिया साहू, सरस्वती साहू, दशमी पूर्ति, मिस्टू सोना, मीणा सिन्हा, ममता भूमिज, लक्की कौर, रानी ठाकुर, मिली सिंह, लीना चौधरी, मीरा झा, पद्मा देवी, भारती देवी, गौरी कर, प्रेमलता प्रसाद, सोमना राय, मुनमुन भट्टाचार्य, दुर्गा सेनापति, आरती ओझा, संजुला देवी, सिन्नी सोय, सुकुरमुनि हेम्ब्रम, सीता हेम्ब्रम, कपुरा होनादा, कर्पुरा सुंडी, रीना मुखी, पूनम मुखी, बबिता मुखी, सीमा मुखी समेत हजारों महिलाएं मौजूद रही।

# सांसद विद्युतबरण महतो को तीसरी बार मिलेगा संसद रत्न पुरस्कार

- लोकतंत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिलता है यह सम्मान
- जमशेदपुर की जनता को समर्पित है यह पुरस्कार : विद्युतबरण महतो
- देवघर के सांसद निशिकांत दूबे को भी मिलेगा यह पुरस्कार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद बिद्युत बरण महतो को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट और निरंतर योगदान के लिए प्रतिष्ठित संसद रत्न पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जायेगा। यह पुरस्कार उन्हें आगामी जुलाई 2025 के अंतिम सप्ताह में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले संसद रत्न पुरस्कार समारोह के 15 वें संस्करण में प्रदान किया जाएगा। इस आशय की घोषणा आज प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से की गई।

संसद रत्न सम्मान की घोषणा पर सांसद बिद्युत बरण महतो ने खुशी जाहिर की और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा के माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी तथा जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा, यह पुरस्कार न केवल मेरे लिए एक प्रेरणा है, बल्कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारियों की पुष्टि भी है। मैं इसे जमशेदपुर की जनता की जीत मानता हूं, जिन्होंने मुझे सेवा का अवसर दिया। यह पुरस्कार उन्हीं को समर्पित है।

उल्लेखनीय है कि जमशेदपुर से सांसद बिद्युत बरण महतो ने संसद में अपनी निरंतर उपस्थिति, प्रभावी बहसों और जनता से जुड़े मुद्दों को पुरजोर ढंग से उठाने के



सांसद विद्युतबरण महतो।

लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, रेल, कृषि, सिंचाई,माइंस, सड़क एवं हाईवे, एयरपोर्ट,स्वर्णरेखा परियोजना,और झारखंड सहित जमशेदपुर के विकास से जुड़े मुद्दों पर कई बार संसद में जोरदार आवाज उठाई है। उनकी इस निरंतरता और प्रतिबद्धता को संसद रत्न पुरस्कार द्वारा मान्यता देना जमशेदपुर समेत पूरे देश के लिए गर्व की बात है। यह पुरस्कार न केवल बिद्युत बरण महतो की संसदीय उपलब्धियों की पहचान है, बल्कि उन जनप्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणा है, जो लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने में जुटे हैं।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी 16 वीं एवं 17 वीं लोकसभा में भी बिद्युत बरण महतो को संसद रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

गौरतलब है कि संसद रत्न पुरस्कारों की स्थापना 2010 में प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन और ई-मैगजीन 'प्रीसेंस' द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति ड.ए प़ीज़े. अब्दुल कलाम के सुझाव पर की गई थी। डा. कलाम ने ही मई 2010 में चेन्नई में आयोजित पहले समारोह का उद्घाटन किया था। तब से लेकर अब तक 14 संस्करणों में कुल 125 पुरस्कार प्रदान किए जा चुके हैं, जिनमें व्यक्तिगत सांसदों के साथ-साथ संसदीय स्थायी समितियों को भी सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार को देश की नागरिक समाज की ओर से दिया जाता है और यह भारतीय संसदीय प्रणाली में कार्यकुशल, जवाबदेह और सक्रिय जनप्रतिनिधियों की पहचान करता है। संसद रत्न पुरस्कार के लिए नामांकन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री हंसराज गंगाराम अहीर की अध्यक्षता वाली जूरी समिति द्वारा किया जाता है। समिति में पूर्व पुरस्कार विजेता सांसद, सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि और संसदीय मामलों के जानकार शामिल होते हैं।

## तुलसी भवन में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की जयंती व कथा मंजरी आयोजित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलनध्तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में मासिक कथा मंजरी सह आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसी भवन के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका तथा संचालन ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र ने की। जबकि धन्यवाद ज्ञापन साहित्य समिति के उपाध्यक्ष अशोक पाठक स्नेही ने किया। दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की शुरुआत हुई। सरस्वती वंदना नीलाम्बर चौधरी ने प्रस्तुत किया। स्वागत वक्तव्य तुलसी भवन के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने दिया। तदुपरांत द्विवेदी जी का संक्षिप्त साहित्यिक जीवन परिचय कैलाश नाथ शर्मा ने प्रस्तुत किया ।

## पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा 2025 संपन्न, 836 छात्र रहे अनुपस्थित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पॉलिटेक्निक्र प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2025 का आयोजन 18 मई 2025 (रविवार) को सफलतापूर्वक किया गया। पूर्वी सिंहभूम जिला में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे । इस परीक्षा में 7507 परीक्षार्थी शामिल होने थे किन्तु 836 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे यानी कुल 6671 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। सबसे ज्यादा 121 छात्र-छात्राएं ग्रेजूएट कॉलेज फॉर वीमेंस में अनुपस्थित रहे। परीक्षा 10:30 बजे पूर्वाह्न से 1 बजे अपराह्न तक सीसीटीवी की निगरानी में ली गई। वहीं परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थित दर्ज की गई ।इलेक्ट्रनिक उपकरणों या गजेट्स यथा मोबाईल, कैलकुलेटर, डिजिटल डायरी, पेजर, लग टेबल, स्मार्ट वच इत्यादि का प्रयोग वर्जित रहे। इसके लिए छात्र-छात्राओं की कड़ाई से जांच की गई।

### ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने लगाया सेवा शिविर



**जमशेदपुर।** पलिटेक्निक्र प्रवेश परीक्षा 2025 में शामिल होने आए सैकड़ों छात्रों और उनके अभिभावकों की सहायता के लिए ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से करीम सिटी कॉलेज और जेकेएस कलेज परीक्षा केंद्र,मानगो के पास एक हेल्प डेस्क और सेवा शिविर लगाया गया। परीक्षा देने के लिए दूर-दराज से आए कई छात्र परीक्षा केंद्र का पता ठीक से न जानने के कारण रास्ता भटक गए थे। ऐसे में ट्रस्ट की ओर से बाइक टैक्सी सेवा शुरू की गई, जिससे इन छात्रों को सुरक्षित और समय पर उनके सही परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया गया।

## महिला छऊ नृत्यांगनाओं की भंगिमा व कौशल देख बाग-बाग हुए दर्शक

■ सोनारी में छऊ नृत्य महोत्सव संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पुराना सोनारी विकास समिति की ओर से समिति के मैदान (कारमेल स्कूल के पीछे) में भव्य छऊ नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें पुरुलिया (प. बंगाल) के बांदवान की महिला टीम तथा सरायकेला के नीमडीह की टीम (कुल दो) के कलाकारों ने पूरी रात छऊ की सतरंगी छटा बिखेरी। कलाकारों ने धार्मिक थीम पर नृत्य पेश कर वाहवाही बटोरी. सामाजिक जीवन पर आधारित नृत्य पेश किया। आयोजन का आनंद लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। गणेश वंदना के साथ नृत्य की शुरुआत हुई। इसके बाद मां दुर्गा की महिषासुर वध, भगवान श्रीष्ण व राधा रानी के प्रेम, श्रीष्ण बाल लीला पर आधारित कई नृत्य आदि प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छऊ नृत्य का आकर्षण पश्चिम बंगाल के पुरुलिया बंदवान की महिला छऊनृत्य टीम (उस्ताद संजय छऊ नाच) व सरायकेला खरसावां के नीमडीह की छऊ नृत्य टीम (उस्ताद चंडीचरण महतो) की प्रस्तुति रही।



महोत्सव का उद्घाटन के अवसर पर मौजूद मंत्री रामदास सोरेन, सांसद विद्युतबरण महतो व अन्य।

## वक्त के पार : एक जीवन और संघर्ष की प्रेरणादायक गाथा है

■ कुमारी छाया के समर्पण व संघर्ष की यात्रा पर आधारित नयी पुस्तक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर शहर की लेखिका दिवंगत कुमारी छाया की जीवन यात्रा अब एक किताब वक्त के पार के रूप में आपके सामने है। मृत्यु के सन्नाटे में शब्दों की ज्योति जलाने वाली कुमारी छाया की अधूरी किताब जो स्मृतियों साथ पूर्ण हुई। कभी-कभी एक व्यक्तित्व अपने जीवनकाल से परे भी जीता है - विचारों में, शब्दों में और यादों की उस अदृश्य रेखा में जो दिलों को जोड़ती है। यह किताब उसी रेखा की खोज है। पुस्तक का प्रकाशन नोशन प्रेस ने किया है। यह पुस्तक अनलाइन सेलिंग प्लेटफार्म अमेजन और फ्लिपकार्ट पर भी उपलब्ध है।




# पी एंड एम मॉल हाइटेक सिटी सेंटर में खुला रेडिसन होटल

- झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया उद्घाटन
- अत्याधुनिक सुविधाओं का रेडिसन होटल में बेहतर संगम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में लोकप्रिय बिष्टुपुर स्थित पी एंड एम मॉल हाईटेक सिटी सेंटर में रेडिसन होटल खुला, जिसका रविवार को उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने फीता काट कर व दीप प्रज्ज्वतिल कर किया। समारोह में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सरयू राय, विधायक संजीव सरदार, पी एंड एम मल के प्रबंध निदेशक प्रकाश झा व राजकुमार अग्रवाल, रेडिसन ग्रुप में प्रबंध निदेशक निखिल शर्मा व पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी समेत शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। अत्याधुनिक सुविधाओं का बेहतर संगम रेडिसन होटल शहर के लोगों की सेवा केलिए 19 मई से शुरू हो जायेगा। रविवार होटल रेडिसन के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी के नाम से भी जाना जाता है. यह शहर समृद्धि से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समृद्धि शब्द के मायने होते हैं. समृद्धि में समृद्ध होना, हर विधा में परिपूर्ण रहना समृद्धि रहना है। उन्होंने कहा कि अगर प्रकाश झा, आर के अग्रवाल, रेडिसन ग्रुप के प्रबंध निदेशक निखिल शर्मा ने हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में अगर जमशेदपुर में नए आयाम को देखा है इसके लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं। झारखंड को आपके ऐसे ही तवज्जो की जरूरत है। नागरिक सुविधाओं में बेहतरीन, विश्वस्तरीय सुविधाओं का निर्माण यह हरेक सरकार सपना होता है. मेरा भी सपना है।

उन्होंने कहा कि झारखंड का जंगल, झारखंड का परिनक्षत्र झाड़ का हमारे विभूति के रूप में इस्तेमाल हो.ये जंगल हमारे सौंदर्य का एक परिचायक है लेकिन इस खूबसूरत जंगल के बीच बेहतरीन एमीनिटीज को डेवलप करने की जरूरत थी जिसे यहां आपने आकर बढ़ाया। इसके लिए आपका आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में संभावनाएं अपार है। पहला पड़ाव जमशेदपुर को पार किया है।



उद्घाटन करते मंत्री सुदिव्य कुमार। साथ में सबसे बायें राजकुमार अग्रवाल, प्रकाश झा, दीपक प्रकाश, विधायक सरयू राय, निखिल शर्मा, कुणाल व संजीव सरदार।

## एक नजर में

### नुक्कड़ नाटक के जरिए गीता थिएटर व नागरिक सुरक्षा जमशेदपुर ने सीपीआर की दी जानकारी



**जमशेदपुर।** रविवार को उपायुक्त कार्यालय एवं जमशेदपुर प्रेस क्लब के सामने शहर की नाट्य संस्था गीता थिएटर के युवा कलाकारों ने नशा मुक्ति अभियान जन जागरूकता के तहत नशा करें नाश नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जिसमें दर्शाया गया कि कैसे आज के युवा नशा के कारण ना चाहते हुए भी असमाजिक एवं अपराधी गतिविधि में शामिल हो जाते हैं उनका शरीर समय से पहले ही वृद्धावस्था में चला जाता है। वहीं दूसरे दृश्य में नाट्य ढंग से आपातकालीन स्थिति में मरते हुए व्यक्ति को हम कैसे सीपीआर देकर कुछ देर तक जीवित रख सकते हैं कैसे- क्या करना चाहिए उन सभी जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित नागरिक सुरक्षा जमशेदपुर चीफ वार्डन दयाशंकर मिश्र ने दर्शकों को सम्बोधित करते कहा कि पिछले दिनों देश में जो भी बीता वैसी स्थिति देश में अब कभी भी बन सकती है जिसके लिए देश के युवाओं को तैयार रहना होगा। वहीं गीता थिएटर के सचिव सह नागरिक सुरक्षा जमशेदपुर के सक्रिय स्वयंसेवक प्रेम दीक्षित ने बताया कि हम अपने माध्यम से शहर के युवा कलाकारों तथा रोटरेक्ट क्लब, लायंस क्लब तथा रबिन हूड आर्मी जैसे युवा के टीम को नागरिक सुरक्षा जमशेदपुर से जोड़कर उन्हें नागरिक सुरक्षा का स्वयंसेवक सदस्यता ग्रहण करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्दी ही हम नाट्य दल एवं प्रशिक्षण दल ग्रामीण इलाकों में जाकर वहां के नागरिकों को वज्रपात (आकाशीय बिजली) जैसी आपदा के बारे जानकारी देकर जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में गीता थिएटर, नागरिक सुरक्षा जमशेदपुर स्वयंसेवी, रबिन हुड आर्मी, लियो क्लब अफ जमशेदपुर के वलिंटियर एवं हिन्द आईटीआई के युवा छात्र सम्मिलित हुए।

### शहर के खिलाड़ियों को फिटनेस का पाठ पढ़ायेंगे फिजियोथेरेपिस्ट



**जमशेदपुर।** खेल के क्षेत्र में भविष्य संवार रहे युवाओं के सामने उनका फिटनेस एक बहुत बड़ी चुनौती बन गयी है। इससे निपटने के लिए खिलाड़ियों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उक्त बातें दिल्ली से आए फिजियोथेरेपिस्ट डा. शांतनु ने कहीं। साकची के एक होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में डा.शांतनु ने कहा कि खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिए उनकी टीम अरविंद चावला के नेतृत्व में देशभर में काम कर रही है। इस टीम में जमशेदपुर के फिजियोथेरेपिस्ट डा. गौतम भारती और डा. हिमांशु शेखर को शामिल किया गया है, जो यहां के खिलाड़ियों को फिटनेस के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें टिप्स भी देंगे। वर्तमान में यह टीम जूनियर फुटबाल लीग, जमशेदपुर में सक्रिय है और युवा खिलाड़ियों को निरंतर फिजियोथेरेपिस्ट और चिकित्सकीय सहायता प्रदान कर रही है। डा. गौतम भारती ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए फिटनेस बहुत महत्वपूर्ण होती है। यह उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने, चोटों से बचने, और खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि फिट खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक सहनशक्ति, शक्ति, गति, और लचीलापन विकसित कर सकते हैं। वहीं, अच्छी फिटनेस चोटों की संभावना को कम कर सकती है, क्योंकि यह मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूत बनाती है। डा.हिमांशु शेखर ने कहा कि फिटनेस से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, जिससे वे खेल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। संवाददाता सम्मेलन में डा. शांतनु, डा. गौतम भारती, डा. हिमांशु शेखर व अरविंद चावला उपस्थित थे।

### जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय में स्नातक अंतिम वर्ष की छात्राओं को दी गयी विदाई



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में दिनांक 17 मई शनिवार को 2022-25 सत्र की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सिद्गोड़ा परिसर स्थित लेक्चर थिएटर हल में हुआ जिसमें सभी छात्राएँ एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी दिखाई । इस अवसर पर विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति महोदया प्रो (डा) अंजिला गुप्ता ने स्नातक अंतिम वर्ष की सभी छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामानाएं दी। विदाई समारोह को स्मरणीय और सजीव बनाने में सीवीसी ड अन्नपूर्णा झा की अतुलनीय भूमिका रही। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग की शिक्षिका ड.शालिनी प्रसाद के स्वागत सम्बोधन से शुरू हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं के लिए कई रोचक फन गेम्स आयोजित किये गये थे। इस में विशेष खिताब से छात्राओं को सम्मानित किया गया स शिवांगी को मिस फेयरवेल, नैन्सी को मिस शो स्टपर एवं जयश्री को मिस दीवा चुना गया।

### वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन का नियमित भुगतान करे सरकार : डॉ दिनेशानंद गोस्वामी



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डक्टर दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि हेमन्त सरकार वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन का नियमित भुगतान करने में बिफल है। वृद्धावस्था पेंशन की राशि पर ही कई बुजुर्गों का जीवन निर्वाह होता है। पेंशन राशि का नियमित भुगतान न होने के कारण गरीब विधवाओं एवं बुजुर्गों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ गोस्वामी ने सरकार से विगत 3 महीनों का बकाया वृद्धावस्था, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन शीघ्र भुगतान करने की मांग की है। डॉ गोस्वामी आज बहरागोड़ा स्थित अपने आवासीय परिसर में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। ड गोस्वामी ने कार्यकर्ताओं से विभिन्न गांवों में खराब पड़े नलकूपों की सूची बनाने का आग्रह किया ताकि शीघ्र ही पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से मिलकर नलकूपों के मरम्मतीकरण का प्रयास किया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### पैक्स चुनाव के लिए पदाधिकारी प्रतिनियुक्त

**पाटन पलामू।** हुसैनाबाद सबानो महुअरी पैक्स की विशेष आमसभा सह चुनाव को लेकर विश्रामपुर सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचन पदाधिकारी व मुख्यालय सहकारिता प्रसार पदाधिकारी आशीषक खलको को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। मतदाता सूची का प्रकाशन 28 मई, मतदाता सूची पर आपत्ति चार जून, आपत्ति का निष्पादन चार जून को होगा। विधिमान्य मतदाता सूची का प्रकाशन चार जून को ही होगा। 20 जून को नामांकन पत्र भरा जायेगी। चुनाव चिह्नों का आवंटन 23 जून को होगा। दो जुलाई को विशेष आमसभा व निर्वाचन होगा। इसी दिन मतगणना व परिणाम की घोषणा की जायेगी।

### शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यों में भी रूचि लेती है आर्ट ऑफ गिविंग : दुर्गा



**मेदिनीनगर।** आर्ट ऑफ गिविंग के अंतरर्राष्ट्रीय दिवस पर स्टेशन परिसर में लोगों को बीच हामी औषधि व बेल का शर्बत पिलाया गया। मौके पर गिविंग के सचिव दुर्गा जौहरी ने कहा कि यह संस्था शिक्षा में जहां एक ओर बच्चों को उत्तम शिक्षा प्रदान करती है वहीं दूसरी ओर सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़ कर रूचि लेती है। साथ ही बच्चों को शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलकूद का भी आयोजन कराती है। स्टेशन प्रबंधक उमेश प्रसाद ने कहा कि संस्था का यह कार्य काफी सराहनीय है। मौके पर वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला, अजीत कुमार, रंजय ठाकुर, जितेंद्र कुमार, मोहित कुमार, राज कुमार जायसवाल, राजेश कुमार, रामाशीष गुप्ता थे।

### विधिक सेवा जागरूकता शिविर लगा



**पाटन पलामू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में विधिक सेवा जागरूकता शिविर लगा। अध्यक्षता पाटन सीओ राकेश श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथि सेशन जज नंबर 8 ऐसा खान उपस्थित थी। बैठक में पाटन प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पीएलभी रविन्द्र कुमार सिंह, आशीष दुबे, बीपीआरओ अहमद अंसारी सहीत प्रखंड एवं अंचल कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में ब्लौक एवं अंचल कर्मियों की संख्या कम थी। कोई भी विभाग का स्टॉल नहीं लगा था जिसे लेकर जज साहिबा ने नाराजगी जताई तथा अनुपस्थित सभी कर्मी की सूची तैयार कर ले गयी। जिप सदस्य ने बेरोजगारी भत्ता नहीं दिये जाने लोगों को मनरेगा में काम नहीं मिलना सहित कई मुद्दों को उठाया।

### भूमि विवाद में ऑटो चालक रंजीत की हत्या, छह पर नामजद प्राथमिकी दर्ज



**मेदिनीनगर।** पलामू में एक ऑटो चालक की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गयी। मृतक रंजीत कुमार मेहता (26) शहर थाना क्षेत्र के निमिया का रहने वाला था। उसके पिता राजन मेहता भी पांच दिनों से घर से गायब हैं। रंजीत का शव घर से करीब नौ किलोमीटर दूर पड़वा थाना क्षेत्र के पाटन मोड़ के पास बटसारा में मिला। अलकतरा फैक्ट्री की ओर जाने वाले रास्ते पर अमानत नदी के किनारे शव पड़ा हुआ था। शव से थोड़ी दूर पर उसका टेंपू लावारिस हालत में खड़ा मिला है। हत्या शनिवार की रात की है। रविवार की सुबह नदी किनारे घूमने जाने वाले ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। शुरूआत में कुछ घंटे उसकी पहचान नहीं हुई थी। सोशल मीडिया पर शव का फोटो डाले जाने के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। मृतक शादीशुदा है और उसके दो छोटे बच्चे हैं। हत्यारों ने रंजीत का मोबाइल फोन भी गायब कर दिया है। पुलिस कॉल डिटेल निकाल कर पता लगा रही है कि मृतक की बातचीत किसके साथ हुई थी। घटना से आक्रोशित लोगों ने सदर थाना क्षेत्र के निमिया में एन एच 75 को लगभग चार घंटे जाम कर दिया। पुलिस के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया। मृतक की भाभी रंजू देवी के अनुसार रंजीत ने रोजगार के लिए लोन पर टेंपू लिया था। शनिवार दोपहर तीन बजे टेंपो लेकर घर से निकला था। प्रतिदिन रात नौ बजे तक वह घर लौट जाता था। लेकिन कल रात घर नहीं आया तो देर रात तक घरवालो ने खोजबीन की। बावजूद जब उसका कुछ पता नहीं चला। आज सुबह सूचना मिली कि रंजीत का ऑटो पाटन मोड़ के पास खड़ा है और उसका शव अमानत नदी के किनारे झाड़ियों में पड़ा है। मृतक की पत्नी नीलम देवी ने कहा है कि यह हत्या जमीन विवाद का नतीजा है। उन्होंने बताया कि पूर्वडीहा गांव के एक व्यक्ति से वर्षो से जमीनी विवाद चल रहा है, जो अक्सर उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देता था। नीलम देवी का कहना है कि उनके पति हत्या उसी व्यक्ति ने अन्य अपराधियों के साथ मिलकर किया है। पड़वा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेजा। तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड में शामिल डॉ संजय कुमार, डॉ बीके सिंह और डॉ अमित विक्रम ने शव का पोस्टमार्टम किया।

**इन पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी :** मृतक रंजीत कुमार मेहता की पत्नी नीलम देवी ने अपने पति की हत्या का मुख्य कारण वर्षों से 12 डिसमिल जमीन के लिए चली आ रही विवाद को बताया हैं। नीलम ने पड़वा थाना में छः लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें पूर्वडीहा के ब्रिज किशोर दुबे, सुदना के अमन सिंह, भोला महतो, रामलाल महतो, तारामणी महतो, लालमणि महतो शामिल हैं।

**जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा :** पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि मृतक की पत्नी के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। जल्द ही सभी अपरधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया में यह घटना पुराना जमीन विवाद से जुड़ा है।

ग्रासिम सीएसआर ने किया वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

# नयी पीढ़ी को बुजुर्गों का मार्गदर्शन ही कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य : हितेंद्र अवस्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर पलामू।** वरिष्ठ नागरिकों को उनके अमूल्य योगदान साझा करने, बदलते परिवेश में उनके मार्गदर्शन एवं वैसे लोगों को एक मंच पर लाकर उनके योगदानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से ग्रासिम सीएसआर ने कंपनी परिसर स्थित सुरभि सभागार में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह किया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास, टेक्निकल हेड हरदीप कोहली, वयोवृद्ध शिक्षक डॉ राजेश्वर पांडेय एवं गणमान्य अतिथियों ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह हमारे लिए बेहद गौरव की बात है। मेरा सौभाग्य है कि आज विभिन्न क्षेत्रों के बहुआयामी प्रतिभा के धनी, समाज में निरंतर सकारात्मक बदलाव के कारक, ज्ञानी लोगों से मिलने का मौका मिला है। इसका उद्देश्य नयी पीढ़ी के लोगों को आपके अनुभवों, प्रेरक प्रसंगों से प्रेरित कर उनका मार्गदर्शन करना, जीवन मूल्यों एवं आदर्शों को बनाये रखना है।



सभी अतिथियों ने ग्रासिम सीएसआर के अनूठे आयोजन एवं पहल के लिए आभार जताया। धन्यवाद ज्ञापन मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास ने किया। मौके पर वरिष्ठ अतिथियों में वरिष्ठ सेवानिवृत शिक्षक डॉ राजेश्वर पांडेय, समाजसेवी ब्रजराज चौबे, सेवानिवृत जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं वर्तमान में प्रकाश आई केयर से क्षेत्र में लोगों को आंखों की रोशनी दिलाने का महान कार्य करने वाले शशिनाथ चौबे, सेवानिवृत्ति शिक्षा पदाधिकारी सत्येंद्र चौबे, कृष्ण मिश्रा उर्फ दाऊ जी, मिथिलेश पांडेय, रामचंद्र दीक्षित, रेहला-गढ़वा के व्यापारी पारस पति पाल, अमृत शुक्ला, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बृज किशोर शुक्ला, सेवानिवृत शिक्षक विजयकांत शुक्ला, सुभाष कौशिक, बृजनंदन तिवारी, नरेंद्र चौबे, मनोज शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला, उदय दुबे, रामनाथ कश्यप, विजय शंकर गुप्ता, अरविंद तिवारी, मुंशी महतो उर्फ कवि आदि थे।

# महागठबंधन सरकार में विशेष समुदाय के अपराधियों का मनोबल बढ़ा: विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

- दुष्कर्म पीड़िता से मिला भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल
- फास्ट्रैक कोर्ट से आरोपी को फांसी दिलाने की मांग

**पांकी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के पाकी के रतनपुर गांव में नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता से मिलने भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल उसके घर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर एवं पूर्व मांडर विधायक गंगोत्री कुजूर, विधायक डॉ शशिभूषण मेहता शामिल थे। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि जब से राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी है तब से एक विशेष समुदाय के अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है। पाकी विधानसभा क्षेत्र में इस तरह के कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है। अभी तक अपराधियों को कड़ी सजा नहीं मिली है इस कारण अपराधियों में भय समाप्त हो गया है।



घटना का जायजा लेने पहुंचा भाजपा का प्रतिनिधिमंडल।

**कार्यक्रम की खास बातें :** विधायक ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी नाबालिग युवती के हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना को काफी गंभीरता से लिया है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल पीड़िता से मिलने उसके घर आई हैं। प्रतिनिधिमंडल यहां से लौटकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर इस मामले को फास्ट्रैक को सौंप कर तत्काल न्याय दिलाते हुए आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग करेंगी ताकि भविष्य में कोई भी अपराधी इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने का हिम्मत नहीं कर सकें। विधायक ने कहा कि अभी तक किसी अपराधी को कड़ी सजा नहीं मिली है इस कारण अपराधियों में पुलिस से भय समाप्त हो गया है। भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजुर ने कहा कि हेमंत सोरेन के राज में लगातार आदिवासी परिवार पर हमला हो रहा है। पाकी के नाबालिग आदिवासी युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना यह साबित कर दिया है कि पाकी सहित पूरे राज्य में अब आदिवासी परिवार के बेटी बहु सुरक्षित नहीं है। हेमंत सोरेन को राज्य के गरीब आदिवासियों के हितों से कोई मतलब नहीं रह गया है। मौके पर भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, साधु मांझी, शंकर गुप्ता, नीलम देवी, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, रिमा शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# टीएसपीसी जोनल कमांडर शशिकांत के दस्ते से मुठभेड़

- मनातू थाना क्षेत्र के बासकटिया जंगल में मौजूद नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे : एसपी रीष्मा रमेसन

गजेंद्र/ सुधीर



**मेदिनीनगर/ मनातू।** पलामू जिला के मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम बसकटिया जंगल में पुलिस एवं प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के साथ शनिवार को अहले सुबह मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में टीएसपीसी के जोनल कमांडर दस लाख का ईनामी शशिकांत के दस्ता के साथ मुठभेड़ हुई थी। इसमें पुलिस को कई नक्सली सामान बरामद हुआ है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने बताया कि महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड के द्वारा नक्सल प्रभावित ईलाकों में लगातार अभियान चलाने का निर्देश प्राप्त है। इस निर्देश के आलोक में पुलिस अधीक्षक अभियान राकेश कुमार सिंह, हुसैनाबाद एसडीपीओ मो याकूब, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक राकेश कुमार यादव, जेजे एसटीएफ नंबर 39 के पुअनि अंकित पांडेय व सशस्त्र बल तथा जेजे एसटीएफ नंबर 24 के पुलिस निरीक्षक जोन मुर्मू, छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, नावा बाजार थाना प्रभारी संजय यादव, पुअनि रंजीत कुमार, अंचित कुमार, सअनि अमलेश कुमार, तकनीकी शाखा व सशस्त्र बल के साथ छापेमारी अभियान के लिए टीम निकली थी। इसी बीच एसपी को गुप्त सूचना मिली कि टीएसपीसी के जोनल कमांडर शशिकांत एवं दस्ता के सदस्य नगीना गौतम, मुखदेव, शंभु सिंह व अन्य नक्सली मनातू थाना क्षेत्र के जसपुर के जंगली क्षेत्र में इकट्ठा होकर किसी घटना को देने की फिराक में हैं।

# मानवता का पाठ पढ़कर सहिष्णुता का सुगंध बिखेरेंगे संत मरियम के बच्चे : राधाकृष्ण किशोर

- संत मरियम आवासीय विद्यालय के बच्चों से वित्त मंत्री ने की बात
- सही करियर का चुनाव कर समाज हित में काम करने के लिए किया प्रेरित

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 'विद्यार्थी और वित्तीय प्रबंधन' विषय को लेकर संत मरियम आवासीय विद्यालय में संस्कारशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, विशिष्ट अतिथि एन. पी. यू. अर्थशास्त्र विभाग से सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ आरके सिन्हा, स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव समेत अन्य अतिथियों ने दीप-प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री किशोर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी राजनेता को सुनने के लिए बच्चे देर रात तक उत्सुकता से जागेंगे, यह मैंने कल्पना भी नहीं की थी। मैं काफी प्रसन्न हूं संत मरियम के बच्चों से मिलकर, जिस तरह से संत मरियम परिवार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से अध्ययन करने आए छात्र-छात्राओं को अपने स्नेह एवं समर्पण के सूत्र में बाँधकर संयम, धैर्य, त्याग व समर्पण के साथ-साथ सदाशयता एवं मानवता का पाठ पढ़ा रही है, वह सराहनीय है। यही बच्चे आने वाले दिनों में पूरे देश भर में सहिष्णुता की सुगंध बिखेरेंगे। आने वाले दिनों में यहाँ के बच्चे अपने हौसलों की पंखुड़ियों से जिले व राज्य को गौरवान्वित करेंगे। श्री किशोर ने बच्चों को वित्तीय प्रबंधन से संबंधित कई महत्वपूर्ण बातें भी बतायी। साथ ही, सही करियर का चुनाव कर समाज हित में काम करने के लिए बच्चों को प्रेरित भी किया। वहीं प्रो डॉ सिन्हा ने वित्तीय प्रबंधन से संबंधित विशेष जानकारी दी। कहा कि विद्यार्थियों के लिए टाइम मैनेजमेंट, स्ट्रेस मैनेजमेंट जैसे विषय महत्वपूर्ण तो हैं ही, लेकिन साथ ही वित्तीय प्रबंधन की जानकारी भी अभी से ही उन्हें सीखनी चाहिए, ताकि आने वाले वक्त में वे अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझकर सकुशल जीवन व्यतीत कर सकें।



कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री।

## विधिक सशक्तिकरण शिविर में कल्याणकारी योजनाओं व कानून की दी गयी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पलामू सिविल जज रशिम चंदेल, प्रखंड प्रमुख रंभा देवी, बीडीओ राजीव कुमार सिंह, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे व नावाडीह ओपी प्रभारी चंदन कुमार ने किया। शिविर में आम लोगों को विधिक सेवा प्राधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। इसके अलावा सरकारी योजनाओं के बारे भी बताया गया। पलामू सिविल जज रश्मि चंदेल ने कहा कि विधिक अधिकारों की पूर्ण जानकारी सभी लोगों के लिये जरूरी है ताकि संविधान द्वारा प्रदत अपने हक और हकूक को समझ सकें। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वासों को दूर करने हेतु जनजागरूकता अभियान ही सबसे कारगर उपाय है।

## पत्नी ने पति को टांगी से मारकर की हत्या, शव को टंकी में छिपाये रखी

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र के केवाल (गरिहारा) में पति- पत्नी की विवाद में पत्नी ने पति को टांगी से मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पत्नी ने अपने पति को सरकारी शौचालय टंकी में तीन दिनों तक छिपाये रखा। घटना की जानकारी मिलने पर पांकी पुलिस ने पहुंच कर शव को कब्जे में कर लिया। घटना गुरुवार की बतायी जा रही है। साक्ष्य छिपाने को लेकर शौचालय के सोख्ता गड्ढे में शव को दफनाया। बताया गया कि मृतक बुधन उरांव व उसकी पत्नी ललिता देवी के बीच तीन दिन पूर्व गुरुवार की रात्रि मारपीट हुई। इसमें पत्नी की पिटाई कर कई जगह दांतों से काटा। बचाव के दौरान महिला ने पति को ढकेल दिया। इससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसी बीच टांगी से प्रहार कर जान ले ली। शव को छिपाने के लिए शौचालय के बने सोख्ता गड्ढे में शव को दफना दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पांकी थाना पुलिस वहां पहुंचकर क्षत विक्षत शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया।

### जलमीनार खराब होने से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट



**हैदरनगर पलामू।** हैदरनगर थाना के पूर्वी पंचायत गंज टोला पर एक वर्ष तथा नोनिया टोला में तीन वर्ष से जल मीनार खराब है। दोनों जगह गरीब परिवार के लोग रहते हैं। जल मीनार खराब होने से ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल संकट व्याप्त है। ग्रामीणों को पानी के लिए आधा किलोमीटर दूर जाकर चापाकल से पानी लाना पड़ता है। वहीं बाजार क्षेत्र के पंप हाउस पानी सप्लाई करने वाला मामूली तकनीकी खराब रहने से बंद हैं। नोनिया टोला के राज चौहान ने बताया कि ग्रामीणों ने जलमिनार को ठीक कराने के लिए पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह से कई बार आग्रह किया गया मगर आज तक जल मीनार चालू नहीं हो सका। ग्रामीणों को बगल गांव खरडीहा से चापनाल से पानी ढोना पड़ता है। मुखिया संतोष सिंह ने बताया कि वे अपने स्तर से जलमीनार ठीक करायेंगे। इससे जल्द पानी संकट दूर होगा।

### पानी लेने गयी छात्रा की कुआं में गिरने से मौत

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाने के केतात में कुंआ में गिरने से सपना कुमारी (15) की मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया है। थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि मृतका कुंआ पर मवेशी को पिलाने के लिए पानी लेने गयी थी। कुआं से पानी निकालने में उसका पैर फिसल गया, जिससे वह कुंआ में गिर गयी। जानकारी मिलने के बाद गांव के लोग ने उसे कुएं से निकला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### पूर्व मंत्री के नेतृत्व में चलेगा राष्ट्रीय एकता अभियान



**मेदिनीनगर।** संपूर्ण भारत सुरक्षा मंच के तहत देश भर के सभी राज्य व जिलों में चलाया जायेगा। मगध कालीन भारत का सपना लेकर आगे बढ़ रहे मगध फाउंडेशन के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा है कि उनके राजनीति में होने की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा और एकता के अभियान में रुकावट आने की स्थिति में वह देश हित के लिए राजनीति भी छोड़ सकते हैं। गौरतलब है कि श्री त्रिपाठी झारखंड के कांग्रेस के बड़े नेताओं में शुमार किए जाते है और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व पर भी उनकी ठीक ठाक पकड़ है। श्री त्रिपाठी ने भारत और पाक की हालिया लड़ाई के दौरान की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि देश में विदेश नीति, व्यापार नीति और सुरक्षा नीति की समीक्षा की जानी चाहिए। भारत कभी भी चीन जैसे देशों के गैरजरूरी सामान का बाजार नहीं बन सकता।

## कपड़ा लोड ट्रक से भारी मात्रा में शराब बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

- कपड़ा लोड ट्रक को राज्य कर पदाधिकारी ने जब्त कर पुलिस को सौंपी थी



**मेदिनीनगर।** राज्य कर सहायक आयुक्त एवं राज्य कर पदाधिकारी पलामू अंचल के द्वारा 13 मई की रात्रि में छापेमारी कर आरजे 04जीए-5448 ट्रक जिस पर रेडिमेड कपड़ा लोड था उसे जब्त कर टीओपी टू में रखा गया। वहीं पुनः राज्य कर पदाधिकारी के द्वारा 14 मई को वाहन की जांच की गई। जिसमें चालक फरार हो गया। राज्य कर पदाधिकारी द्वारा जांच के बाद 16 मई की रात्रि में उक्त वाहन को मुक्त करने से संबंधित एक पत्र टीओपी टू प्रभारी को दिया गया। जिसमें कहा गया कि ट्रक मालिक ने ऑन लाईन टैक्स जमा कर दिया है।

### 24 घंटे ब्लैक आउट के बाद बिजली बहाल



**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के झरी गांव के समीप शनिवार को आंधी की भेंट चढ़कर गिरे 33 हजार वोल्ट के तार को लेकर मोहम्मदगंज और हैदरनगर का संपूर्ण इलाका अंधकार के आगोश में विगत 24 घंटे तक रहा। विभाग के नेतृत्व में केबल तार के ठेकेदार के सहयोग से बिजली के तार को रविवार दोपहर तक ठीक करने में सफलता हाथ लगी।

## चियांकी स्टेशन पर ओवरब्रीज का अभाव जान जोखिम में डाल लोग पकड़ते हैं ट्रेन

खबर मन्त्र संवाददाता

- स्टेशन के दोनों साइड मालगाड़ी खड़ी रहती है इससे लोगों को होती है परेशानी
- सांसद, विधायक नहीं दे रहे ध्यान : फौजदार सिंह

**मेदिनीनगर।** भारत सरकार द्वारा तेजी से रेलवे स्टेशनो की सौंदर्यीकरण एवं अंडरपास ओवरब्रीज समेत नागरिकों के मुलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखकर कई योजनाएं चलाई जा रही है। धनबाद रेल डिविजन के बरवाडीह-मेदिनीनगर रेलखंड के बीच स्थित चियांकी स्टेशन का भी विस्तारीकरण किया गया है। जिसमें पांच रेल लाईन बनायी गयी है ताकि किसी भी आपात स्थिति से रेल विभाग निपटने में सक्षम साबित हो सके। लेकिन चियांकी रेलवे स्टेशन पर ओवरब्रीज नहीं रहने के कारण लोग काफी परेशान हैं। यहां तक कि इस छोर से दूसरे छोर पर जाने के लिए लोग जान जोखिम में डालकर सवारी ट्रेन को पकड़ते हैं।



# गर्मी में बोरिंग में पानी नहीं रहने से जलमीनार है बंद

राजकुमार सिंह

**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड के ग्राम पंचायत सिलदीली टोला ठेकही वार्ड नंबर 07 में शिव मंदिर चौराहा के पास एक मात्र जलमीनार लगाया गया है, जिससे आस-पास के घरों सहित, मंदिर की पूजा पाठ भी उसी के सहारे होती है, लेकिन इस भीषण गर्मी मे बोर में पानी नही रहने के कारण जलमीनार बंद पड़ा है।

बता दें कि ग्रामीणों के द्वारा मंदिर के लिए पूर्व में हाथ बोरिंग से मात्र 30 फिट बोर किया गया था। जिसमें एक चापाकल लगाया गया था। उसी बोर में पंचायत से जलमिनार लगा दिया गया है मात्र 30 फिट बोरिंग कर के जिससे एक हजार लीटर की टंकी भी नहीं भर पाता है। बस स्टेण्ड और मंदिर चौराहा होने के कारण लोगों की उपस्थिति ज्यादा रहती है। गांव का एकलौता मंदिर होने के कारण गांव में होने वाले शादी विवाह के तिलक बरात भी मंदिर के पास रुक कर ही जाते हैं, यहां रुकने के बाद लोगों को पानी नहीं मिलने के कारण अभद्र टिप्पणी भी मंदिर प्रबंधक को सुनना पड़ता है।

इसकी जानकारी विगत दो वर्षों से सभी जनप्रतिनिधियों सहित बिभाग को दी गयी है, पर किसी ने कोई सुध नहीं ली। यह जलमीनार पांडू कुलिया मुख्य सड़क पर पड़ता है, जहां से होकर ही लोग पंचायत सचिवालय सिलदीली या प्रखंड मुख्यालय पांडू जाते आते हैं। साथ ही राहगीर को पानी नहीं मिलने से जलमीनार की नल, पाइप तोड़ दिया जाता है। इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों एवं आम जन को काफी परेशानी हो रहा है।



बंद पड़ी जलमीनार।

# 11 हजार और 440 वोल्ट बिजली तार के संपर्क में आने से पूरे गांव में आफत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के ग्राम बांसडीह में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण बड़ा हादसा से ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। कल हल्के आंधी तूफान में 11000 हजार का हाई-वोल्टेज तार टूट कर 440 पर गिरने से गांव के सभी मीटर, फ्रीज, वायरिंग खाक हो गया जिससे ग्रामीणों को काफी क्षति हुआ है। वहीं बिजली की चपेट में आने से राकेश ओझा पिता परमानंद ओझा काफी जख्मी हो गया है, जिसका इलाज शहर के सुप्रसिद्ध डॉ राहुल अग्रवाल के अस्पताल से चल रहा है।



दूसरा बागे मो पिता रज्जाक मियां का झटका से हाथ टूट गया और घर का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। दीपक शुक्ला के दुकान में बिजली आग लगने से कुल 40000 की क्षति हुई और बिक्रम महतो के दुकान में आग लगने से कुल 150000 का नुकसान हुआ है दोनों दुकान में वाणिज्यिक मीटर का उपयोग किया जाता था और घरेलू बिजली उपभोक्ताओं में जगन्नाथ शर्मा का कुल 350000 का बताया जा रहा है। घर में बिजली आग होने के चलते सभी जान बचाकर भागने लगे जब बिजली कटी, तब आग पर काबू पाया गया। इसमें बिजली विभाग की घोर लापारवाही देखी गयी।

# सनराइज हॉस्टल में बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार

## संचालक की पिटाई से मध्य रात्रि में भागे बच्चे, कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के सुखबाना मोहल्ले स्थित सनराइज हॉस्टल में मासूम बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार का मामला प्रकाश में आया है।

हॉस्टल में रह रहे 6 से 10 वर्ष की आयु के बच्चों ने आरोप लगाया है कि उन्हें प्रतिदिन शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। 17 मई की रात को जब बच्चों की पिटाई की गई, तो छह बच्चे डर के मारे हॉस्टल की घेराबंदी फांदकर भाग निकले। वे किसी तरह रात्रि करीब एक बजे रंका मोड़ पर पहुंचे। वहां से गुजर रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता मयंक द्विवेदी ने बच्चों की हालत देखकर उन्हें तत्काल सहायता प्रदान की।

उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को सूचित करते हुए पुलिस को सौंप दिया। तत्पष्चात हॉस्टल संचालक अरविंद पुनः बच्चों को हॉस्टल ले गये। सुबह में बच्चों के अभिभावक उन्हें घर ले गये। मयंक ने हॉस्टल संचालक को कड़ी फटकार लगाते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने की चेतावनी दी।


बच्चों के साथ मयंक द्विवेदी

इस घटना ने गढ़वा में बाल संरक्षण और शिक्षा संस्थानों की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि सनराइज हॉस्टल के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में पूछे जाने पर हॉस्टल संचालक अरविंद ने बताया कि बच्चें क्यों भाग रहे थे, यह उन्हें नहीं मालूम है।

इस बात को बच्चे ही बता पायेंगे। जब उन्हें कहा गया कि बच्चों ने हॉस्टल संचालक पर अमानवीय रूप से अत्यधिक पिटाई करने का अरोप लगाया है तब अरविंद ने कहा कि बच्चों को यहां मन नहीं लग रहा था, इसलिए भाग रहे थे। उनकी पिटाई नहीं की गई है।

एक नजर में

## डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चस्पा, पुलिस ने की कार्रवाई तेज


इश्तेहार चिपकाती पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के ग्राम जतरो में दहेज प्रताड़ना और मारपीट के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त राजकुमार रजवार के घर और सार्वजनिक स्थलों पर रविवार को पुलिस ने डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चस्पा किया।

यह कार्रवाई थाना प्रभारी अविनाश राज के नेतृत्व में पुलिस सब-इंस्पेक्टर विद्यासागर प्रसाद व अन्य पुलिस बल के साथ की गई। पुलिस सब-इंस्पेक्टर विद्यासागर प्रसाद ने जानकारी दी कि यह कार्रवाई माननीय जिला न्यायालय, गढ़वा के निदेर्शानुसार थाना कांड संख्या 74/2019 के अंतर्गत की गई है। अभियुक्त राजकुमार रजवार, पिता तिलकधारी रजवार, ग्राम जतरो का निवासी है। उस पर 6 अगस्त 2019 को उसकी पत्नी द्वारा मारपीट एवं दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया गया था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा है। पुलिस द्वारा 8 मार्च 2025 को भी इश्तेहार तामील किया गया था, लेकिन अभियुक्त न्यायालय में अब तक हाजिर नहीं हुआ है।

रविवार को पुलिस ने गांव में डोल-नगाड़ा बजाकर घर के बाहर, मोहल्ले में और सार्वजनिक स्थलों पर इश्तेहार चिपकाया, जिससे ग्रामीणों को सूचित किया जा सके। वहीं, ग्रामीणों ने भी पुष्टि की कि केस दर्ज होने के बाद से राजकुमार का कोई अता-पता नहीं है।

# भोजपुरी लोकगायक प्रेमचंद भूइहर का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर


श्रद्धांजलि देते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**सगमा।** प्रख्यात भोजपुरी लोकगायक और सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमचंद भूइहर का शनिवार शाम निधन हो गया। 68 वर्षीय भूइहर पिछले दो महीनों से पक्षाघात से पीड़ित थे और खरोसता के एक चिकित्सक से उनका इलाज चल रहा था।

शनिवार शाम सात बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार दुसैया गांव के श्मशान घाट पर किया गया। भूइहर बचपन से ही गीत-संगीत में रुचि रखते थे और उन्होंने भोजपुरी संगीत को नई दिशा दी। उनकी सामाजिक और राजनीतिक पकड़ भी मजबूत थी, जिससे वे क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे। उनके शिष्यों में कई स्थानीय कलाकार शामिल हैं जो आज भी उनके मार्गदर्शन को याद करते हैं। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सगमा मंडल के अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा प्रेमचंद भूइहर भाजपा के जांबाज सिपाही थे। उनका असमय जाना पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। भोजपुरी एल्बम कलाकार कृष्णा तेली ने कहा वे हमारे असली गुरु थे। उनके बताए रास्ते पर चलकर हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं। श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा के महामंत्री धर्मजीत यादव, दिनेश शर्मा, उदय राम, बोधन राम, मुखिया पति अशोक राम, लालमुनि प्रजापति, अभय चौबे, निर्जाय कुमार रजक, लोकेंद्र यादव, गायक कलाकार रेवत प्रसाद यादव, सुरेंद्र मेहता, लालमोहन यादव, राम प्रताप यादव, मुन्ना मेहता, मुन्ना राम, उमेश राम सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के अधौरा गांव स्थित एक ईंट भट्टे पर रविवार सुबह दर्दनाक हादसे में डेढ़ वर्षीय करण कुमार की मौत हो गई। मासूम करण पटना जिला के मनेर थाना क्षेत्र के लोदीपुर निवासी राजू राय का पुत्र था। हादसे के बाद से गांव में आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 7:30 बजे ईंट भट्टे पर ट्रैक्टर इंट लोड कर रहा था, इसी दौरान ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से मासूम करण उसके नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के निर्देश पर एसआई संजय मुंडा दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने ट्रैक्टर को जप्त कर लिया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृत बच्चे के शव की पूरी प्रक्रिया पूरी कराई गई। बताया गया कि ट्रैक्टर अधौरा गांव निवासी ललन दुबे के पुत्र नवनीत दुबे का है, जो गांव में स्थित ददन सिंह के हिरा मार्का ईंट भट्टा पर ईंट लोड करने गया था। पुलिस ने कहा है कि चालक की तलाश की जा रही है, और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राएं हुई सम्मानित

# समर कैंप का समापन


छात्र-छात्राओं के साथ अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में चार दिवसीय समर कैंप का भव्य समापन समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। साथ ही, स्कूल में कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन सेल डीजीएम एवं विद्यालय अध्यक्ष एस. यू. मेदा, वरिष्ठ पत्रकार सीताराम पाठक एवं विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्कृत शिक्षक प्रवीण पांडेय ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, वहीं बच्चों ने मधुर स्वागत गीत से सभी का मन मोह लिया। मौके पर मुख्य अतिथि एस. यू. मेदा ने कहा कि डीएवी भवनाथपुर के शिक्षक ग्रामीण परिवेश के बच्चों को भी महानगरों के विद्यार्थियों की बराबरी लायक बना रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि सीताराम पाठक ने डीएवी विद्यालय को क्षेत्र के बच्चों के लिए 'वरदान' बताया और कहा कि यहां शिक्षा के साथ संस्कार का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने बताया कि समर कैंप में बच्चों को योग, संगीत, नृत्य, कला एवं क्राफ्ट का विशेष प्रशिक्षण दिया गया जिससे वे गर्मी की छुट्टियों में कुछ नया सीख सकें और सर्वांगीण विकास कर सकें। बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। दसवीं कक्षा से शुभ आदित्य जय सिंह व हर्ष, जबकि बारहवीं कक्षा के विज्ञान संकाय से कृष मिश्रा, साक्षी प्रिया, अनीशा सिंह और वाणिज्य संकाय से राहुल कुमार मेहता, नवलपुंज व हर्षराज रमन को सम्मानित किया गया।

समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत शिक्षक प्रवीण पांडेय ने किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के रंगारंग नृत्य ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार द्विवेदी, बृजेंद्र कुमार, संजय राय, गणेश त्रिवेदी, रंजना वर्मा, शशि वाला, नेहा, शबनम, सुनैना, बुलबुल, डाली सहित अनेक अभिभावक व छात्र उपस्थित थे।

## आरके पब्लिक का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना, मेधावी छात्र हुए सम्मानित



सम्मानित करते एसडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत अंतर्गत ऊंचरी गांव स्थित आरके पब्लिक स्कूल में शनिवार शाम को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की संध्या सांस्कृतिक प्रस्तुति पहली बार आयोजित की गई, जिसने पूरे इलाके में सराहना बटोरी।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय एवं विद्यालय निदेशक अलखनाथ पांडेय ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की। इसके पश्चात स्कूली बच्चों ने स्वागत गान और सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। छात्रों ने नृत्य, गीत, नाटक और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रीति कुमारी, बादल कुमार और आरुषि प्रिया को अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले दर्जनों अन्य विद्यार्थियों को भी सम्मान मिला। मौके पर एसडीओ श्री पाण्डेय ने कहा कि ऊंचरी जैसे ग्रामीण क्षेत्र से निकले इन प्रतिभाशाली बच्चों ने यह साबित कर दिया है कि सच्ची लगन और मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। आरके पब्लिक स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहा है, जिसका असर अब देखने को मिल रहा है। मौके पर मदन प्रसाद केशरी, डॉ आलोक तिवारी, कृष्णमुरारी पांडेय, शैलेंद्र मेहता, स्कूल के प्रिंसिपल राजेश पांडेय, शिक्षक अनूप शर्मा, सर्वजीत ठाकुर समेत काफी संख्या में अभिभावक और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# यातायात व्यवस्था की सुदृढ़ता के लिए संयुक्त बैठक में लिया गया निर्णय


बैठक में मौजूद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन एवं यातायात पुलिस रामगढ़ की संयुक्त बैठक शनिवार को गोला रोड स्थित यूनियन कार्यालय के समीप अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बतौर अतिथि मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी गजेंद्र पांडे, विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार सिन्हा उपस्थित हुए। बैठक का संचलन बलजीत सिंह बेदी ने किया। बैठक में रामगढ़ में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने में वाहन चालकों की भूमिका पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि सभी टेंपो चालक यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन में दाहिनी और रॉड लगाकर लॉक कर देंगे ताकि दाहिनी और से कोई पैसेंजर नही उतरे। निर्णय के अनुसार थाना चौक वाले 20 मई तक, बरकाकाना, भुरकुंडा, पतरातू लाइन वाले ऑटो चालक 25 मई तक अपने ऑटो में रॉड लगवा लेंगे। इसके अलावे सभी चालकों के लिए ड्रेस कोड भी लागू करने का निर्णय लिया गया। रामगढ़ में यातायात व्यवस्था बेहतर रहे और जाम की स्थिति नही बने इस संबंध में भी कई निर्णय लिए गए। कहा गया कि यदि यातायात व्यवस्था बेहतर रहेगी तो लोगों को आने जाने में किसी तरह की परेशानी नही होगी और वे आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। इसलिए यातायात व्यवस्था को सुद्दढ़ बनाना आवश्यक है। बैठक में यातायात पुलिस के मुन्ना सिंह, शंकर प्रसाद समेत मोहम्मद सलीम, राजू पासवान, धर्मेंद्र कुमार, बारिक खान, मंटू खान, अब्दुल रशीद, प्रदीप, शंकर रजक, मोहम्मद करीम, मोहम्मद सलीम, निर्मल करमाली, अशोक बडेरा, अनिल नायक, विक्रम रवानी, सुमित कुमार, भानु कुमार, विजय कुमार नायक, मो कैशर अली, रवि कुमार जायसवाल, परवेज खान, बबलू कुमार सहित ओरमांझी लाइन, रांची लाइन, भुरकुंडा, पतरातू, घाटो, कूज्जू बरकाकाना, सारूबेड़ा आदि लाइन के कई यूनियन प्रतिनिधि और वाहन चालक शामिल हुए।

# मां शीतला मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय यज्ञ संपन्न

भक्ति जयकारों से गूंजता क्षेत्र, यज्ञ मंडप की परिक्रमा व प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा के सयाल मोड़ स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में स्थापित मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर के 25वां स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे तीन दिवसीय यज्ञ अनुष्ठान का रविवार को हवण-पुणार्हुति व भव्य भंडारा के साथ समापन हो गया। यज्ञ के तीसरे दिन पुरोहित अनिश पांडेय, शंकर पांडेय, रविन्द्र पांडेय, अमित पांडेय, पवन पांडेय, प्रशांत पांडेय, विक्रम पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच रुद्रभिषेक, माता रानी व महादेव का श्रृंगार, हवन-पूजन, आरती सहित कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। पूजा में बतौर यजमान ननकू महतो व रुबी देवी, राजन नायक व मधु देवी, विजय वर्मा व पूनम देवी, रोशन नायक व सरस्वती देवी, संतोष चौरसिया व रतनी देवी, उपेन्द्र प्रसाद व रीना देवी सपत्नी शामिल हुए। पूजा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। इधर अंतिम दिन भी यज्ञ मंडप का परिक्रमा के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूषों की भारी भीड़ उमड़ी रही। पूजा के बाद नव कन्याओं को भोजन कराया गया। वहीं शाम चार बजे से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। भंडारा का शुभारंभ पूर्व जिप उपाध्यक्ष एवं यज्ञ समिति के संरक्षक मनोज राम ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा में सैंकड़ों महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मनोज राम ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है, साथ ही क्षेत्रवासियों को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। इसके पूर्व शनिवार को संध्या में प्रवचन का आयोजन का किया गया। जिसमें आचार्य शिव शंकर पांडेय ने अपनी अमृतवाणी की वर्षा में श्रद्धालुओं को भिगोये रखा। उन्होंने प्रवचन के माध्यम से धर्म, आस्था और जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। यज्ञ को संपन्न कराने में पूर्व जिप सह यज्ञ समिति के संरक्षक मनोज राम, संरक्षक उत्तम सिन्हा, अध्यक्ष रोशन नायक, सचिव विनोद सिंह, कोषाध्यक्ष राजन नायक, ननकु महतो, विजय वर्मा, मुरली प्रजापति, संतोष चौरसिया, उपेन्द्र, जितेन्द्र विश्वकर्मा, सुरेश पासवान, गुड्डू सिन्हा, कुलदीप प्रजापति, पुरेन्द्र कुमार, प्रकाश ठाकुर, राकेश चौधरी, देवा प्रजापति सहित दर्जनों श्रऋ्द्धालुओं का विशेष योगदान रहा।


हवन-पूजन में शामिल श्रद्धालु महिला-पुरूष

## करमाली चौक पटेलनगर भुरकुंडा में मां क्लिनिक का हुआ भव्य उद्घाटन


फीता काटकर उद्घाटन करते परमजीत सिंह धामी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** करमाली चौक पटेलनगर भुरकुंडा में रोटरी क्लब के लोगों की उपस्थिति में रविवार को मां क्लिनिक का भव्य उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के संस्थापक अध्यक्ष परमजीत सिंह धामी ने विधिवत फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। तत्पश्चात लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर मां क्लिनिक और रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गुजरात की प्रसिद्ध चिकित्सक पुरूष-महिला, जनरल $ गायनो डॉ. सुमन डे द्वारा लगभग 71 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। मौके पर रोटरी क्लब के वर्तमान अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि क्लब अपना सामाजिक दायित्व

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 71 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

ईमानदारी पूर्वक निभाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि क्लब का उद्देश्य ही सामाजिक कार्यों में सहयोग करते हुए जरूरतमंदों की सेवा करना और शिक्षा, स्वास्थ्य, हरियाली आदि के बावत लोगों में जागरूकता फैलानी है। अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए आगे भी इस तरह के शिविर लगाये जायेंगे। उद्घाटन के मौके पर रोटेरियन प्रमजीत सिंह धामी, वर्तमान रोटेरियन अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, रोटेरियन सचिव रंजीत गुप्ता, रोटेरियन डॉ. एनके सिंह, रोटेरियन अजय गोयल, रोटेरियन श्रीकांत गुप्ता, हृदय नारायण सिंह, हेमंतो, श्रीपति बिश्वास, डॉ. हेना, राम किशोर प्रसाद, अंजलि देवी, हेमंती देवी, भुवन, आकाश सहित कई लोग मौजूद थें।

## नरेकेला में जलकृषि परियोजना का निरीक्षण

**गुमला।** बसिया प्रखंड स्थित नरेकेला में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सखी योजना के अंतर्गत संचालित जलकृषि परियोजनाओं का निरीक्षण एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा किया गया। इस प्रतिनिधिमंडल में एफडी से जुलियन मिलियन, वरिष्ठ जलकृषि मानक विशेषज्ञ, सुश्री ऑर्फी सिलार्ड एवं सुश्री निधि बत्रा, भारत सरकार की राष्ट्रीय समन्वय टीम से आई. ए. सिद्दीकी, राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, हैदराबाद से मासूम वाहिद, झारखंड राज्य के निदेशक मत्स्य एच. एन. द्विवेदी सहित अन्य तकनीकी व प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने नरेकेला में प्रधानमंत्री मत्स्य योजनाओं के अंतर्गत विकसित ग्रो आउट तालाब एवं उससे संबंधित जलकृषि गतिविधियों का गहन निरीक्षण किया।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ

# बिरसा परियोजना कमेटी का हुआ पुर्नगठन


बैठक में उपस्थित संघ के लोग, अध्यक्ष शंकर कुमार व सचिव रणधीर साव

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बिरसा परियोजना की बैठक रविवार को शंकर कुमार की अध्यक्षता एवं रणधीर साव के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से संघ के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए संजय मिश्रा ने कहा कि कोल कर्मचारियों की सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करें। उन्होंने संगठन की मजबुती पर बल देते हुए पदाधिकारी को मेंबरशिप पर ध्यान देते हुए अधिक से अधिक लोगों ने यूनियन में जोड़ने की बात कही। बैठक में संघ के बिरसा परियोजना कमेटी का पुर्नगठन किया गया। इसमें अध्यक्ष शंकर कुमार, उपाध्यक्ष मो. असलम, कुलदीप कुमार, तेजनारायण राम, सचिव रणधीर साव, सह सचिव बिनोद कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, विजय चौधरी, संगठन मंत्री कर्मदेव, सह संगठन मंत्री मोहन सिंह, शेखर कुजूर, सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष तुलसी करमाली, सह कोषाध्यक्ष रामदेव कुमार को चुना गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में बजरंग मुंडा, महादेव मुंडा, अनिल मांझी, मिलका सिंह, अंकेश कुमार, संजय करमाली, मनोज मुंडा सहित 21 सदस्यीय शामिल है।

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का दो दिवसीय अभ्यास शिविर संपन्न

**गुमला।** विश्व हिन्दु परिषद, बजरंगदल गुमला के द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डीएसपी रोड गुमला में आयोजित दो दिवसीय अभ्यास वर्ग रविवार को संपन्न हो गया। अभ्यास वर्ग में गुमला जिला अन्तर्गत प्रखंड तथा खण्ड और उपखण्ड समिति से कार्य कताओं ने भाग लिया। गुमला, रायडीह, चैनपुर, डुमरी, जारी, विशुनपुर, पालकोट, बसिया, कामडारा, घाघरा, सिसई, सहित अन्य प्रखण्ड, खण्ड, तथा उपखण्ड समिति से आए हुएविश्व हिन्दु परिषद, बजरंगदल के कार्य कताओं को दीप प्रज्वलित मंत्र, बजरंगदल प्रार्थना, एकात्मतामंत्र, विजय महामंत्र, परिचय, बौध्दिक चर्चा, देश भक्ती गीत, गुरु वन्दना, जय घोष, बजरंगदल शारिरिक के लिए अभ्यास वर्ग रखा गया था। मौके पर रंगनाथ महतो ने कहा की आज जिस तरह से लव जेहाद और धर्मांतरण बहुत तेजी से हो रही है।

# देश से गद्दारी!

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े जासूसों के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो गई है। पंजाब और हरियाणा पुलिस ने मिलकर कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिनमें हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का नाम प्रमुख है। ज्योति की गिरफ्तारी पंजाब के मलेरकोटला से पकड़ी गई गजाला की पूछताछ के बाद हुई, जिसमें कई जासूसों के नाम सामने आए। सभी गद्दारों की कुंडली खुल गई है। जासूसी के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा को कोर्ट में पेश किया. साथ ही 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया। ज्योति मल्होत्रा अपने ट्रैवल यूट्यूब चैनल के लिए जानी जाती हैं। दो साल पहले वह पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी दानिश के संपर्क में आई। पाकिस्तान यात्रा के दौरान उन्होंने वहां के खुफिया अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात की। भारत लौटने के बाद ज्योति ने सोशल मीडिया के जरिए संवेदनशील जानकारी साझा की और पाकिस्तान की सकारात्मक छवि पेश करने का काम किया। साथ ही पंजाब पुलिस ने मलेरकोटला से गजाला और उसके साथी यामीन मोहम्मद को गिरफ्तार किया। गजाला का काम दानिश से पैसे लेकर जासूसों तक पहुंचाना था, जबकि यामीन भी दानिश के संपर्क में था। पूछताछ में ज्योति समेत अन्य जासूसों के नाम उजागर हुए। हरियाणा के कैथल से देवेंद्र सिंह नामक युवक को भी गिरफ्तार किया गया। देवेंद्र को हनी ट्रैप में फंसाकर पटियाला कैंट की तस्वीरें और वीडियो साझा करने को कहा गया। अरमान भी अन्य जासूसों तक पैसे पहुंचाने का काम करता था. पुलिस अब इन सभी से गहन पूछताछ कर रही है ताकि जासूसी नेटवर्क का पूरी तरह पदार्फाश हो सके। यह कार्रवाई भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बने इस नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इन देश के गद्दारों की कुंडली खंगाली जा रही है जो देश के लिए खतरा है।

## आज का राशिफल

मेष : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-1-4-6

वृष : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-5-7

मिथुन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-3-6-7

कर्क : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

सिंह : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ? के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-8-9

कन्या : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-7-9

तुला : पूर्व में किये कार्यो से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-9

धनु : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

मकर : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-3-5-7

कुंभ : स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-9-9

मीन : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com


R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भारत की वॉटर स्ट्राइक से बिलबिलाने लगा पाकिस्तान



- डॉ आषीश विशिष्ट

सिंधु जल संधि को स्थगित करने के फैसले से पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया है। भारत ने सिंधु जल संधि को ऐसे समय में निलंबित किया है जब पाकिस्तान पहले से ही जल संकट का सामना कर रहा है। पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत में छह नई नहरें बनाने की योजना भी विवादों में फंसी है।

इतिहास के आलोक में अगर बात की जाए तो सिंधु जल संधि के अंतर्गत भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु घाटी को 6 नदियों में विभाजित करने को लेकर नौ साल तक वार्ता चली और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति अयूब खान के मध्य 19 सितंबर 1960 में सिंधु जल संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता से कराची में समझौता हुआ।

इस संधि के तहत सिंधु बेसिन की तीन पूर्वी नदियों रावी, ब्यास और सतलुज का पानी भारत को आवंटित किया गया। वहीं तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब के जल का 80 फीसदी हिस्सा पाकिस्तान को आवंटित किया गया। समझौते में जिस तरह से जल का बंटवारा किया गया उससे तत्कालीन भारत के प्रधानमंत्री और सरकार की रीति-नीति का समझा जा सकता है। नेहरू ने देशहित की बजाय पाकिस्तान के हितों का अधिक ध्यान रखा। यह संधि पाकिस्तान में कृषि और हाइड्रोपॉवर प्रोजेक्ट के लिए बहुत अहम है और पाकिस्तान में 80 प्रतिशत सिंचाई के पानी की आपूर्ति इन्हीं नदियों के पानी से होती है। कई शहरों के लिए पेयजल की आपूर्ति भी इस नदी से की जाती है।

भारत और पाकिस्तान के बीच 65 साल पहले हुई इस जल संधि के तहत दोनों देशों के बीच नदियों के जल प्रबंधन को लेकर समझौता हुआ था। नदियों को बांटने का ये समझौता कई युद्धों, मतभेदों और झगड़ों के बावजूद 65 वर्षों से अपने स्थान पर यथावत रहा। लेकिन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने जिन कड़े कदमों की घोषणा की उनमें यह सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। भारत का संधि को निलंबित करना इसकी स्थापना के बाद से पहली बार है, जो सीमा पार आतंकवाद से जुड़ी जल कूटनीति में बदलाव का संकेत है। यह भारत के दृष्टिकोण में बदलाव को दशार्ता है।

2016 में उरी में भारतीय सेना के एक शिविर पर हमले के बाद डेढ़ सप्ताह बाद हुई एक समीक्षा बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, "खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते हैं।" मोदी के इस बयान का इशारा सिंधु जल समझौते की ही ओर था। 2019 में पुलवामा में सुरक्षा बलों पर हमले के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था, ₹सरकार ने पाकिस्तान को पानी के वितरण को रोकने का फैसला किया है।₹ अगस्त 2019 में भारत के तत्कालीन जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा था, ₹सिंधु जल संधि का उल्लंघन किए बिना पाकिस्तान को जाने वाले पानी को रोकने के लिए काम शुरू हो गया है।₹

भारतीय सेना से करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान अब पानी को लेकर भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा है। पाकिस्तान की सरकार ने 14 मई को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल संधि को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की अपील की है। वहीं, एक महत्वपूर्ण बात और भी है कि पाकिस्तान की ये अपील तब की गई जब भारत चिनाब नदी पर बगलिहार और सलाल जलविद्युत परियोजनाओं में फ्लशिंग और डिसिल्टिंग का काम शुरू कर दिया है।

> इस संधि के तहत सिंधु बेसिन की तीन पूर्वी नदियों रावी, ब्यास और सतलुज का पानी भारत को आवंटित किया गया। वहीं तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब के जल का 80 फीसदी हिस्सा पाकिस्तान को आवंटित किया गया। समझौते में जिस तरह से जल का बंटवारा किया गया उससे तत्कालीन भारत के प्रधानमंत्री और सरकार की रीति-नीति का समझा जा सकता है। नेहरू ने देशहित की बजाय पाकिस्तान के हितों का अधिक ध्यान रखा।

पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सय्यद अली मुर्तजा ने भारत को लिखी चिट्ठी में कहा, ₹सिंधु जल समझौता स्थगित होने की वजह से पाकिस्तान में खरीफ की फसल के लिए पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।₹ पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने 13 मई को कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को फिर से शुरू नहीं करता है और हमारी तरफ आने वाले पानी को मोड़ने की कोशिश करता है तो दोनों देशों के बीच लागू हुआ संघर्ष विराम खतरे में पड़ सकता है।

सिंधु जल संधि पर चर्चा के लिए पाकिस्तान की ये पेशकश उसकी छटपटाहट को साफ दिखा रही है। यह पहली बार नहीं था जब भारत सरकार ने 1960 में दोनों देशों के बीच हुई इस संधि में बदलाव की मांग की थी। दो साल पहले भारत ने पाकिस्तान को इस संबंध में नोटिस भेजा था लेकिन इस नोटिस में सिर्फ 'बदलावों' के बारे में बात की गई थी। हालांकि अगस्त 2024 में भेजे नोटिस में भारत ने बदलावों के साथ-साथ समझौते की 'समीक्षा' करने की भी बात की थी। इसमें 'सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों' का भी उल्लेख किया गया था। इसमें भी भारत की ओर से कहा गया था कि 'सीमा पार से आतंकवाद' इस समझौते के सुचारू रूप से संचालन में बाधा है। लेकिन पाकिस्तान ने इस पर कोई उत्तर नहीं दिया, अब जबकि भारत ने समझौते को स्थगित कर दिया है तो पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है। 15 मई को एक कार्यक्रम में संवाददाताओं ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से जब सिंधु जल समझौते को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि यह संधि अभी निरस्त ही रहेगी । भारत सरकार इस पर पुनर्विचार करने के लिए तैयार नहीं है और इस मामले में पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं होगी। विदेश मंत्री के ताजा बयान से पहले प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र के नाम संबोधन में साफ कर चुके हैं कि खून और पानी साथ नहीं बह सकते हैं।

सिंधु जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान की जल सुरक्षा को खतरा है, क्योंकि इसकी 80 प्रतिशत कृषि भूमि इन नदियों पर निर्भर है। इस व्यवधान से खाद्य सुरक्षा, नगरीय जल आपूर्ति और विद्युत उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा र साथ ही पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद में सिंधु नदी तंत्र के 25 प्रतिशत योगदान के कारण आर्थिक अस्थिरता भी उत्पन्न होगी। नदी प्रवाह डेटा को रोकने की भारत की क्षमता से पाकिस्तान की सुभेद्यता और बढ़ जाएगी तथा बाढ़ तत्परता और जल संसाधन प्रबंधन में बाधा उत्पन्न होगी। भावार्थ यह है कि आने वाले समय में पाकिस्तान में जल संकट से सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समस्याएं बढ़ना तय है। पाकिस्तान के पंजाब ओर सिंध प्रांत में जल बंटवारे को लेकर पुराना विवाद है।

वर्तमान जल संकट ये विवाद और गहराएगा।भारत अब अपने हिस्से की तीनों नदियों रावी, ब्यास और सतलुज के जल को अपने लिए प्रयोग करने की योजना बना रहा है। इस पर तुरंत काम शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत के इन कदमों से पाकिस्तान को लंबे समय में नुकसान पहुंचना अवश्यम्भावी है।

## लेटर टू एडिटर

### शिक्षा का अर्थ

शिक्षा का अर्थ केवल एक निश्चित पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों तक पहुंचाना नहीं होता, बल्कि नैतिकता का पाठ भी पढ़ाना होता है। भारतीय शिक्षा पद्धति का आधार नैतिक चरित्र ही रहा है। ज्ञान में किया गया निवेश सर्वश्रेष्ठ होता है। शिक्षा व्यक्ति में निहित प्रतिभा को निखारती है। शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं, बल्कि स्वयं ही जीवन है।

-अनूप कुमार, रांची

### किसानों की नाराजगी

भारतीय किसान यूनियन और पंजाब सरकार के बीच टकराव का उल्लेख है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान किसानों की मांगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए भी भारतीय किसान यूनियन की बैठक छोड़कर चले गए। इसके बाद किसान यूनियन ने आंदोलन का ऐलान किया, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हुई। पंजाब सरकार को हड़ताली कर्मचारियों की समस्याओं को सहानुभूति से हल करना चाहिए। - रवि, रांची

### ट्वीट

**जिला** प्रशासन की पहल पर अबुआ साथी व्हाट्सएप सेवा के माध्यम से विभिन्न शिकायतों का त्वरित गति से निष्पादन कराया जा रहा है। रांची जिला प्रशासन ने अपनी जन शिकायत निवारण प्रणाली अबुआ साथी व्हाट्सएप सेवा (9430328080) के माध्यम लोगों की समस्या का निष्पादन त्वरित गति से कर रहा है। जिला प्रशासन के बनाए अबुआ साथी जन शिकायत की तारीफ करते हुए कहा की हमें पता नही था की इतने त्वरित गति से उनकी शिकायत का समाधान कराया जाएगा। अब इतनी जल्दी समाधान हुआ है, इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है, साथ ही उन्होंने कहा की जिला प्रशासन को बहुत बहुत धन्यवाद।

- डीसी, रांची

# औरतें डिजिटल पिंजरे में फंसती जा रही हैं!

**सामयिक**

-प्रियंका सौरभ

सोशल मीडिया पर नारी देह का बढ़ता प्रदर्शन क्या वाकई सशक्तिकरण है या महज लाइक्स और फॉलोअर्स की होड़। इससे क्या हम सच्ची आजादी की ओर बढ़ रहे हैं या एक डिजिटल पिंजरे में कैद हो रहे हैं। अब तो ऐसा लगता है कि आत्मसम्मान की जगह केवल देह की नुमाइश रह गई है। क्या महिलाओं की पहचान अब सिर्फ उनके शरीर के आकार तक सिमट गई है। यह सवाल आज की डिजिटल पीढ़ी के सामने एक बड़ी चुनौती हैं जो सशक्तिकरण और आत्मसम्मान के असली मायने खोजने की मांग करता है। हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे।

सोशल मीडिया को देख कर सवाल उठता है कि आजकल इस तरह की महिलाओं को क्या हो गया है। सोशल मीडिया पर उठते कोलाहल में हर ओर एक ही स्वर गूंज रहा हैझ्रदेह प्रदर्शन का। कहीं चटकते-फड़कते रील्स में, कहीं भड़कते-उलझते डांस मूव्स में और कहीं जूम इन होती नजरों के बीच, बस एक ही प्रदर्शन, अपनी चपल देह की अदा का। मानो यही सब देह ही पहचान बन गई हो। सच कहा जाए तो इस दौर में देह का कारोबार जितना खुलकर हो रहा है, उतना पहले कभी नहीं हुआ था। सोशल मीडिया ने देह को एक 'प्रॉडक्ट' बना दिया है, जिसे जितना ज्यादा दिखाओ, उतना ज्यादा लाइक्स, फॉलोअर्स और व्यूज बटोर लो। मानो आत्मसम्मान का कद अब कमेंट्स की लंबाई और लाइक्स की संख्या से मापा जाने लगा हो।

वह नारी जो कभी सभ्यता की पहचान थी, अब डिजिटल बाजार में बिक रही है। जिस समाज में नारी का सम्मान उसकी आंखों की लज्जा, चेहरे की सौम्यता और आचरण की मयार्दा से आंका जाता था, वहां आज उसका अस्तित्व उसकी नुमाइश में सिमट कर रह गया है। यह डिजिटल क्रांति का अजीब दौर है, जहां औरतें 'बोल्ड' होने का झूठा अर्थ 'बदन दिखाने' से जोड़ बैठी हैं। यह कैसी आजादी है, जहां अपनी पहचान की कीमत देह के टुकड़ों में चुकानी पड़े। औरतें खुद को जिस फेमिनिज्म की आड़ में उभार रही हैं, क्या वो असल में नारी शक्ति का उत्थान है या महज लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़ भर है। जरा सोचिए, इस देह प्रदर्शन की होड़ में कितनी महिलाएं खुद को खो रही हैं। क्या यह वाकई सशक्तिकरण है या एक नया बंधन है, जहां औरतें एक डिजिटल पिंजरे में फंसती जा रही हैं।

नारी स्वतंत्रता का अर्थ तो आत्मसम्मान, शिक्षा और निर्णय लेने की स्वतंत्रता था, न कि सोशल मीडिया पर कुछ भी करके अधिकार की बात करना। यह तो वही हुआ जैसे किसी को सोने की चिड़िया बना दो और फिर पिंजरे में कैद कर दो। सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे। आज सोशल मीडिया एक ऐसा मंच बन चुका है, जहां कुछ महिलाएं खुद को कथित तौर पर साबित करने के लिए हर हद पार कर रही हैं। कपड़ों का छोटा होना और बोल्ड पोज देना ही अगर 'बोल्डनेस' है, तो फिर आत्मविश्वास, शिक्षा, और स्वाभिमान का क्या मतलब। क्या यही है सशक्तिकरण का असली मतलब। क्या हमारा समाज वाकई इतना सतही हो गया है कि हम केवल बदन के आधार पर किसी की कीमत आंकने लगे हैं।

सोचिए, आज जो महिलाएं देह प्रदर्शन को सशक्तिकरण मान रही हैं, क्या वो सच में खुद को सशक्त महसूस करती हैं। उन्हें पता है कि वो केवल एक डिजिटल उत्पाद बनकर रह गई हैं, जिनका मूल्य केवल उनके शरीर के आकार और नृत्य कौशल से मापा जाता है। यह समस्या केवल महिलाओं की नहीं है, बल्कि उस पूरी डिजिटल संस्कृति की है, जिसने नारी शरीर को एक मनोरंजन सामग्री बना दिया है। जो शरीर जो कभी मातृत्व, प्रेम और करुणा का प्रतीक था, आज महज व्यूज और फॉलोअर्स की भूख का साधन बन गया है। सवाल उठता है कि हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे।

सही तौर पर देखा जाए तो सोशल मीडिया पर प्रदर्शन सशक्तिकरण नहीं हैं। वह बस एक भ्रम। सही बात तो यह कि आज की नारी अपनी असली पहचान से दूर होती जा रही है, जहां उसकी शक्ति, बुद्धि और आत्मविश्वास की जगह सिर्फ उसके शरीर का आकार और आकर्षण ही अहम रह गया है। यह डिजिटल युग हमें नई संभावनाओं और अभिव्यक्ति की आजादी देता है, पर क्या यह स्वतंत्रता वाकई हमें आजाद कर रही है या बस एक और जाल में फंसा रही है। नारी स्वतंत्रता का अर्थ केवल कपड़ों की लंबाई या शरीर के प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। असली स्वतंत्रता है अपने विचारों, अधिकारों और आत्मसम्मान की रक्षा करना। यह वो स्वतंत्रता है, जो एक नारी को उसकी असल पहचान देती है।

# धड़कनों को समझें और जान की चुनौतियों को दें मात

**स्वास्थ्य**

-ऋतुपर्ण दवे

समय से पहले दुनिया भर में हो रही मौतों की वजहों में सबसे ज्यादा उच्च रक्तचाप ( हाई ब्लड प्रेशर ) भी है। चिकित्सकीय भाषा में यह हाइपरटेंशन है। बदलता आम जनजीवन, दिनचर्या, भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में यह कब घर कर जाता है, अमूमन पता नहीं चलता। आज यह वो वैश्विक रोग बन गया है जिसके अधिकतर प्रभावितों को बड़ा खामियाजा भुगतने के बाद समझ आता है। दबे पांव शरीर को घेरते इस रोग को साइलेंट किलर भी कहते हैं। विडंबना देखिए कि हर हाथों में व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी का ज्ञान बघारते, नुस्खा बताते स्क्रीन पर घण्टों समय बिताने के बावजूद हर साल विश्व में लगभग 7.5 मिलियन लोग जान गंवा देते हैं।

त्वरित सूचना के दौर में भी जागरूकता और अनभिज्ञता की ऐसी चूक मौत का आंकड़ा बढ़ाती है। कह सकते हैं कि अब यह महामारी की शक्ल अख्तियार करता जा रहा है। एकाएक हार्ट अटैक या सड़क चलते, वाहन चलाते आई मौतों की चिंताजनक घटनाओं में उच्च रक्तचाप वजह होती है।

ऐसा नहीं कि इसे पहचानना कठिन हो। हमारे शरीर में बदलते लक्षणों जैसे सिर में भारीपन, आंखों में धुंधलका छाना, चक्कर आना भी इसके लक्षण हो सकते हैं। साधारतणतया इन्हें सामान्य समझ नजर अंदाज कर देते हैं और ऐसे परिवर्तनों के आदी हो जाते हैं। जाने-अनजाने उक्त रक्तचाप के साथ जीने लग जाते हैं। यही बाद में एकाएक बड़ी मुसीबत को न्यौता देता है और प्रायः नतीजा मौत तक में बदल जाता है।

ऐसा भा नहीं कि बढ़े रक्तचाप पर हर बार चिकित्सक के पास जाना पड़े। नियमित निगरानी, थोड़े अहतियात, जरा सी सतर्कता और जिव्हा पर नियंत्रण से काफी इसके दुष्प्रभावों को रोका जा सकता है। लक्षण की सामान्यतः सटीक जानकारी मिल ही जाती है। स्वचलित माप मशीन से रक्तचाप का एक चार्ट बना, इसकी प्रवृत्ति समझ, रोका जा सकता है। रक्तचाप किस वक्त कितना बढ़ता है, किन कारणों से बढ़ता है जैसी बातें आसानी से समझी जा सकती हैं। बस इन्हें समझने, नियंत्रित करने या प्रभावित करने वाले तौर-तरीकों में सुधार कर उच्च रक्तचाप पर काबू संभव है।

सब जानते हैं कि ज्यादा नमक रक्तचाप बढ़ा, शरीर के लिए जहर होता है। फिर भी परहेज नहीं करते! ज्यादा नमक रक्त संचार प्रणाली में वो रासायनिक अभिक्रियाएं करता है जिससे रक्तचाप बढ़ता है।

ज्यादा मात्रा से रासायनिक तत्व की अधिकता रक्त और दूसरे अंगों को घातक नुकसान पहुंचाते हैं। मस्तिष्क, गुर्दा, धमनियां और रक्त शिराएं यहां तक हृदय की धड़कन भी प्रभावित होती है। ऐसी अनियमितताएं या अनदेखी जानते-समझते हुए बड़ी जोखिम बन जानलेवा बन जाती है।

खानपान की बिगड़ी आदतों खासकर अधिक सोडियम, कम पोटेशियम, अत्यधिक शराब का सेवन, धूम्रपान, वजन बढ़ना, मोटापे पर काबू नहीं जैसी स्थितियां उच्च रक्तचाप की बेहद अनुकूल परिस्थितियां होती हैं। जबकि इन्हें नियंत्रित कर सकते हैं। सामान्यतः व्यस्तता कहें या पाश्चात्य अंधानुकरण, न तो हमारे सोने का समय तय है और न उठने का। सुबह-शाम की सैर, व्यायाम, बाग-बगीचों में घूमना, लंबा टहलने की आदत से न केवल उच्च रक्तचाप बल्कि दूसरी बहुत सी बीमारियों को आसानी से मात दिया जा सकता है लेकिन हम हैं कि हर दिन बहुमूल्य 6-7 घण्टे हाथ में स्क्रीन पकड़, मस्तिष्क के साथ, हथेली, उंगलियों और आंखों पर अत्याचार करते हैं। कैसे बेपहरवाह हैं?

जल्दी यह, दुनिया की बहुत बड़ी बीमारी बल्कि वो महामारी बनेगी जो न छुआछूत, न आनुवांशिकी होगी बल्कि अपनी हरकतों से पाई होगी। मोबाइल में ज्यादा वक्त बिताने वालों में उच्च रक्तचाप, चिड़चिड़ाहट, गर्दन, कमर, पीठ और सिर में दर्द जैसी शिकायतें आम हो रही हैं।

**भले ही रांची का मौसम ठंडा हो गया हो और लगातार बरसात से तापमान गिरा है लेकिन मेकॉन स्थित इस प्याऊ का दृश्य लुभाता है।**
**तस्वीर- अजय सानी की**



## कार्टून वर्ल्ड



स्पीड न्यूज

## भीषण गर्मी से चरही और आसपास के गांवों में जलसंकट गहराया

**चुरचू।** प्रखंड के चरही, चनारो, सड़वाह, परवाह, कजरी और फुसरी समेत कई गांवों में भीषण गर्मी के कारण जलस्रोत सूखने लगे हैं। कुएं, तालाब, आहरा और नाले का जलस्तर लगातार घट रहा है। जल स्वच्छता विभाग ने कई घरों में नल और पाइप लाइन बिछाई है, लेकिन अधिकांश ग्रामीणों तक पानी की आपूर्ति नहीं हो रही। शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। वर्ष 2014–15 में लाखों रुपये खर्च कर चरही के दुर्गा मंदिर के पास मिनी जलमीनार का निर्माण कराया गया था, जो बोरिंग विफल होने के कारण अब तक बेकार पड़ा है। कई बार बोरिंग करने के बावजूद जलस्रोत नहीं मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही से जलमीनार और सप्लाई मशीनें जंग खा रही हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की है कि पूर्व से बंद पड़ी जलमीनार को चालू कर नियमित जलापूर्ति शुरू की जाए।

## इंटक हजारीबाग ने जिला और प्रखंड कमेटी का किया विस्तार

**बड़कागांव।** बड़कागांव के बादम पंचायत भवन में रविवार को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) हजारीबाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कजरूं साव ने की। इस दौरान प्रदेश सचिव सह प्रभारी धीरज कुमार सिंह और प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नाग वाला की उपस्थिति में जिला और प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिला पदाधिकारियों में गणेश कुमार उर्फ डेविड कुमार को महासचिव, मणि वर्मा को सचिव और प्रखंड कमेटी में इरशाद अली को प्रखंड अध्यक्ष, प्रमोद राम को उपाध्यक्ष, राजकुमार को सचिव, ननकू रविदास को उप सचिव और अघनु महतो को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मीडिया प्रभारियों के रूप में रागिनी कुमारी और जया कुमारी को नियुक्त किया गया। इंटक जिला अध्यक्ष कजरू साव ने जून माह तक 5000 नए सदस्यों को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा। सुरजीत नाग वाला ने आगामी माह में प्रदेश अध्यक्ष राकेशेवर पांडे की उपस्थिति में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने की योजना का ऐलान किया।

## दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट में फर्स्ट ईयर की कक्षाएं 20 मई से प्रारंभ

**हजारीबाग।** हजारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट में आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस फर्स्ट ईयर की कक्षाएं 20 मई से शुरू होंगी। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक अनुभवी शिक्षकों द्वारा कक्षाएं संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2009 से संचालित इस संस्थान में आठवीं, नौवीं, दसवीं, बारहवीं के साथ स्नातक स्तर के सभी ऑनर्स पेपर, कंप्यूटर और प्रतियोगी परीक्षाओं की भी कक्षाएं दी जाती हैं। विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण के कारण संस्थान ने लगातार जिले, अनुमंडल और विद्यालय स्तर पर टॉपर्स दिए हैं। संस्थान में शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और एजुकेशनल टूर का भी आयोजन किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों को अपने अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है।

## ऑटो व बाइक के बीच टक्कर, बाइक सवार की मौत

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के कोरिया घाटी प्रेम लाइन होटल के पास शनिवार की रात्रि बाइक और ऑटो के बीच टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार की मौत हो गयी। बताया जाता है कि पल्सर बाइक सख्या जेएच 02 आर 6110 पर सवार होकर आजाद बस्ती कुजू निवासी मोहम्मद समीर पिता असलम अंसारी कुजू की ओर आ रहा था। इसी बीच ऑटो संख्या जेएच 24 एफ 8810 से टक्कर हो गई। इस दौरान बाइक सवार समीर गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि ऑटो चालक नईसराय निवासी महताब अंसारी चोटिल हो गया।

### गली मोहल्लों में कोल डीपो, गिद्दी उरीमारी से लेकर चरही और विष्णुगढ़ तक काला कारोबार

# हजारीबाग में धधक रहा कोयले का अवैध कारोबार

### आंच पर इमान, सब्जी की तरह बिक रहा कोयला, वन क्षेत्र में बनाए गए डीपो में ट्रैक्टर से आता है कोयला




घेराबंदी कर डंप किया गया कोयला

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** कुछ दिनों पहले चरही में अवैध कोयला लेकर लौट रहे ट्रैक्टर पलटने से एक मजदूर की मौत हो गयी थी। घटना ने इस बात की पुष्टि कर दी कि जिले में बड़े पैमाने पर अवैध कोयला का कारोबार किया जा रहा है। गिद्दी, उरीमारी, बड़कागांव और चुरचू - चरही के अलावा विष्णुगढ़ भी कोयला तस्करी का केंद्र बना हुआ है। रात तो रात दिन के उजाले में भी कोयला की ढुलाई की जा रही है। चरही थाना अंतर्गत करमा बेड़ा, 14 माइल, त्रिवेणी फ्यूल 15 माइल, कजरी, फुसरी, इंदिरा, पिंडरा और आगों थाना क्षेत्र के चोय-बंदा, ओरीया, चुरचू थाना क्षेत्र के करगी सहित कई अन्य जगहों पर खुलेआम डिपो खोलकर कोयले की अवैध तस्करी जमकर की जा रही है। हर दिन हजारीबाग के चरही, चुरचू, विष्णुगढ़, आंगो, टाटीझरिया, दारू थाना क्षेत्र से होकर करीब दो दर्जन ट्रक कोयला प्रतिदिन डेहरी बनारस की मंडीयों में भेजा जा रहा है। इस कोयले का अवैध उत्खनन कोनार नदी से लेकर सीसीएल का कोलियरी क्षेत्र है। इसके अलावा कोयला तस्कर चरही रेलवे साइडिंग से भी कोयला टपा रहे है। पूर्वी वन प्रमंडल में कई तरह के कोयले डीपो तो वन क्षेत्र में हीं संचालित किया जा रहा है। इनमें दारू, टाटीझरिया, चुरचू, के अलावा, बड़कागांव का आधा दर्जन क्षेत्र है। वहीं जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं वन विभाग सभी कोयले के अवैध कारोबार को नजर अंदाज कर रहे हैं। जबकि कोयला माफियाओं का कहना है, कि कोयला के कारोबार उच्च स्तरीय सेटिंग पर किया जा रहा है। नीचे किसी को देखने की हिम्मत भी नहीं होती है। इस प्रकार देखा जाए तो दर्जनों अवैध कोयला डीपो कुकुरमुत्ता के समान चल रहे हैं। कई डीपो तो धनबाद एवं बोकारो सहित बिहार के माफिया आकर चला रहे हैं। चरही थाना के करमा- बेड़ा के मांझी टोला में कोयले का डिपो खोला गया है। जो बड़े लोरी गाड़ियां लोडकर एनएच 33 से डेहरी बनारस की मंडीयों में जाती है। सूत्रों की माने तो 15 माइल के त्रिवेणी फ्यूल हार्डकोक फैक्ट्री में कोयले का अवैध संग्रहण किया जाता है, और यहीं से फिर लॉरी में लोड कर कच्चा कोयला जिले से बाहर भेजा जाता है। कजरी और फुसरी का डिपो मांडू रेंज के वन क्षेत्र में आता है। यहां भी दिन के उजालो में कोयला डंप में वाहन खड़ा कर लोड किया जाता है और आराम से संध्या में ये वाहन चरही थाना गेट से घाटों मोड होकर गुजरते है। सूत्र बताते है कि चुरचू और आंगो में छह प्वाइंट है, बड़कागांव में चार प्वाइंट हैं। सबसे घटिया बात यह है कि इस सारे खेल में चरही का एक फर्जी पत्रकार का हाथ बताया जाता है जिसका काम अखबारों और मीडिया में खबरों को रुकवाने का रहता है और मैनेज करने का होता है। सूत्रों का दावा है कि वो हरेक प्वाइंट से डेढ़ लाख का वसूली करता है। उसका काम मुख्यालय तक अन्य मीडिया हाउसेस को मैनेज करने का है।

एक नजर में

## संताल समाज दिसोम मांझी परगना महाधिवेश सफल बनाने को लेकर बैठक आहूत

**चरही।** संताल समाज दिसोम मांझी परगना केन्द्रीय समिति का रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के ताप्तिन साउथ क्लब में आगामी 30 मई को संताल समाज दिसोम मांझी परगना के 29वां महाधिवेशन को सफल बनाने को लेकर एक अहम बैठक आहूत किया गया। जिसकी अध्यक्षता चुरचू प्रखंड मांझी परगना सहदेव किस्कू ने किया। संचालन जेठुआ मांझी ने किया। बैठक में सर्वसहमति से प्रत्येक गांव से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता। कार्यक्रम में विशेष रूप से पारंपरिक परिधान, मंदार, नागड़ा आदि के साथ पहुंचना। तीरंदाजी प्रतियोगिता सहित अन्य बिंदुओं को को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से केन्द्रीय समिति के दिसोम जोगवा एतो बास्के, कांदो मरांडी, पन्नालाल मुर्मू,कैलाश टुडु, रॉयल हंसदा, रघु मांझी, टिरू मांझी, रामचन्द्र टुडु, कृष्णा कुमार मुर्मू, विसेंट टुडु, निखिल किस्कू, लालो मांझी, सुरेश मुर्मू, बागुन सोरेन, मन्नू टुडु, रमेश सोरेन, मंगल मुर्मू, राजेश कुमार हंसदा, आनंद मरांडी,लालजी मांझी, रबी मुर्मू सहित संताल समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## यूपीएससी छात्र पर झूठा केस, ओपी प्रभारी की बर्खास्तगी की मांग

**केरेडारी।** प्रखंड के पगार ओपी क्षेत्र में यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र शारदानंद कुमार पर झूठा केस दर्ज करने और जेल भेजने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस मामले में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने डीआईजी से थाना प्रभारी विक्की ठाकुर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने भी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विक्की ठाकुर को नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी ने छात्र पर बेबुनियाद आरोप लगाकर उसकी गिरफ्तारी कराई और उसे जेल भेजा। खेमलाल महतो ने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे। महतो ने बताया कि 12 मई को थाना प्रभारी ने छात्र पर फाइल तीतर-बितर करने और गिरेबान पकड़ने का आरोप लगाया था।

## कांग्रेस नेता घनश्याम गोप के निधन पर कांग्रेसियों ने जताया शोक



शोक जताते कांग्रेसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रखर समाजसेवी और कांग्रेस नेता घनश्याम गोप के निधन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शोक संदेश में कहा कि घनश्याम गोप एक समर्पित समाजसेवी थे। वे पाचू गोप सेवा संस्थान, राधा कृष्ण मारवाड़ी सेवा संस्थान और अपने आवास स्थित शिव मंदिर के संरक्षक के रूप में समाजसेवा में सक्रिय रहे।

इसके अलावा, वे हिन्दू-मुस्लिम एकता संघ के अध्यक्ष भी रहे। केशव महतो कमलेश ने कहा कि घनश्याम गोप मृदभाषी, मिलनसार और दयालु स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके निधन से समाज ने एक सच्चा सेवक खो दिया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। शोक प्रकट करने वालों में प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव अमरेंद्र सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा, मीडिया के स्टेट कॉर्डिनेटर संजय कुमार, ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला और वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव शामिल थे। इसके अलावा, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, इंटक के प्रदेश सचिव धीरज सिंह, जावेद इकबाल, परवेज अहमद, सदरूल होदा, खलील अंसारी और कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी घनश्याम गोप के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया।

### चित्रावती लोहानी के निधन पर

## सांसद मनीष जायसवाल ने जताया शोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** रजरप्पा टाइम्स के संपादक सह वरिष्ठ पत्रकार सहदेव प्रसाद लोहानी की धर्मपत्नी चित्रावती लोहानी का 14 मई 2025 को रांची के ऑर्किड हॉस्पिटल में हृदयगति रुकने से निधन हो गया। 69 वर्षीया चित्रावती लोहानी पिछले कुछ दिनों से बीमार थीं। उनका अंतिम संस्कार हरमू मुक्ति धाम में किया गया, जहां छोटे पुत्र वेदांत लोहानी ने उन्हें मुखाग्नि दी। चित्रावती लोहानी के निधन पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने शोक व्यक्त करते हुए रविवार को उनके रांची स्थित आवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि चित्रावती लोहानी एक सफल अधिकारी और समर्पित गृहिणी थीं। मेकॉन, रांची में 1980 में पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने 2016 में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद से सेवानिवृत्ति ली। उनके निधन पर पूर्व मंत्री सुदेश महतो, पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव, वरिष्ठ पत्रकार शंभूनाथ चौधरी और हजारीबाग के कई प्रमुख पत्रकारों ने भी शोक जताया। चित्रावती लोहानी अपने पीछे दो पुत्र झ सीमांत लोहानी और वेदांत लोहानी, भतीजा प्रतीक लोहानी और भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



सांसद व अन्य

## मोकत्मा गांव में नशाखोरी के खिलाफ कड़ा सामाजिक अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** प्रखंड के मोकत्मा गांव में नशाखोरी के बढ़ते मामलों पर रोक लगाने के उद्देश्य से शिवमंदिर प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गांव के राजनैतिक, सामाजिक और शैक्षणिक जगत के लोग एकत्रित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ड्रग्स बेचने और सेवन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि ड्रग्स बेचने वालों पर एक लाख रुपये का सामाजिक दंड लगाया जाएगा, जबकि सेवन करने वालों पर 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। इसके अलावा, दोषियों को पकड़कर समाज के समक्ष लाने वाले को 10 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। गौतम ने स्पष्ट किया कि ड्रग्स के खिलाफ यह अभियान गांव के हर वर्ग के लोगों के समर्थन से चलाया जा रहा है। दोषियों को समाज से बहिष्कृत करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में बालदेव महतो, नन्दक महतो, रंजीत कुमार, शिव कुमार, नरेश मेहता, जितेंद्र कुमार, राजो महतो, अरुण साव, दीपक कुमार, कारू कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।



बैठक में शामिल लोग

## तृतीय एचडीसीए ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग टूर्नामेंट 2025 सफलतापूर्वक संपन्न




मौके पर उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन (एचडीसीए) के तत्वावधान में आयोजित तृतीय एचडीसीए ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट 2025 का समापन गुरुवार को हुआ। पांच दिवसीय इस टूर्नामेंट में देशभर के फाइड रेटेड खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। शुभ्रजीत डे ने प्रथम पुरस्कार के रूप में 71,000 रुपये जीते, जबकि रूपम मुखर्जी और किशन कुमार ने क्रमशः 40,000 और 25,000 रुपये प्राप्त किए। कुल 4.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि 60 खिलाड़ियों में वितरित की गई। समापन समारोह में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद और अदाणी ग्रुप के सीएसआर प्रमुख मोहित कुमार सहित कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। मनीष जायसवाल ने हजारीबाग को खेल प्रतिभाओं का केंद्र बताते हुए कहा कि शतरंज जैसे बौद्धिक खेल का आयोजन यहां गर्व की बात है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय युवाओं को राष्ट्रीय मंच मिलेगा। कार्यक्रम डायरेक्टर करण जायसवाल ने आयोजन की सफलता का श्रेय टीम के समर्पण को दिया और कहा कि उनका उद्देश्य हजारीबाग को शतरंज के राष्ट्रीय नक्शे पर स्थापित करना है। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्ट आवास, भोजन और परिवहन की व्यवस्था की गई थी। बाहर से आए खिलाड़ियों ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे अपने घर जैसा अनुभव बताया।

## पैसे का लालच देकर बच्ची को ले जा रहे युवक की ग्रामीणों ने की पिटाई

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के ग्राम बंधिया में रविवार को 11 बजे मवेशी चरा रही गांव की एक नौ वर्षीय बच्ची को बीस रुपए देकर अपने साथ ले जाने के प्रयास में ग्रामीणों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। इधर घटना की जानकारी पाकर ओपी पुलिस ने आक्रोशित भीड़ से युवक को लेकर आपी ले आई है। पूछताछ में युवक ने पेटरवार निवासी विशाल तिवारी पिता स्व दिलीप तिवारी बताया। साथ ही कहा कि वह बच्ची को बिस्कुट खाने के लिए पैसे दे रहा था, और यह उसकी आदत है। लेकिन ग्रामीण बच्चा चोर कहते हुए मेरी पिटाई शुरू कर दी।

## जनता मजदूर संघ ने करमा के नये पीओ का किया स्वागत

**कुजू।** जनता मजदूर संघ के करमा शाखा सचिव राजकुमार महतो के नेतृत्व में करमा परियोजना नये परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा को सदस्यों ने अंग वस्त्र एवं फूल के पौधा देकर स्वागत किया। मौके पर श्री मुंडा ने कहा कि हरसंभव मदद किया जायेगा। कहा कोलियरी हित, मजदूर हित सर्वोपरि है। उसके तहत हमलोग मिलजुल कर बेहतर पहल करेंगे। वहीं सदस्यों ने कॉलोनी में पानी, बिजली, मेनगेट, बागवानी एवं कुआं में मोटर के जल्द से जल्द लगाए जाने के लिए ध्यान केंद्रित किया।

### प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक ने दी जानकारी, चोरी की घटना में शामिल अपराधियों की धर पकड़ के लिए

# पुलिस अधीक्षक ने गठित किया एसआइटी, 6 चोर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस क्रम में उन्होंने बताया कि 10 मई को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा रामगढ़ जिले में हो रहे लागातार चोरी/गृहभेदन की घटना के उदभेदन एवं छापामारी करने के लिए परमेश्वर प्रसाद अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा प्राप्त सूचना एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर अलग-अलग टीम बनाकर विभिन्न स्थानों पर छापामारी किया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसी क्रम में बरकाकाना ओपी प्रभारी द्वारा बरकाकाना ओ०पी० अन्तर्गत घटित चोरी की घटना से संबंधित चोरों का सीसीटीवी फुटेज एवं फोटो दिया गया।

उक्त फोटो में दिख रहे चोरों का एवं चोरे के द्वारा प्रयोग किये जा रहे मोटर साईकिल का रजि० नं०-जेएच24जे 0823 का सत्यापन किया गया। सत्यापन में मोटर साईकिल का रजि०नं०-जेएच24जे 0823 का मालिक का नाम पता सत्यापन करने पर प्रिंस कुमार केशरी, पिता-राजेश प्रसाद केशरी, सा०-कुन्दरिया बांध कुज्जू, थाना-मांडू, जिला-रामगढ़ पाया गया। इस संदर्भ में वाहन मालिक से उक्त मोटर साईकिल के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि उक्त मोटरसाईकिल मेरा है और मोटर साईकिल इनका बड़ा भाई संदीप कुमार केशरी द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है। इस संदर्भ में वाहन मालिक के भाई संदीप कुमार केशरी को कुज्जू ओ०पी० लाया गया तथा पुछताछ के क्रम में उसके द्वारा बताया गया कि फोटो में मैं स्वयं एवं मेरे सहयोगी है। यह फोटो 5 मई का है। हम लोग एक गिरोह के रूप में चोरी की घटना को अंजाम देते है और चोरी के सामानों को आपस में बाट लेते है। हम लोग के गिरोह का सरगना रांची में रहता है तथा हमलोगों के गिरोह के द्वारा योजना बनाकर रांची, हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला के विभिन्न बंद पड़े घरों में चोरी की घटना को अंजाम देते थे। पकड़े गए संदीप कुमार केशरी के निशानदेही पर कुल 06 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से चोरी का सोने का लोकेट, चाँदी का सिक्का, जूता एवं चोरी में प्रयोग करने वाला औजार बरामद किया गया है। इस संदर्भ में माण्डु (कुज्जू ओ०पी०) थाना कांड सं०-126/25, दिनांक-18.05.2025, धारा-317 (4)/ 317 (1)/112 (2)/3(5)/ 61(2) बीएनएस दर्ज किया गया है।

### गिरफ्तार व्यक्तियों का नाम पता

1. जगेश्वर कुमार, उम्र करीब 23 वर्ष, पिता चन्द्रदेव प्रसाद साहु सा०-कुन्दरिया बांध कुज्जू थाना-माण्डु (कुज्जू)।
2. अनुज कुमार, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता-टेकनारायण प्रसाद मेहता, सा०-कुन्दरिया बांध कुज्जू थाना-माण्डु (कुज्जू), जिला-रामगढ़ स्थाई पता-लुपुंग, पो०-लुपुंग, थाना-कटकमसांडी, जिला-हजारीबाग।
3. राजीव कुमार, उम्र करीब 22 वर्ष, पिता-मिथलेश पण्डित, सा०-कुज्जू बस्ती कुरपा।
4. कमर रजा, उम्र करीब 22 वर्ष, पिता-हदीश अंसारी, सा०-करमा अंसारी मोहल्ला।
5. संदीप कुमार, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता-राजेश प्रसाद केशरी, सा०-तिलांजली सिनेमा हॉल के पिछे कुज्जू।
6. सोरम शर्मा, उम्र करीब 23 वर्ष, पिता नन्दलाल शर्मा, सा०-शिवपुरी कॉलोनी घटनिया बस्ती कुज्जू थाना थाना-माण्डु (कुज्जू), जिला-रामगढ़।

### जब्त सामानों का विवरण

1. 06 मोबाईल फोन।
2. 01 जोड़ा जूता।
3. 01 ईयर बड।
4. 01 नेक बैंड।
5. 01 पेंचकस।
6. कागजात।
7. 02 चांदी का सिक्का।
8. 01 मोटर साईकिल।
9. 01 सोने का लॉकेट।
10. 01 लोहे का सब्बल।

छापामारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, मांडू अंचल पु०नि० सुरेश लिण्डा, पु०नि० रजत कुमार तकनीकी शाखा प्रभारी रामगढ़, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, पु०अनि आशीष कुमार गौतम, पु०अनि अभिनव कुमार, स०अनि शहनवाज खां और सशस्त्र बल शामिल थे।



जानकारी देते।

## अहीर रेजिमेंट की मांग पूरी होने तक चलता रहेगा आंदोलनः प्रदेश अध्यक्ष

देशभक्ति से ओतप्रोत नारों से गूंज उठा बरही, विधायक के अगुवाई में हुआ भव्य स्वागत




बैठक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के द्वारा देशभर में वीर शहीदों की स्मृति में निकाली जा रही रेजांगला रज कलश यात्रा रथ का भव्य स्वागत बरही विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में यादव धर्मशाला बरही में अंगवस्त्र और माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत नारों से वातावरण गूंज उठा। प्रदेश अध्यक्ष पीताम्बर दास ने बताया यह ऐतिहासिक यात्रा देश के विभिन्न राज्यों से होते हुए 18 नवंबर 2025 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंचेगी।

यात्रा का उद्देश्य रेजांगला के वीर अहीर सैनिकों की शौर्यगाथा को जन-जन तक पहुंचाना है। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि रेजांगला युद्ध विश्व की उन चुनिंदा लड़ाइयों में से है, जिसकी वीरता आज भी मिसाल बनकर नई पीढ़ी को प्रेरणा दे रही है। 18 नवंबर 1962 को भारत-चीन युद्ध के दौरान पूर्वी लद्दाख स्थित रेजांगला की चौकी पर 13 कुमाऊं बटालियन की चार्ली कंपनी तैनात थी, जिसमें 120 जवान अहीर समुदाय से थे। इस ऐतिहासिक युद्ध में 114 अहीर जवानों ने मातृभूमि की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान दिया और करीब 3000 चीनी सैनिकों को मार गिराया। मंच संचालन मनोहर यादव नर किया। यात्रा में कलश यात्रा के,राष्ट्रीय सह संयोजक किरण कुमार यादव, कार्यक्रम प्रभारी अनिता यादव, प्रदेश अध्यक्ष पीताम्बर दास, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मीरा राय, अनिता सिंह यादव, बलवंत यादव, जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, राजन यादव, सकलदेव यादव, परमेश्वर यादव, अशोक यादव, युगल यादव, कृष्णा यादव, मुन्ना यादव, बिनोद यादव, सुधीर यादव, ब्रह्मदेव यादव, समिति सदस्य अशोक यादव, शिक्षक प्रकाश यादव, रविकांत ओम, डॉ सुनील यादव, विश्वा यादव, सचिन यादव, चंदन यादव, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# डॉ सौरभ की होगी मानसिक जांच, खोजने गयी पुलिस टीम, पर नहीं मिले डॉ सौरभ

- मेडिकल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने को लेकर सीएस ने एसपी को लिखा पत्र
- दंडाधिकारी के नेतृत्व में डॉ सौरभ के क्लिनिक व घर पर पहुंची पुलिस





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सदर अस्पताल में पूर्व में पदस्थापित डॉ कुमार सौरभ लंबे समय से विवादों में चल रहे की मानसिक जांच कराने का निर्णय स्वास्थ्य विभाग ने लिया है। डॉ सौरभ की मानसिक जांच के लिए शनिवार को सदर अस्पताल में मेडिकल बोर्ड के समक्ष उन्हें प्रस्तुत किया जाना था, इसके लिये पुलिस प्रशासन की टीम डॉ सौरभ को लाने कोडरमा स्थित उनके क्लिनिक व तिलैया के विशुनपुर रोड स्थित आवास पर पहुंची, पर डॉ सौरभ मौजूद नहीं मिले। टीम दंडाधिकारी के साथ पहुंची थी। हालांकि डॉ सौरभ के वहां नहीं मिलने पर कुछ देर बाद टीम बैरंग लौट गयी। मिली जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल से हटाये जाने के बाद डॉ सौरभ लगातार स्वास्थ्य विभाग के साथ ही जिला प्रशासन कोडरमा के जनप्रतिनिधियों के अलावा मंत्री, मुख्यमंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर विवादास्पद टिप्पणी कर रहे हैं। पूर्व में उन पर दो अलग-अलग मामला दर्ज हो चुका है, इसके बाद भी प्रशासन व स्थानीय राजनीति को भ्रष्टाचार में लिप्त बताते बयानबाजी कर रहे हैं। इसी बीच गत दिन सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने एसपी अनुदीप सिंह को पत्र लिख कर डॉ कुमार सौरभ की मानसिक जांच कराने के लिए 17 मई को मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित कराने का आग्रह किया। पत्र में सीएस ने लिखा था कि डॉ कुमार सौरभ जो झुमरीतिलैया निवासी हैं और कोडरमा थाना के सामने क्लिनिक अभ्युदय आरोग्यशाला में बैठते हैं, ये अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से जिले के सभी उच्च पदाधिकारियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, विधायक, सांसद, स्वास्थ्य मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक को अपमानित करने से लेकर गाली गलौज करते आ रहे हैं। इतना ही नहीं, ये निजी जीवन पर भी अपमानजनक टिप्पणी करते हैं, इन्हीं कारणों से कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, आइएमए ने इनकी मानसिक स्वास्थ्य जांच की मांग की है। डॉ सौरभ के सोशल मीडिया अकाउंट से जिला के पदाधिकारियों के बारे में निम्न स्तर की बातें और विभिन्न मनगढ़ंत आरोप लगाये जा रहे हैं, इससे लगता है कि वे मानसिक रोग से ग्रसित हैं और मानसिक जांच होना आवश्यक है। सीएस ने पत्र में एसपी को डॉ सौरभ को सदर अस्पताल सभागार में मेडिकल बोर्ड के समक्ष 17 मई को दोपहर तीन बजे प्रस्तुत करने का आग्रह किया था। इस पत्र के बाद शनिवार को दंडाधिकारी के रूप में नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक शंभु प्रसाद कुश्वाहा, कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार डॉ सौरभ के आवास पहुंचे। हालांकि, वे घर पर नहीं मिले। ऐसे में टीम लौट गई। वहीं नगर प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि डॉ. कुमार सौरभ को मेडिकल टीम के समक्ष प्रस्तुत करना था, इसी को लेकर पुलिस टीम के साथ उनके कोडरमा स्थित क्लिनिक गए थे, वहां डॉ. सौरभ नहीं मिले। इसके बाद डॉ. सौरभ के तिलैया स्थित आवास पर भी गए, परंतु वे नहीं मिले।

## खबर एक नजर में

### झमाझम बारिश ने बदला मौसम, उमस भरी गर्मी से लोगों को मिली राहत



**हंटरगंज/चतरा।** बढ़ती गर्मी व तपिश से लोगों को रविवार शाम को राहत मिली। पिछले एक सप्ताह से हंटरगंज प्रखण्ड के लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल लग रहे थे। सुबह से लेकर दोपहर तक लोग भीषण गर्मी का अनुभव कर रहे थे। दोपहर 3 बजे बारिश के बाद लोगों को राहत मिली। रविवार को सुबह से आसमान में हल्के बादलों ने डेरा डाल लिया, साथ ही दिन भर रुक रुककर धूप देखने को मिल रहा था लेकिन, उमस भरी गर्मी आमजन के पसीने छुड़ाती रही। दोपहर 3 बजे होते ही तेज हवा के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई, जिसके बाद उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिल गई। मौसम सुहाना हो गया और लोग घरों के बाहर गली, सड़कों पर व घरों की बालकोनी पर मौसम का आनंद लेते दिखाई देने लगे। वहीं देर शाम तक आसमान पर बादल छाए रहे, इस वजह से रात को फिर एक बार बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। तापमान में हो रहा उतार-चढ़ाव से रविवार को हंटरगंज प्रखण्ड का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं पिछले एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 42 डिग्री रह रहा था। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। भीषण लू और उमस के कारण लोग दिन में घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे थे। लेकिन रविवार को दोपहर तीन बजे अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी। फिलहाल तापमान 35 डिग्री है। आचनक बारिश से मौसम सुहावना हो गया है और गर्मी से लोगों ने सुकून की सांस ली है।

### किसानों को उन्नत खेती का दिया गया प्रशिक्षण



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के खूंटीकेवाल पंचायत सचिवालय में रविवार को कृषि संस्था द्वारा प्रखण्ड के सैकड़ों किसानों को एक दिवसीय फसल विविधता और कृषि व्यवसाय पर प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला ट्रेटरी मैनेजर निवारण पांडे द्वारा किसानों को प्राकृतिक व जैविक तरीके से कंपोस्ट पिट, जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत व दशपर्णी अर्क तैयार करने की विधियां सिखायी गयीं। यह सभी जैविक विधियां आगामी मानसून के दौरान उपयोग में लायी जायेंगी, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहेगी और फसलों की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। मैनेजर ने आगे बताया कि किसानों को सतत कृषि में लाभ प्राप्त होगा। प्राकृतिक व जैविक खाद के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रायः यह देखा जाता है कि किसान रासायनिक खाद का प्रयोग करते हैं, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जबकि जैविक व प्राकृतिक खाद का उपयोग से उत्पादित फसल स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल अनुकूल है। वहीं आगे उन्होंने कीटनाशक दवा के बारे में भी जानकारी दी। मौके पर क्षेत्र प्रतिनिधि श्रीकांत कुमार, राजकुमार यादव, आशुतोष कुमार सिंह, उपेंद्र यादव, विजय सिंह, संजय यादव, रूपन यादव, प्रमोद कुमार आदि सैकड़ों किसान मौजूद थे।

## मिशन जीवन रक्षक के तहत आरपीएफ ने दिखायी तत्परता, घायल को समय पर पहुंचाया अस्पताल

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रेलवे सुरक्षा बल और स्टेशन स्टाफ की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक व्यक्ति की जान बच गयी। मिशन जीवन रक्षक के अंतर्गत कोडरमा स्टेशन पर आरपीएफ ने न केवल मानवता का परिचय दिया, बल्कि रेल यातायात को भी बाधित नहीं होने दिया। ड्यूटी पर तैनात कर्मी को सूचना मिली कि कोडरमा स्टेशन के पास मेन लाइन और लूप लाइन के बीच एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही ट्रेन पासिंग ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षी सीआर हेंब्रम और आरक्षी राजेश कुमार घटना स्थल पर पहुंचे, उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। इसकी सूचना निरीक्षक प्रभारी कोडरमा जीआरपी कोडरमा और स्टेशन मास्टर कोडरमा को दी गयी, तुरंत एंबुलेंस को बुलाया गया, कुछ ही देर में जीआरपी और स्टेशन मास्टर पहुंचे। घायल व्यक्ति की पहचान उसके पास मिले एक कागज के टुकड़े से हुई, जिस पर मोबाइल नंबर लिखा था› जब उस नंबर पर कॉल किया गया, तो सामने से बताया गया कि घायल व्यक्ति धीरज नामक युवक के पिता हैं। उन्हें सूचना दी गयी कि उनके पिता को ट्रेन से धक्का लगने के कारण गंभीर चोट आयी है और उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेजा जा रहा है। कुछ समय बाद घायल व्यक्ति का भतीजा सौरभ कुमार कोडरमा स्टेशन पहुंचा और उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल लेकर चला गया। घायल की पहचान अशोक कुमार सोनी कोडरमा थाना के दूधीमाटी के रूप में हुई। घायल व्यक्ति के पास कोई यात्रा टिकट नहीं मिला।

## धनबाद-पहाड़पुर रेलखंड पर विशेष टिकट जांच अभियान, 161 यात्रियों से जुर्माना राशि वसूली

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत धनबाद-पहाड़पुर रेलखंड पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान नियम विरुद्ध रेल यात्रा कर रहे लोगों को पकड़ा गया। 161 यात्रियों से कुल 50,155 रुपये की जुर्माना राशि वसूली गयी। विशेष चेकिंग केवल ट्रेनों तक सीमित नहीं रही, बल्कि मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों के अलावा विभिन्न स्टेशनों पर भी सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। धनबाद मंडल के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह जनसंपर्क अधिकारी मो इकबाल ने यात्रियों से अपील की कि वे नियत श्रेणी का ही टिकट लेकर यात्रा करें और रेल नियमों का पालन करें।

## हॉली चाइल्ड स्कूल का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत





**कोडरमा।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड में झुमरीतिलैया के बिशुनपुर रोड स्थित हॉली चाइल्ड स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। स्कूल के 19 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, सभी शत प्रतिशत सफल रहे। त्रिनेत्र कुमार 83 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बने इसके अलावा अशवी अंसारी 82 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे द्य स्कूल के निदेशक नवनीत ओझा (बंटी) और प्रिंसिपल प्रियंका ओझा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओ ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## जमीन की बाध्यता को लेकर पासवा कोडरमा ने विधायक डॉ नीरा यादव को सौंपा ज्ञापन




**कोडरमा।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन कोडरमा के प्रतिनिधि मंडल ने कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव के आवास पर मुलाकात कर निजी विद्यालयों को संचालित करने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। सभा का संचालन महासचिव अभय कुमार ने किया। उपस्थित पदाधिकारियों ने बारी बारी से विधायक को निजी विद्यालयों के समस्याओं से अवगत कराए। मौके पर प्रदेश सचिव तौफीक हुसैन अध्यक्ष डॉ बी एन पी बरनवाल और संघ के सभी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से झारखंड में संचालित सभी निजी विद्यालयों को मान्यता लेने में बाधा बन रही जमीन की बाध्यता का जिक्र करते हुए निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए अवगत करवाए। आयोजन को सफल बनाने में जिले से सैकड़ों निजी विद्यालय के संचालक संचालिका उपस्थित हुए। जिसमें मुख्य रूप से कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार बरनवाल, सतगावां अध्यक्ष अजय कुमार, मरकच्चो सचिव दिलीप कुमार बरनवाल एवं अन्य पदाधिकारियों में सुनीता पांडे, कृष्णनंदन प्रसाद, रामचंद्र मोदी, सुनीता बर्नवाल, पिंटू कुमार, गंगाधर राणा, मनोज कुमार नागेश्वर साव उपस्थित रहे।

## कर्नल सोफिया का अपमान करने वाले मंत्री विजय शाह का माकपा ने फूंका पुतला

- सेना में साम्प्रदायिक जहर घोलना देश की सुरक्षा, एकता व अखंडता के लिए खतरनाक : संजय पासवान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** आतंकवादी हमले के खिलाफ पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकियों की बहन कहकर संबोधित करने के खिलाफ शनिवार को कोडरमा बाजार में जुलूस निकाल माकपा ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह का पुतला फूंका, जहां मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करो, सेना का अपमान करने वाले उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा शर्म करो, आतंकवाद मुर्दाबाद, भारतीय आर्मी जिन्दाबाद आदि नारे लगाए जा रहे थे। कार्यक्रम में माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि भारत को हमेशा अपनी सेना पर गर्व रहा है। भारतीय सेना विश्व की सबसे अनुशासित, समर्पित और बहादुर सेनाओं में गिनी जाती है, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से सेना की यही प्रतिष्ठा और पहचान दांव पर लगाई जा रही है। सरकार की कोशिश, आने वाले दिनों में सेना में साम्प्रदायिक जहर घोलने की है, जो हमारे देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता के लिए खतरनाक होगा। मंत्री विजय शाह की कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिपणी और उस पर भाजपा की चुप्पी से यह बात और साफ हो गई है। कर्नल सोफिया कुरैशी मुस्लिम धर्म से हैं और उन्हें आतंकवादियों की बहन कहकर अपमानित करना विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच सामंजस्य बनाए रखने के लिए हानिकारक हो सकता है, क्योंकि इससे यह धारणा बन सकती है कि भारत के प्रति निःस्वार्थ सेवा के बावजूद किसी व्यक्ति को केवल इसलिए अपमानित किया जा सकता है, क्योंकि वह मुस्लिम धर्म का है। मंत्री विजय शाह का बयान न सिर्फ कर्नल सोफिया कुरैशी और उनके परिवार का अपमान है, बल्कि भारतीय सेना का भी अपमान है, इसलिए इस बेशर्म मंत्री को तुरंत बर्खास्त कर उस पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाए। वहीं सीपीएम के जिला सचिव असीम सरकार ने कहा कि भाजपा के एक और नेता और मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने एक और विवादित बयान देकर भाजपा की संविधान, सेना और देश की 140 करोड़ जनता के प्रति सोच का खुलासा कर दिया है, जब पूरा देश सेना को नमन कर रहा है, तब भाजपा के एक मंत्री के विवादित बयान पर भाजपा पहले ही चुप थी, अब उसके उप मुख्यमंत्री ने कह दिया है कि पूरा देश और देश की सेना मोदी जी के चरणों में नतमस्तक है। ऐसे लोगों को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

कार्यक्रम में रमेश प्रजापति, सुरेन्द्र राम, फेकुलाल विद्यार्थी, शम्भु कुमार, सरफराज अहमद, अजय कुमार, नागेश्वर दास, राजू साव, विजय सिंह, पंकज कुमार आदि शामिल थे।

## कोयला ढुलाई से टंडवा-केरेडारी रोड बनी मौत का रास्ता, लोग बोले- ज़िंदगी दो, मुआवजा नहीं



**टंडवा (रविन्द्र दास)।** टंडवा-केरेडारी और सिमरिया रोड पर कोयला ढुलाई के कारण लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने आम लोगों की जिंदगी को खतरे में डाल दिया है। आए दिन किसी की मौत हो रही है तो कोई अपंग हो रहा है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या कोयला ढोने के लिए लोगों की जान लेना जरूरी है? स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयले से देश को रोशनी मिलती है, इससे किसी को आपत्ति नहीं है, लेकिन अगर यही कोयला किसी की ज़िंदगी छीनने लगे तो यह चिंता का विषय है। हादसों में कई घर उजड़ गए, किसी की पत्नी विधवा हो गई, तो किसी के बच्चे अनाथ हो गए। सड़क हादसों में जान गंवाने वालों के परिजन मुआवजे के लिए तपती दोपहरी में घंटों भटकते हैं। लोगों का कहना है कि मुआवजा मिलना तो दूर, हादसे के बाद प्रशासन और कंपनियों की संवेदनहीनता उन्हें और तोड़ देती है। सवाल उठ रहा है कि एनटीपीसी और सीसीएल को कोयला ढोने से पहले सुरक्षित फोरलेन सड़क क्यों नहीं बनवानी चाहिए थी? लोगों का कहना है कि कंपनियों को पहले सड़क दुरुस्त करनी चाहिए ताकि हादसे रुकें और लोगों की जान बचे। स्थानीय लोग अब पूछ रहे हैं क्या सड़कों पर चलना गुनाह है? क्या मुआवजा मांगना अपराध है? जिंदगी देने वाला कोयला कब तक कफन बनता रहेगा? प्रशासन और सरकार से अब इंसाफ की मांग हो रही है।

## शिवम आयरन फैक्ट्री के समीप से पुलिस ने किया अज्ञात शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवम आयरन फैक्ट्री के बाहर महतोआरा-जौंगी मार्ग पर रविवार की सुबह एक शव बरामद किया गया है। शव की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है।

मिली जानकारी के अनुसार महतो आहार-जौंगी मार्ग पर अहले सुबह जब गांव के लोग गुजर रहे थे, तो सड़क किनारे एक अधजले व्यक्ति का शव दिखाई दिया। जिसके पश्चात वहां ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। जिसके पश्चात घटना की सूचना चंदवारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। शव को देखकर यह प्रतीत होता है कि उक्त व्यक्ति बीती रात ही किसी फैक्ट्री में कार्य के दौरान दुर्घटना का शिकार हुआ है।

इधर मुख्यालय डीएसपी रतिभान सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान घटनास्थान पर शव के पास से एक मोबाइल व एक बाइक का नंबर प्लेट पाया गया। जिसमें बाइक का रेजिस्ट्रेशन नम्बर (जेएच12एम 4934) अंकित था। जिसकी जांच पड़ताल करने पर पाया गया कि वह चंदवारा थाना क्षेत्र के भोंडो गांव निवासी 25 वर्षीय अजय साव पिता विजय साव की बाइक का है। जिसके पश्चात डीएसपी व चंदवारा पुलिस उक्त व्यक्ति के घर पहुंची। जहां पूछताछ में यह बातें सामने आईं कि अजय साव बीती रात करीब 11:30 बजे घायल अवस्था में अपने घर पहुंचा था। जिसे एक निजी वाहन की मदद से झुमरीतिलैया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसके पश्चात डीएसपी उक्त अस्पताल पहुंचे और घायल से घटना की जानकारी ली।

मामले की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जांच पड़ताल में सर्वप्रथम उक्त शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जिससे यह स्पष्ट हो सके कि यह दुर्घटना है या हत्या की गई है। बताते चलें कि मृत व्यक्ति को देखने से यह स्पष्ट होता है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस फिलहाल आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

## तिलैया में किन्नर बनकर रह रहा था युवक, पुलिस ने छापेमारी कर परिजनों को सौंपा

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र के शीतला माता मंदिर के सामने स्थित एक मकान से रविवार को पुलिस ने गया जिले के युवक अंकित कुमार को हिरासत में लिया है। अंकित बीते दस दिनों से अपने घर से लापता था और किन्नर के वेश में मकान में रह रहा था। मिली जानकारी के अनुसार अंकित कुमार गया जिला निवासी पिछले 10 दिनों से अपने घर से भागकर तिलैया में रह रहा था। परिजनों द्वारा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त मकान पर छापेमारी की। पुलिस ने मौके से अंकित को हिरासत में लिया और आवश्यक पूछताछ के बाद उसके पिता को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है कि युवक तिलैया क्यों आया और किन्नर वेश में क्यों रह रहा था।

## वज्रपात से दो मवेशियों की मौत, किसान को 40 हजार रुपये का नुकसान

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के बारिसाखी गांव में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो मवेशियों की मौत हो गई। ये मवेशी गांव के ही टीकम यादव पिता स्व. सुभाष यादव के थे। इस हादसे से किसान को करीब 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, मवेशी खेत में चर रहे थे तभी तेज गर्जना और बारिश के साथ बिजली गिर गई, जिससे दोनों मवेशी मौके पर ही मर गए। पीड़ित किसान ने प्रखंड और जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## लावारिस हालत में मिली बाइक, पुलिस ने की जब्ती

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के पहरा पंचायत स्थित केंदुआ गांव में रविवार को एक घर के पास से पुलिस ने लावारिस हालत में एक टीवीएस राइडर बाइक जब्त की है। सूचना मिलने पर सहायक अवर निरीक्षक विद्यानंद शर्मा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और बाइक को जब्त कर थाना ले आए। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बाइक किसकी है और वहां कैसे पहुंची।

## आरपीवाई बीएड कॉलेज में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन आयोजित



**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में रविवार को महाविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र संघ के द्वारा पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य व पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर की गयी। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए डॉ. संजीव कुमार ने सभी का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने कराया। वहीं पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विचार रखे। उन्होंने महाविद्यालय में बिताए गए हर एक महत्वपूर्ण पलों और महाविद्यालय से जुड़ी बातों को सबों से साझा किया। सत्र 2015-17 के अमर कुमार उज्ज्वल, सत्र 2018-20 के मुकेश कुमार, सत्र 2022-24 के जयनंदन विश्वकर्मा आदि ने महाविद्यालय के साथ पारस्परिक संबंधों को बनाये रखने, हमेशा महाविद्यालय के विकास में सहयोग करने की बात कही। वहीं सत्र 2022-24 से पूर्ववर्ती छात्र संघ के सदस्य के रूप में गौरव कुमार को चुना गया। कार्यक्रम के संबोधन में प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा कि पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन कॉलेज का एक महत्वपूर्ण पार्ट है। साथ ही यही एक मौका है जब हम अपने महाविद्यालय परिवार के सदस्यों से मिल पाते हैं। मौके पर मो. सेराज, विनोद यादव, किशोर वर्मा, आनंद कुमार, रविभूषण सिंह, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथिलेश कुमार, सुजीत कुमार, शाहिद खान, गौरव सिन्हा, सेण्टू कुमार, राजकुमार यादव, कुंदन, चंदन के अलावा महाविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

# बंदी अपने बीच से नकारात्मक सोच हटाकर सकारात्मक सोच पैदा करें : नवल किशोर




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव मनोरंजन कुमार के नेतृत्व में मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर एवं बंदियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। बंदियों के बीच आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित प्राधिकार के एलएडी सीएस के अधिवक्ता नवल किशोर ने कहा कि बंदी अपने बीच से नकारात्मक सोच हटाकर सकारात्मक सोच पैदा करे तथा अपराध की दुनिया से निकल कर समाज की मुख्य धारा में शामिल हो, ताकि स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। एल ए डीसीएस के अधिवक्ता राजेन्द्र मंडल ने बंदियों को प्ली-बार्गेनिंग की जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत बंदी अपना दोष स्वीकार कर अपनी सजा कम करा सकते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय सविंधान में बंदियों के लिए प्रदत मौलिक अधिकारों को काफी विस्तार से बताया। एलएडीसी एस के अधिवक्ता ललन कुमार चैधरी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी मामले में आधे से अधिक सजा काट चुके बंदी अपना दोष स्वीकार कर कारा मुक्त हो सकते हैं, यदि वह अपराध बच्चों एवं महिलाओं के विरुद्ध नहीं हो। वहीं श्री चौधरी ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि जेल में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को अपराधी नहीं माने।

इस कार्यक्रम में कोडरमा के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के मार्गदर्शन में सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बंदियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया तथा इसके तहत दर्जनों बंदियों की जांच की गई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ अभिषेक कुमार, स्वास्थ्य कर्मी जय प्रकाश, गुलाम वारिस, विक्की प्रसाद, नरेश यादव, विरेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में दर्जनों बंदियों के स्वास्थ्य की नियमित रूप से जांच की गई। मौके पर सहायक जेलर अभिषेक कुमार सिंह, जेल कर्मी राजीव कुमार, मोहम्मद मोईउद्दीन सहित सैकड़ों बंदी मौजूद थे। इस अवसर पर जेल अदालत का भी आयोजन किया गया परन्तु कार्यक्रम में बंदियों द्वारा कोई आवेदन नहीं दिए जाने के कारण किसी भी मामले का निष्पादन नहीं किया जा सका।

## स्पीड न्यूज

### रेडिसन ब्लू में आयोजित मॉडलिंग प्रतियोगिता में गुमला की बेटी ने जीता खिताब



गुमला। गुमला की बेटी शांति नगर पालकोट रोड निवासी प्रीति कुमारी सुपर मॉडल में पहला स्थान प्राप्त कर गुमला का नाम रोशन किया। जिसमें छत्तीसगढ़, उड़ीसा व झारखंड की 450 मॉडल प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसका आयोजन रेडिसन ब्लू रांची में किया गया था। इसकी जानकारी यूथ कांग्रेस के मोहम्मद शादाब आलम को हुई। जानकारी मिलते ही कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रीति कुमारी के घर जाकर उसे बुके और साल देकर प्रीति कुमारी के परिवार के सम्मानित किया। मौके पर निगरानी सामान्य समिति दिशा के सदस्य रुपेश कुमार सनी ने कहा की आपकी बेटी कल की आने वाले भविष्य है। बेटी को कोई कमजोर ना समझे आज के समय में बेटी सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। बेटी का सम्मान सभी को करना चाहिए। एनएसयूआई के उपाध्यक्ष मोहम्मद तौकीर आलम ने कहा की प्रीति कुमारी मॉडल के क्षेत्र में गुमला का मान सम्मान बढ़ाया है। हम दिल से अभिनंदन एवं स्वागत करते हैं। मौके पर प्रीति की मां मालती देवी, बालमुनि देवी, नानी फूलो देवी, छोटी बहन श्वेता, दीदी चंद्रमणि देवी मौजूद थी। सभी परिवार प्रीति की उपलब्धी पर बहुत खुश थे। मां मालती देवी का कहना है कि बेटी को आगे बढ़ाने के लिए हम लोग तो साथ देंगे। पर जिले के पदाधिकारी से भी अनुरोध किया है ऐसे प्रतिभागियों को आगे प्रोत्साहन करें ताकि गुमला जिला को भी मॉडलिंग के क्षेत्र में पहचान मिले।

### जमीन पर अवैध कब्जा की एसपी से की शिकायत, विवाद के बाद पहुंची पुलिस



सिसई। सिसई थाना क्षेत्र के लकेया गांव निवासी चामू उरांव ने अपने भूमिहरी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जा हटाने व गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए गुमला एसपी को आवेदन देकर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। अपने आवेदन में चामू उरांव ने कहा है कि लकेया के कुम्हार मोड़ पर स्थित नेशनल हाईवे रोड के किनारे पर उसका 1.59 एकड़ भुईहरी जमीन है। जिस पर सिसई के मेन रोड निवासी इस्लाम अंसारी उर्फ टिंकू के द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने के नियत से मेरे जमीन पर पिलर खड़ा कर बाउंड्री कराया जा रहा है। मैं जब बाउंड्री का विरोध करने पहुंचा तो टिंकू अंसारी के द्वारा मुझे जाति सूचक गाली गलौज करते हुए मुझे उक्त जमीन से धक्का मारकर बाहर कर दिया और कहने लगा कि दुबारा इस जमीन पर कदम रखेगा तो तुमको इसी जमीन पर मारके गाड़ देंगे। इस पर चामू उरांव ने अपने समाज के अगुवा लोगों को जानकारी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए समाज के लोगों ने बैठक कर चामु को उक्त घटना की जानकारी प्रशासन को देने, प्रशासन से जमीन पर हो रहे अवैध कब्जा हटाने और आरोपी पर कानुनी कार्रवाई की मांग की है।

### राता माटी के लावा नदी से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

जारी। जारी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि राताभाटी लावा नदी में 100 घनफीट बालू लदा एक ट्रैक्टर खड़ा है और ट्रैक्टर निकलने की तैयारी में है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस गाड़ी को देख ट्रैक्टर चालक भाग गया। ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में लाकर रखा गया। ट्रैक्टर पर करीब 100 घनफीट बालू लदा मिला। जिला खनन पदाधिकारी गुमला ने वाहन जब्त कर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। निरीक्षण में स्पष्ट हुआ कि बालू का उत्खनन और परिवहन अवैध रूप से किया गया है। ट्रैक्टर मालिक और चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### घाघरा पुलिस ने कुआं से नाबालिक लड़की का किया शव बरामद

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के हेदमी गांव के कुएं से 12 मई से गायब नाबालिक लड़की हेनीमा दास का छत विक्षत शव पुलिस ने बरामद कर गुमला पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार हेनीमा 12 मई से अपने घर से गायब थी। 12 मई को उसके पिताजी धनेश्वर दास और मां जंगल लकड़ी चुने के लिए गई थी। वापस आई तो घर से हेनिमा गायब थी। काफी खोजबीन किया गया जिसके बाद घाघरा थाना को 14 मई को इसकी लिखित शिकायत उसके पिता के द्वारा की गई। काफी खोज बिन परिवार वालों ने किया इसके बाद परिवार वालों ने ही घर के बगल डेढ़ सौ मीटर दूर कुएं में तैरता हुआ हेनिमा का शव देखा और पुलिस को सूचना दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को बरामद कर आगे की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर थाना प्रभारी पुनीत मिंज से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि गुमशुदगी की शिकायत मिली थी। शव बरामद कर लिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा की हत्या हुआ है या फिर आत्महत्या।

### डॉ संदीप 25 को गुमला में

गुमला। चर्म, कुष्ठ व थाईराईड रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 25 मई को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### आंधी तुफान से महिला के घर का उड़ा छत्त, मुआवजे की अपील



गुमला। घाघरा थाना क्षेत्र के कुगांव पंचायत के रन्हे गांव निवासी रामैईत देवी ने सीओ घाघरा को ज्ञापन सौंपकर अपने घर का छत्त आंधी तुफान में उड़ जाने की शिकायत की है। उन्होंने सीओ से तत्काल सहायता की गुहार लगाते ही मुआवजा की मांग की। रामैईत देवी ने कहा कि शनिार की शाम आये तेज आंधी बारिश से उनके घर का छत्त का एस्बेस्टर उड़ गया और गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बारिश के कारण घर पर रखा अनाज सहित कई सामग्री भींग कर खराब हो गया। आंधी तुफान से करीब 25 हजार रूपये का उसे नुकसान हुआ है।

# गुमला जिला का 42वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया

**गुमला रिवाइंड फोटो गैलरी एवं पुस्तिका का हुआ विमोचन, वीर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी गयी श्रद्धांजलि, खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित**







### जनता दरबार में घेर लिया था उग्रवादियों ने, परंतु विश्वास संवाद से निकला सुरक्षित : पूर्व डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गुमला जिला का 42वां वर्षगांठ के अवसर पर रविवार को जिला मुख्यालय में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले की गौरवगाथा को समर्पित इस आयोजन में वर्तमान प्रशासनिक नेतृत्व के साथ-साथ गुमला में अतीत में कार्यरत रहे अधिकारी, खिलाड़ी एवं समाजसेवी एकत्र हुए और जिले की यात्रा, चुनौतियों एवं उपलब्धियों को स्मरण किया। सर्वप्रथम डीसी कर्ण सत्यार्थी, एसपी शंभू कुमार सिंह, डीडीसी दिलेश्वर महत्तो व अन्य वरीय अधिकारियों ने इनडोर स्टेडियम में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत विकास भवन परिसर स्थित शहीद तेलंगा खड़िया की प्रतिमा, अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा और बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा सहित अन्य शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य कार्यक्रम से पूर्व समाहरणालय सभागार के समीप गुमला रिवाइंड नामक भव्य फोटो गैलरी का उदघाटन किया गया। जिसमें गुमला के इतिहास, विभिन्न प्रशासनिक घटनाओं, विशिष्ट आगंतुकों की यात्राओं एवं सामाजिक आंदोलनों से जुड़ी दुर्लभ तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। वरिष्ठ अतिथियों ने इसे देखकर अतीत की अनेक स्मृतियों को पुनर्जीवित किया। चंडाली स्थित समाहरणालय सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सेवानिवृत्त पूर्व डीसी गौरी शंकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में वर्ष 2014-15 के कार्यकाल को याद करते हुए बताया कि उस समय गुमला गंभीर उग्रवाद की चपेट में था। उन्होंने कहा कि मैंने बिना सुरक्षा बल के बिशुनपुर प्रखंड के घोर उग्रवाद प्रभावित बनालात गांव में मोटरसाइकिल से जाकर जनता दरबार आयोजित किया था। उस समय उग्रवादियों ने मुझे चारों ओर से घेर लिया था। लेकिन विश्वास, संवाद और संयम के साथ हम वहां से सुरक्षित लौटे। उन्होंने डीसी कर्ण सत्यार्थी का विशेष रूप से धन्यवाद दिया कि उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित कर पुराने अनुभवों को साझा करने का मंच प्रदान किया। पूर्व पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार ने अपने वक्तव्य में गुमला के कठिन दौर को रेखांकित करते हुए कहा कि जब मैंने कार्यभार संभाला गुमला और इसके ग्रामीण इलाकों में जाने से भी लोग डरते थे। लेकिन टाना भगतों के अहिंसक आंदोलन, जनता के सहयोग और पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से हम शांति बहाल कर पाए। गुमला सिर्फ उग्रवाद नहीं, बल्कि साहित्य, विज्ञान और खेल के लिए भी जाना जाता है। पूर्व डीडीसी पुनाई उरांव ने गुमला समाहरणालय भवन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह भवन एक अद्वितीय प्रशासनिक ढांचा है। डीसी कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में गुमला प्रशासन जनता से सीधे संवाद में विश्वास रखता है। शौचालयों में भी कुड़ुक भाषा में लिखे गए संकेतक इस जिले की भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता का प्रमाण हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान फील्ड विजिट में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे आज गुमला परिवर्तन की राह पर अग्रसर है। गुमला कार्यालय में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले पूर्व कार्यालय अधीक्षक मार्शल होरो ने भावुकता के साथ अपना अनुभव साझा किया और कहा कि 39 वर्षों तक गुमला की सेवा की। कई स्थानों पर अवसर मिलने के बावजूद अपने जिले के लिए यहीं रहा। इस आयोजन से कई भूली-बिसरी स्मृतियां जीवंत हो उठीं। इस अवसर पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट महावीर राम लोहारा ने खेल के प्रति अपने जुड़ाव की कहानी साझा करते हुए कहा कि मैं आठवीं कक्षा में था जब अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भाग लेने का सपना देखा। बाद में मैंने लॉन्ग जंप, हॉकी और अन्य खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर गुमला का नाम रोशन किया। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत भाषण डीडीसी दिलेश्वर महत्तो ने किया। उन्होंने कहा कि गुमला जिला 1983 में लोहरदगा से अलग होकर अस्तित्व में आया। यह जिला कभी सर्वाधिक शांत माना जाता था। फिर समय के साथ अनेक चुनौतियां आईं, लेकिन प्रशासन, पुलिस एवं नागरिकों के सामूहिक प्रयास से आज गुमला पुनः विकास, खेल और पर्यटन के मानचित्र पर उभर रहा है। समापन परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा के वक्तव्य के साथ हुआ।

### पुस्तक का किया गया विमोचन एवं खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान गुमला के ऐतिहासिक दस्तावेजों, उपलब्धियों, जनसांख्यिकी आंकड़ों और सांस्कृतिक पक्षों पर आधारित एक सुंदर पुस्तक का विमोचन भी किया गया। साथ ही जिले के 12 उत्कृष्ट शिक्षकों एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिला का नाम रोशन करने वाले 14 खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



### कार्यक्रम में ये थे शामिल

कार्यक्रम में अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक, जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, एसडीओ चैनपुर पूर्णिमा कुमारी, एसडीओ बसिया जयवंती देवगम, नजारत उप समाहर्ता ललन कुमार रजक, जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार एवं अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी व नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# लोहरदगा जिला के 42वां स्थापना दिवस में दिखी झारखंडी संस्कृति की झलक



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।



कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती बच्चियां।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखा बच्चों का जलवा

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा जिला के 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नया नगर भवन लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण सहित अन्य अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जीत डांस ग्रुप द्वारा किया गया। इसके पश्चात केजीबीवी सीएम उत्कृष्ट विद्यालय कुजरा की छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में छऊ नृत्य, लोकनाथ कला जत्था द्वारा नागपुरी नृत्य, कला दल नवा अंजोर द्वारा नाटक-सह-नृत्य, डांस एकेडमी द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। हाल के दिनों में आयोजित फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निर्देशक सूषमा निलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेन्द्र मुण्डा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा,जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, एलआरडीसी सुजाता कुजूर समेत अन्य उपस्थित थे।

## पहाड़ी क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : आलोक

**सांसद पहाड़ी क्षेत्रों में अपने प्रतिनिधि भेजकर समस्याओं का ले रहे हैं जायजा ताकि समस्याओं का निदान किया जा सके**

खबर मन्त्र संवाददाता



ग्रामीणों से जानकारी लेते आलोक साहू।

किस्को। प्रखंड के अंतर्गत देवदारिया पंचायत के 6 गांव एचएटीबी केबल खराब हो जाने के कारण विगत 15 दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर है। यहां के लोगों ने सांसद सुखदेव भगत से मुलाकात कर जल्द से जल्द खराब केबल को बदलने की मांग किए थे।

सांसद के निर्देश पर उनके निजी सचिव आलोक कुमार साहू देवदारिया पंचायत पहुंचकर खराब हुई एचए टीवी केबल का निरीक्षण किया। इस दौरान जोबांग गांव में ग्रामीणों की एक बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि इस पंचायत में पेयजल की घोर किल्लत है। नल जल योजना के तहत 10 -12 स्थानों में लगा जलमीनार अभी तक चालू नहीं हुआ है। इसी प्रकार पंचायत भवन के सामने जल मीनार कई वर्षों से खराब पड़ा है ।उत्तर तलसा, तलसा, छोटकी लावादाग खरचा, लावादाग, खड़िया सहित अनेक गांव में जलमीना खराब है उन्हें बनवाया जाए। बहाबार से वर पानी तक 5 किलोमीटर पीसीसी सड़क स्वीकृत हो गया है लेकिन वन विभाग से एक वर्षों से एनओसी नहीं मिला है। लावादाग से जमुनिया पानी जाने वाले पथ में बगडेरवा नदी पर पुलिया का निर्माण करने जैसे अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए सांसद से समस्याओं का निदान शीघ्र करने की मांग ग्रामीणों ने किया। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य में व्यापक स्तर पर लापरवाही बरती जाती हैजिसे सांसद बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस क्षेत्र में प्रशासनिक पदाधिकारियों का आवागमन नहीं हो पता है जिसके कारण यहां की समस्या यथावत रहती है। सांसद ने उन्हें इसलिए भेजा है की पहाड़ी क्षेत्र के जनता की समस्याओं से अवगत होकर उसका निदान किया जा सके साहू ने कहा कि सांसद आपकी समस्याओं के निदान हेतु कटिबद्ध है और उसका निधन किया जाएगा। मौके पर से ही साहू ने रांची जीएम बिजली विभाग से वार्ता किया तो उसने कहा कि एचडीटीवी केबल अभी विभाग में उपलब्ध नहीं है एक सप्ताह के अंदर केबल उपलब्ध करा दिया जाएगा। लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी से सड़क का एनओसी देने की बात कहें। साहू ने कहा कि पेयजल, सड़क, पुलिया एवं अन्य जो समस्या है उसे विभाग में जाकर विभाग के पदाधिकारी से मिलकर उसका निदान करने का प्रयास करेंगे।

मौके पर देवरिया मुखिया कमील टोपनो, पंचायतसमिति सदस्य सुनील टोपनो, पूर्व मुखिया सुमित्रा उरांव, इंद्रदेव उरांव, लालदेव गंझू, विकास नगेसिया, कैलाश सिंह, जुवेल भंगरा, श्रवन सिंह सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## रायडीह : चोरी की घटना पर रोक लगाने को लेकर बैठक

### बरगीडांड में चार मुहल्ले के लोग हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता




रायडीह। रायडीह थाना क्षेत्र के बरगीडाड बाजार टाड़ में चारों मुहल्लों के लोगों की रविवार को एक साथ विशेष बैठक हुई। बैठक में गांव में सभी तरह के बुराई के ऊपर चर्चा की गई। जिसमें सर्वप्रथम चोरी की घटनाओं को लेकर चर्चा हुई। जिसमें चोरी को रोकने के लिए निर्णय लिए गया की जो चोरी करते पकड़ा जाएगा उसको पांच हजार रुपए जुर्माना और साथ में 5 लाठी मारा जाएगा। चोरी का माल खरीदने वाले को दस हजार रुपए जुर्माना और 10 लाठी मारा जाएगा। दूसरा निर्णय नशा के रोकथाम के ऊपर लिया गया। जिसमें नशा बेचना और खरीदना बंद किया गया जो ऐसे करते पकड़े जाते हैं तो उसे भी सजा दिया जाएगा। साथ ही प्रतिबंधित चीजों के ऊपर भी गांव में रोक लगाया गया। इसके बाद संतोष मल्लाह और उसकी मां के द्वारा भी जो शिकायत मिली थी उसको निराकरण करते हुए मुजरिम हसन खान और साहेब खान के ऊपर करवाई की गई। बैठक में अध्यक्ष श्याम प्रसाद, अर्जुन मल्लाह, जमाल ताज, नजीर खान, रकिम खान मकबूल खान, मुख्तार खान, रहमत खान, जाकिर खान, जीतन प्रसाद, नेसार, सलीम, जावेद खान सहित कई प्रबुद्ध गण मौजूद थे।

### अनियंत्रित स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, बच्ची की मौत

लोहरदगा। बारात से लौट रही स्कॉर्पियो की बरगद पेड़ से हुई जबरदस्त टक्कर में एक बच्ची की मौत हो गई वही सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया। बताया जाता है कि घटना रात ढाई बजे उस वक्त हुआ जब ड्राइवर की आंख लग गई और स्कॉर्पियो विशालकाय बरगद की पेड़ से जा टकराई। मौके पर सेन्हा थाना पुलिस पहुंची और गाड़ी को जब्त करते हुए घायलों को तत्काल सुविधा व्यवस्था बहाल किया। बताया जाता है कि निंगनी से लरगो के लिए सभी बारात गए थे और शादी समारोह से रात में ही स्कॉर्पियो से लौट रहे थे तभी ड्राइवर की गलती के कारण बड़ी दुर्घटना हो गई। दुर्घटना में पालकोट डहू डाड निवासी दूल्हे की 14 वर्षीय फुफेरी बहन है जिसकी इलाज के क्रम में मौत हो गई। बताया जाता है कि लोहरदगा में स्थित निंगनी लॉज के मालिक रामलखन साहू के परिजन निंगनी निवासी शंकर साहू (मास्टर) के बेटा बहू परिवार गंभीर रूप से घायल है। सूत्रों के हवाले से सभी को रिम्स में भर्ती कराया गया है।

### एमबी डीएवी की छात्रा गुंजन इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुई सम्मिलित

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। एमबी डीएवी विद्यालय की छात्रा गुंजन लिल्हारे 16 मई को आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम 2023-24 राज्य स्तरीय प्रदर्शनी सह परियोजना प्रतियोगिता में सम्मिलित हुई। जिसमें राज्य स्तर पर प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु उसे पदक व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मानक अवार्ड का उद्देश्य 10 से 15 वर्ष की आयु वर्ग के छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार के लिए प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य युवाओं में विज्ञान के क्षेत्र में रुचि जागृत करना तथा उनके विचारों को बढ़ावा देना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के विद्यार्थियों के मध्य शिक्षक यू सी दास के देखरेख में इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया था। जिसमें गुंजन लिल्हारे को 10000 रुपए की धनराशि अपने प्रोजेक्ट को साकार करने हेतु प्रदान किया गया था। यह प्रतियोगिता अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल, रांची में आयोजित किया गया था। छात्र की इस उपलब्धि पर प्राचार्य जी पी झा व शिक्षक यू सी दास के साथ-साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

## विश्व बैंक फिशरीज टीम के अधिकारियों ने चट्टी में फीस फार्मिंग का लिया जायजा





खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। मत्स्य विभाग से जुड़े करीब दर्जन भर अधिकारियों ने रविवार को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत भंडरा के चट्टी में आवंटित बायोफ्लॉक तालाब का जायजा लिया। इस टीम में विश्व बैंक के फिशरीज एक्सपर्ट जूनियन मिलियन, एएफडी औरफी सिलार्द, एएफडी निधि बत्रा, प्रधान मंत्री मत्स्य विभाग के नोडल अधिकारी आईए सिद्दकी, एनएफडीबी हैदराबाद के मासूम वाहिद, राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम सहकारिता मंत्रालय के सरफराज अहमद, मत्स्य विभाग निदेशक एचएन द्विवेदी, उप निदेशक शंभू प्रसाद यादव, संयुक्त मत्स्य निदेशक अमरेन्द्र कुमार, उप मत्स्य निदेशक झारखंड संजय गुप्ता, मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र रांची के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार और लोहरदगा जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, गुमला मत्स्य पदाधिकारी कुसुमलता आदि शामिल हैं। सभी अधिकारियों ने बायो पौंड फीस फार्मिंग का जायजा लेते हुए योजना से जुड़े परेशानी, इससे होने वाली कमाई की और योजना से जुड़े लाभान्वितों की जानकारी गांव में नीली क्रांति को बढ़ावा देने वाले पहलवान तिवारी से ली। योजना के कामयाबियों से अधिकारी काफी प्रभावित हुए और प्रशंसा की। बता दें कि मत्स्य पालन के परंपरागत तौर तरीकों को बदल कर जिंदगी के मुश्किलों को आसान बनाते हुए चट्टी के पहलवान तिवारी ने गांव में फीस फार्मिंग को बढ़ावा दिया। गत वर्ष बायो पौंड में उन्होंने आठ टन पंगास मछली का उत्पादन कर पांच लाख की कमाई की थी। उन्होंने बताया कि तालाब में नियमित रुप से ऑक्सीजन सप्लाई के लिये मशीन चलाना पड़ता है। बिजली नहीं रहने से परेशानी होती है। इसके लिये उन्होंने सोलर बिजली की मांग अधिकारियों से की।

## कलश यात्रा के साथ मुरकुंडा गांव में श्रीमद भागवत कथा आरंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के मुरकुंडा पुरना टोली गांव में रविवार से आयोजित होने वाले सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की शुरूआत जोलो कोयल नदी से कलश यात्रा के साथ किया गया।

मुख्य कथावाचक प्रदीप शास्त्री जी महाराज द्वारा कलश यात्रा के पूर्व विधि पूर्वक पूजा अर्चना कराकर कलश यात्रा का शुरूआत किया गया। इस कलश यात्रा में पुरना टोली के साथ-साथ आसपास के दर्जनों गांव के सैकड़ो माता बहनें शामिल हुई। कलश यात्रा के दौरान भगवान के जयकारा से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय रहा। भक्त भक्ति में ध्यानमग्न रहे।

श्री श्री 1008 श्री कल्याण बाबा के नेतृत्व में यह कलश यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य कथा वाचक प्रदीप शास्त्री जी महाराज ने कहा कि विश्व शांति और मानव कल्यानर्थ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जहां प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा के 18000 श्लोक का पाठ किया जाएगा और संध्या छह बजे से भागवत कथा होगी। मुख्य आयोजन कर्ता श्री प्रदीप साहू और मनोज साहू ने कथा को सफल बनाने के लिए भक्तों से कथा में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि प्रतिदिन संध्या में कथा आरती के बाद सभी लोगों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया है। मौके पर राजेन्द्र साहू, सशिकीरण साहू, ओम प्रकाश साहू, राजू साहू उप मुखिया शिव दयाल साहू, अशोक चौधरी, दिलेश्वर प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या महिला पुरुष मौजूद थे।

# बरवाडीह में स्वास्थ्य भवन तो बने, पर ताले में बंद : सिस्टम पर बड़ा सवाल

# बिना डॉक्टर, बिना संसाधन पंचायतों में खड़े हैं बीमार अस्पताल भवन

**ठेकेदारों की चांदी, ग्रामीणों की उम्मीद अधूरी : स्वास्थ्य भवनों पर उठे सवाल**

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड में सरकारी योजनाओं के तहत पंचायत स्तर पर एक के बाद एक स्वास्थ्य भवन तो खड़े कर दिए गए हैं, लेकिन इनमें से ज्यादातर का संचालन आज तक शुरू नहीं हो पाया। कहीं भवन बनते ही वीरान हो गए, तो कहीं ताले लगे हुए हैं। यह स्थिति न सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि सरकारी संसाधनों के उपयोग पर भी गंभीर चिंता जताती है।

### छेचा पंचायत बना सबसे बड़ा उदाहरण

छेचा पंचायत में आयुष्मान भारत योजना के तहत दो अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए। एक टीकूआ टोला में और दूसरा चपरी गांव में। दोनों भवनों पर कुल 92 लाख रुपये से अधिक खर्च किए गए। टीकूआ का भवन मार्च 2024 में शुरू हुआ और कुछ समय तक इलाज की सुविधा भी दी गई, लेकिन अचानक फरवरी 2025 में यह केंद्र बंद कर दिया गया और चुपचाप चपरी गांव में नया भवन बना कर वहां शिफ्ट कर दिया गया। अब टीकूआ का भवन वीरान पड़ा है, न डॉक्टर, न स्टाफ और न ही मरीज।


टिकुआ में बना भवन।

### नियोजन पर उठ रहे सवाल, कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि योजनाएं कागजों पर अच्छी दिखती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। जब तक इन भवनों को चालू करने की ठोस योजना नहीं बनती, तब तक यह सब सिर्फ शिलान्यास और उद्‌घाटन तक ही सीमित रहेगा। लोगों की मांग है कि बंद भवनों की जांच हो, खर्च का ऑडिट कराया जाए और जवाबदेही तय की जाए। बता दें कि बरवाडीह प्रखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जो तस्वीर सामने आई है, वह चिंताजनक है। जरूरत इस बात की है कि योजनाओं को केवल निर्माण कार्य तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उनका प्रभावी संचालन भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि सरकारी धन का सही उपयोग हो और जनता को उसका लाभ मिल सके।

### अन्य पंचायतों में भी हाल कुछ अलग नहीं

छेचा ही नहीं, बरवाडीह की अन्य पंचायतों में भी स्थिति कुछ खास बेहतर नहीं है। कहीं भवन आधे अधूरे पड़े हैं, तो कहीं तैयार होने के बाद भी ताले लगे हैं। ग्रामीणों को न तो समय पर प्राथमिक उपचार मिल पा रहा है और न ही किसी विशेषज्ञ से सलाह।


चपरी में बना भवन।

### भवन नहीं, इलाज चाहिए : ग्रामीणों की नाराजगी

यह स्थिति तब है जब खुद बरवाडीह प्रखंड के मुख्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और जरूरी संसाधनों की घोर कमी है। एक या दो डॉक्टरों के भरोसे पूरा प्रखंड चल रहा है, जहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज पहुंचते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि पंचायत स्तर पर नये भवन बनवाकर भी आखिर क्या हासिल किया जा रहा है ? स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन बना देने से इलाज नहीं मिलता, इलाज तब मिलेगा जब वहां डॉक्टर, दवा और उपकरण उपलब्ध होंगे। ग्रामीणों का साफ कहना है कि इन इमारतों का कोई मतलब नहीं अगर उनमें इलाज की सुविधा नहीं मिले।

## स्पीड न्यूज

### यादव महासभा की बैठक हुई

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल कजरिया में प्रांतीय यादव महासभा की बैठक रविवार को आयोजित की गई । बैठक में कई विषयों पर चर्चा हुई जिसमें बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के चेताग ग्राम में वीर कुंवर स्थल में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कराए जाने का विरोध किया गया। बैठक में शामिल लोगों ने कहा कि हम लोगों की मांगे में नहीं मानी जाती है तो इसका बड़े आंदोलन करके विरोध किया जाएगा। वहीं प्रांतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वपन घोष का आगमन आगामी 20 में को लातेहार में होना है। जिसको लेकर सैकड़ो की संख्या में यादव समाज के लोग एकत्रित होकर लातेहार जाएंगे। तथा सभी यादव समाज के लोग अपने-अपने गांव में इसका प्रचार प्रसार करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास करेंगे। यह निर्णय लिया गया। वहीं मौके पर यादव महासभा बालूमाथ प्रखंड के कोषाध्यक्ष मनोज यादव, बालेश्वर यादव, राजन यादव, केदार यादव, दीपक यादव, प्रदीप यादव, प्रीतलाल यादव, मुनेश्वर यादव, अशोक यादव, निर्मल यादव, चंद्रदेव यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### घर के बाहर खड़ा बोलेरो की चोरी

बारियातू। थाना क्षेत्र अंतर्गत बारियातू सदर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रास बिहारी प्रसाद के घर के बाहर खड़ी बोलेरो वाहन संख्या (जेएच01एएम-1627) को अज्ञात चोरों ने बीते रात चोरी कर लिया। पीड़ित ने बारियातू थाना में लिखित आवेदन देकर जल्द से जल्द वाहन की बरामदगी की मांग की है। पीड़ित रास बिहारी प्रसाद ने बताया कि शनिवार की रात प्रतिदिन की तरह अपनी बोलेरो गाड़ी घर के मुख्य द्वार के बाहर खड़ी किए थे। रात करीब 12 बजे वाहन स्टार्ट होने की आवाज सुनाई दी। जब वे बाहर निकले तो देखा कि उनकी गाड़ी खड़ा किए गए स्थान से गायब थी। इसके बाद उन्होंने परिजनों के साथ मिलकर आसपास के इलाके में काफी खोजबीन की लेकिन गाड़ी का कहीं कुछ पता नहीं चला। लोगों ने रात में गश्ती बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। बहुत ही जल्द चोरी में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी कर वाहन को बरामद कर लिया जाएगा।

### बिजली व्यवस्था धराशायी, जनता बेहाल, आंदोलन की तैयारी

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड इन दिनों प्रचण्ड गर्मी और चिलचिलाती धूप के दोहरे हमले से जूझ रहा है, मगर हालात को और बदतर बना रही है बिजली विभाग की मनमानी और चरमराई विद्युत आपूर्ति व्यवस्था। जहां सरकार गर्मी के मौसम में सुचारू बिजली देने का दावा कर रही है, वहीं जमीन पर स्थिति इससे बिल्कुल उलट है। दावे हैं कि रोजाना 20 से 22 घंटे बिजली दी जा रही है, लेकिन हकीकत यह है कि प्रखंड क्षेत्र में मुश्किल से 2-3 घंटे ही बिजली मिल रही है, वो भी बेतरतीब और बिना किसी तय समय के। कभी भी बिजली चली जाती है और कब आएगी, इसकी कोई जानकारी नहीं। इस अनियमितता से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा अब फूटने की कगार पर है। लोगों का कहना है कि विभागीय लापरवाही और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के कारण उनका जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सूत्रों की मानें तो फिलहाल पूरे प्रखंड को केवल 1 मेगावाट बिजली दी जा रही है, जिसे अलग-अलग फीडरों में काट-काट कर बांटने की कोशिश की जा रही है। मगर यह प्रबंधन अब पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी इलाकों तक लोग अब आंदोलन के मूड में हैं। कई उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र हालात नहीं सुधरे, तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। बिजली की यह बदहाली न केवल जीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

## जमीरा से चंदवा मुख्यालय तक की सड़क अविलंब दुरुस्त हो : प्रतुल

**खबर मंत्र संवाददाता**

- प्रतुल शाहदेव ने उपायुक्त से की कई गांव को जोड़ने वाले परसाही महुआमिलान स्टेशन मार्ग बनाने की मांग
- कहा बरसात में हजारों की आबादी प्रखंड मुख्यालय से कट जाती है




**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए वीडियो शेयर कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और लातेहार के उपायुक्त से चंदवा प्रखंड मुख्यालय से दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले परसाही-महुआ मिलान स्टेशन सड़क निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा है चंदवा प्रखंड के सुदूर जमीरा ग्राम और चंदवा प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क को दुरुस्त किया जाए। प्रतुल ने बताया कि गुजरात में जमीरा निवासी विनोद यादव की मौत हो गई थी। उसके बाद उनके शव को एंबुलेंस से जब जमीरा लाया जा रहा था, तब भी इस रास्ते से जाने में बहुत परेशानी हुई थी। प्रतुल ने कहा कि इलाके में वर्षों से चल रहे रेलवे के कार्य ने धर्मौति नदी को भी मिट्टी से लगभग ढक दिया है। रेलवे की भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इस पर भी अंकुश लगाने की आवश्यकता है। प्रतुल ने कहा कि नदी पर कोई पुल भी नहीं है। आने-जाने वाले हजारों लोगों को बड़ी कठिनाई होती है। रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण बड़ी दुर्घटना का डर हमेशा बना रहता है। बरसात के समय ये इलाका प्रखंड मुख्यालय से पूरे तरीके से कट जाता है। प्रतुल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उपायुक्त लातेहार से आग्रह किया है कि मार्ग और पुल नहीं होने के कारण ये अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति बहुल इलाका विकास की मुख्य धारा से कट सा गया है। इसलिए अविलंब मामले में संज्ञान ले कर इस सड़क और पूल को युद्ध स्तर पर बनाने का कार्य प्रारंभ हो। बता दें कि उक्त मार्ग होते जमीरा, रोल, छापर टोला, महुआ मिलान, डूरु, देवनदिया, लोहसिंगना, रक्सी, पिपराही समेत कई गांव के लोग आवागमन करते हैं। पूर्व में भी कई बार उक्त मार्ग पर सड़क निर्माण की मांग हो चुकी है।

### उग्रवादी धमकियों से भयभीत डीजीपी से लगाई जान की सुरक्षा की गुहार

## संजय ने नामजद अभियुक्त पर कार्रवाई की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददात**



**लातेहार।** महुआडांड़ प्रखंड निवासी संजय कुमार जयसवाल ने उग्रवादी धमकियों से भयभीत होकर डीजीपी, पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर अपनी जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी मिल रही है, जिसे लेकर उन्होंने महुआडांड़ थाना में प्राथमिकी संख्या 17/2025 दर्ज कराई है। अपने आवेदन में श्री जयसवाल ने कहा है कि इस मामले में नामजद अभियुक्त झारखंड जनता मुक्ति परिषद से जुड़े रामानंद यादव हैं, जिनका आपराधिक इतिहास रहा है। रामानंद यादव पूर्व में भी सीसीए एक्ट के तहत जेल जा चुके हैं, और कई बार उग्रवादीसंगठनों के साथ पुलिस पर हमला करने की कोशिशों में शामिल रह चुके हैं। संजय जयसवाल का आरोप है कि रामानंद यादव खुलेआम महुआडांड़ के बाजार व सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे हैं और उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अब तक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से संपर्क करने के बावजूद उनकी प्राथमिकी पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जयसवाल ने आशंका जताई कि यदि समय रहते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, तो उनकी जान को गंभीर खतरा हो सकता है। उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक, पलामू प्रमंडल से आग्रह किया है कि प्राथमिकी संख्या 17/2025 पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाए और उन्हें समुचित सुरक्षा प्रदान की जाए।

## जेल अदालत-सह- विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन दी गई जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लातेहार। रविवार को मंडल कारा, लातेहार में झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार मनोज कुमार सिंह के आदेशानुसार जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि एसडीजेएम लातेहार प्रणव कुमार ने कैदियों को जागरूकता कैम्प में अपने मुकदमें की स्थिति की जानकारी, प्ली बारगेनिंग, वन अधिनियम से संबंधित वाद, सुलहनीय वादो की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की उन्होंने कैदियों से उनकी समस्याऐं सुनी और जल्द से जल्द उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कैदियों को हर संभव सहायता देने के लिए डालसा प्रतिबद्ध है साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत, मासिक लोक अदालत एवं मध्यस्थता के माध्यम से वाद को सुलह के आधार पर समाप्त करने की जानकारी दी गयी। साथ ही साथ वैसे बंदी जो अधिवक्ता रखने में असमर्थ है उनको सरकारी अधिवक्ता मुहैया कराये जाने की जानकारी दी। एसडीजेएम प्रणव कुमार ने लातेहार कारा के बंदियों को रिमाण्ड के समय तथा काराधीन होने के पश्चात मिलने वाले उनके अधिकारों के बारे में बताया साथ ही जेल से निकलने के बाद कैदियों को समाज के मुख्य धारा से जुड़ने एवं अपने स्किल को बढ़ाकर नये जीवन की शुरूआत करने का आह्वान किया। एल.ए.डी.सी. के अधिवक्ताओं द्वारा कैदियों को उनके वाद संबंधित अद्यतन जानकारियॉ दी गयी। मौके पर एल.ए.डी.सी. के अधिवक्ता दीपक कुमार मिश्रा एवं राहुल कुमार, पीएलवी एवं विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारी, मंडल कारा लातेहार के कर्मचारीगण सहित सैकड़ो कैदी उपस्थित थे।

## बरवाडीह : चाइल्ड लाइन कर्मियों को नहीं मिला मानदेय, विधायक से लगाई गुहार


विधायक को मांगपत्र सौंपते कर्मी।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे स्टेशन स्थित चाइल्ड लाइन सेंटर में कार्यरत महिला समग्र उत्थान समिति के माध्यम से नियुक्त कर्मियों को अप्रैल 2023 से अगस्त 2023 तक का मानदेय अब तक नहीं मिला है। इससे नाराज कर्मियों ने रविवार को बरवाडीह विधायक रामचंद्र सिंह से मुलाकात की और अपनी समस्या से अवगत कराया। कर्मियों ने बताया कि उनका मानदेय लंबे समय से बकाया है। कई बार संस्था और विभाग से शिकायत के बावजूद सिर्फ आश्वासन मिला, भुगतान नहीं हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि अब चाइल्ड लाइन का संचालन महिला समग्र उत्थान समिति की जगह रांची की एक अन्य संस्था बाला जी कंपनी को सौंप दिया गया है। इस नए बदलाव के तहत स्थानीय कर्मियों की जगह बाहरी लोगों को नियुक्त किया गया है, जिससे स्थानीय कर्मियों का रोजगार भी छिन गया है। विधायक रामचंद्र सिंह ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए कर्मियों को भरोसा दिलाया कि उनका बकाया मानदेय जल्द दिलाया जाएगा। उन्होंने विभाग को पत्र लिखने और पूरे प्रकरण की जांच कराने की बात भी कही। साथ ही यह आश्वासन दिया कि प्रखंड क्षेत्र में संचालित सभी एनजीओ में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिले, इसके लिए भी विभागीय स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान शिखा कुमारी, शिल्पा कुमारी, शंभू कुमार, रिया कुमारी, कंचन कुमार समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### एस्सार पावर प्लांट में आई नयी कंपनी से वेतन भुगतान की मांग


बैठक करते ग्रामीण।

**चंदवा।** किसान विकास श्रमिक स्वावलंबन सहकारी समिति लिमिटेड के बैनर तले एस्सार प्रबंधन से जुड़े कर्मियों एवं ग्रामीणों की बैठक प्रयाग गंझु ने की। बैठक में कर्मियों ने कहा कि वर्ष 2007-8 में चंदवा प्रखंड के पांच गांव क्रमशः अनगड़ा, चतरो, कुसुमटोला, अरधे एवं तुपी में पावर प्लांट लगाने हेतु एस्सार पावर झारखंड लिमिटेड द्वारा इकरारनामा के तहत रैयत से जमीन लिया गया था। किसी इकरारनामा के तहत सभी रैयतों एवं जमीनदाताओं को नौकरी भी दिया गया था। कंपनी द्वारा सभी लोगों को 20 मार्च 20 25 तक लगातार वेतन दिया जा रहा था, परंतु अप्रैल 2025 से प्लांट में आई नई कंपनी उड़ीसा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बिना कोई कारण बताए या नोटिस दिए बिना ही सभी रैयतों का वेतन भुगतान बंद कर दिया गया। कंपनी के इस रवैये से हम सभी रैयतों एवं जमीनदाताओं के रोजी-रोटी पर घोर संकट बहाल हो गया और भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कंपनी की इस रैयत विरोधी, जन विरोधी, निरंकुश एवं तानाशाही नीति का विरोध करते हुए हम आपसे आग्रह करते हैं कि तत्काल हमारा वेतन भुगतान चालू नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मांग करने वालों में राम दीवाली गंझु, मनमोहन गंझु, नारायण गंझु, रामजीत गंझु, बाबूलाल गंझु, अजीत श्रीवास्तव, महेश गंझु, दर्जनों लोग शामिल हैं।

### पिकअप के धक्के से मोपेड सवार युवक घायल

**चंदवा।** एनएच 22 रांची चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के नगर के समीप शनिवार की देर रात्रि अज्ञात पिकअप वाहन ने मोपेड सवार युवक को चपेट में ले लिया जिससे मोपेड सवार युवक नितेश कुजूर पिता बबली कुजूर (तूढ़ामू चंदवा) गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा भेजा गया जहां डॉक्टर कंचन बाड़ा की देखरेख में उसका प्राथमिक उपचार किया गया। युवक के दोनों पैर में गंभीर चोट आई है। बताया जाता है कि नितेश कुजूर अपने रिश्तेदार के घर चोर झरिया गया हुआ था , वहां से वापस आने के क्रम में उक्त दुर्घटना हुई।

## विधायक से मतकोमा मध्य विद्यालय को अपग्रेट करते हुए उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने की मांग की


दौरा करते विधायक।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बारियातू।** विधायक प्रकाश राम ने फूलसू पंचायत के ग्राम मतकोमा, लाटू, सतीटांड़, फूलसू, हिसरी, करमा गांव का दौरा किया। क्षेत्र दौरा के क्रम मे ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याए सुनी। लोगो ने विधायक के समक्ष अपने क्षेत्र के समस्याओं को रखा। जिसमें मतकोमा मध्य विद्यालय को अपग्रेड करते हुए उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने की मांग की। सतीटांड़ के ग्रामीणों को सिंचाई व्यवस्था में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसे मुख्य रूप से विधायक को अवगत कराए। फूलसू बाजार में स्ट्रीट लाइट का व्यवस्था करने की मांग रखा। करमा ग्राम से लेकर चोरकट्टाबर तक सड़क निर्माण को लेकर विधायक को अवगत कराया गया। अन्य कुछ समस्याओं को ऑन द स्पोर्ट जिले के अधिकारियों से बात कर समाधान कराया। अन्य समस्याओं के लिए ग्रामीणों को 19 मई दिन सोमवार को प्रखंड सह अंचल सभागार बारियातू में लगाने वाले जनता दरबार में अपने शिकायतों का लिखित आवेदन लेकर आने को कहा। मौके पर देवनन्दन प्रसाद, अनील प्रसाद, नेता योगेंद्र भोक्ता, युवा नेता सोनू प्रजापति, नेता किशोर प्रसाद, जतन प्रजापति, विजय भुइया, नरेश प्रजापति, सुखदेव साव, महेंद्र यादव, धीरज राणा, बलदेव यादव, रमेश राम , दीपक प्रजापति, नीलू शर्मा, जगदीश उरांव सहित काफी संख्या में महिला पुरूष शामिल थे।

### शोभायात्रा के साथ पंचमुखी हनुमंत जी की प्रतिमा का हुआ नगर भ्रमण



**हेरहंज।** बस स्टैंड स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में चल रहे श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीराम महायज्ञ के चौथे दिन, रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ परिक्रमा व पूजन के लिए उमड़ पड़ी। यह धार्मिक अनुष्ठान स्वामी 1008 शेषनारायणाचार्य जी महाराज की सानिध्य में संपन्न हो रहा है। रविवार की शाम पांच बजे श्री पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा का महास्नान किया गया, जिसके बाद उन्हें भव्य रथयात्रा के माध्यम से गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं,पुरुषों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक रात्रि आठ बजे से श्रीरामचरित मानस का पाठ किया जा रहा है, जिसमें विद्वान एवं महात्मा सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश प्रदान कर रहे हैं। पाठ सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। यह महायज्ञ न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज को संस्कार, अध्यात्म और सेवा का संदेश भी प्रदान करता है। भक्तों की श्रद्धा और समर्पण से यह आयोजन अत्यंत सफल हो रहा है। यज्ञ समिति द्वारा प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन किया जा रहा है, जिससे सभी को प्रसाद ग्रहण करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। 15 मई, गुरुवार को जलयात्रा के साथ श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीराम महायज्ञ की शुभ शुरूआत की गई थी।

# बोकारो डीसी ने समाज कल्याण विभाग का किया समीक्षा बैठक, कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी विजया जाधव ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक किया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी महिला पर्यवेक्षिका आदि उपस्थित थे। बैठक में डीसी ने जिला अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन आंगनबाड़ी केंद्र भवन की स्थिति पेयजल व शौचालय की व्यवस्था आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं का आयुष्मान कार्ड और सेविका-सहायिका के रिक्त पद से संबंधित प्रतिवेदन पर क्रम वार समीक्षा की। उन्होंने इस दिशा में कार्य प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। डीसी ने सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र पीएम जनमन सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना महिला पर्यवेक्षिकाओं को आधार ऑनबोडिंग हेतु परीक्षा पास कराते हुए विभाग को प्रतिवेदन प्रेषित करने तथा पोषण ट्रैकर अपडेशन से संबंधित विविध गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका का आयुष्मान कार्ड बनाने से संबंधित कार्यों का अवलोकन उपरांत सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को अपने स्तर से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीकरण कराना और सेविकाओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पद के विरुद्ध जल्द से जल्द प्रस्ताव जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं डीसी ने सभी सीडीपीओ को नियमित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने एवं सभी महिला पर्वेक्षकों को सप्ताह में चार दिन आंगनबाड़ी केंद्रों का पर्यवेक्षण करते हुए प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# बोकारो : बीएसएल का ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर हुआ आरंभ

**बच्चों को 12 अलग-अलग खेलों के प्रशिक्षकों द्वारा शिविर के दौरान प्रशिक्षण दिया जायेगा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लान्ट के क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर-2025 का उद्घाटन मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में मुख्य महाप्रबंधक-नगर सेवाएं कुंदन कुमार ने किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक-संपर्क एवं प्रशासन सीआरके सुधांशु महाप्रबंधक-नगर सेवाएं एके अविनाश सहायक महा प्रबंधक-क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं सुभाष रजक समेत अन्य वरीय अधिकारी विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक मीडिया कर्मी बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित थे। उद्घाटन के पश्चात रजक ने बच्चों तथा अभिभावकों को 03 जून तक चलने वाली इस शिविर के विषय में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 08 से 15 साल तक के लगभग 478 बच्चों ने अपना पंजीयन कराया है। बच्चों को 12 अलग-अलग खेलों के प्रशिक्षकों द्वारा शिविर के दौरान प्रशिक्षण दिया जायेगा। इन खेलों में एथलेटिक्स- बैडमिन्टन- बास्केटबाल- क्रिकेट- फुटबाल- हैंडबाल- हॉकी- कबड्डी- खोखो- वालीबाल- शतरंज एवं तीरंदाजी शामिल हैं। इन खेलों के प्रशिक्षण अलग-अलग स्थानों पर दिए जाएंगे जहां समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर 3 जून तक चलेगा।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो : मेगा स्वास्थ्य शिविर में 366 ने कराया स्वास्थ्य जांच



बोकारो। डीसी विजया जाधव के निर्देशानुसार गोमिया प्रखण्ड के चतरोचट्टी के बिरहोर टांडा पीवीटीजी मोहल्ले में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में पीवीजीटी परिवार के सदस्य/बच्चों व आमजनों ने स्वास्थ्य जांच करवाया। सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद डीपीएम दीपक कुमार ने शिविर का जायजा लिया। स्वास्थ्य जांच के साथ लोगों को जरूरी दवा उपलब्ध कराई। शिविर में कुल 366 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। डीसी ने आमजनों से अपील किया है कि वह शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर शिविर का लाभ उठाएं। शिविर हेतु प्रतिनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों में डॉ रंजन कुमार एमओ डॉक्टर विपिन कुमार एमओ रजनीश रंजन सीएचओ सुभद्रा कुमारी सीएचओ अनीता महतो सीएचओ राज रवनीत कश्यप सीएचओ कुमारी पूनम एएनएम ज्योति कुमारी एएनएम अंजली कुमारी एएनएम वीणता सुरीन एएनएम सिद्धार्थ कुमार शर्मा एलटी नरेंद्र प्रजापति राखी कुमारी पीएचएम सोमनाथ भारती अनिल कुमार टैगोर सुरजन मरांडी गणेश हांसदा सुरेंद्र कुमार चौधरी एमपीडब्ल्यू नंदलाल महतो एमपीडब्ल्यू मंजू कुमारी हेल्थ वर्कर अमन गाडी हेल्थ वर्कर एवं गोपाल महतो हेल्थ वर्कर शामिल हैं।

### करगली मे श्रमिक नेता स्व डॉ आरजे सिंह की पुणयतिथि मनाई गयी



बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली बाजार में पत्रकार चुन्नु सिंह के आवास में श्रमिक नेता डॉ आर जे सिंह की 12 वीं मनाई गई। इस पर पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, भाजपा नेता अर्चना सिंह और विक्रम पांडेय, श्रमिक नेता उत्तम सिंह, गणेश मल्लाह, जवाहर लाल यादव, राजन साव, महारुद्र नारायण सिंह ,सत्येंद्र सिंह और देवीदास ने कहा कि डॉ सिंह कोयला मजदूरो के समस्याओ के समाधान को लेकर हमेशा सजग रहते थे। साथ ही साथ दबे कुचले के आवाज थे। मौके पर पत्रकार राकेश वर्मा, योगेश तिवारी, आशीष कुमार, विनय दूबे, राकेश सिंह, प्रशांत सिंह, मृत्युंजय पांडेय, सुधीर किशन उर्फ भोला, निमाई सिंह चौहान, दिलीप अग्रवाल, युगेश तिवारी, दिलीप शर्मा, जितेंद्र सिंह, दिलीप शर्मा आदि मौजूद थे।

### मानव सेवा बैंक के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गोड्डा। महागामा बीते दिनों मानव सेवा बैंक के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। उक्त मामले में आरोपी नमित कुमार जयसवाल ने 2019-20 में महागामा में फर्जी बैंक खोलकर लोगों को ठगा था। इस मामले को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महागामा चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि आरोपी नामित कुमार ने अन्य बैंकों से ज्यादा ब्याज देने का लालच देकर कई लोगों से पैसे जमा कराए। इसके बाद लाखों रुपये लेकर फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ महागामा थाने में 7 और गोड्डा नगर थाने में एक मामला दर्ज है। उक्त मामले के उद्भेदन को लेकर पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बनाई थी। वहीं बताया गया कि नमित कुमार अपनी पहचान छिपाकर अलग-अलग किराए के मकानों में रह रहा था।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर कर दी पति की हत्या, गिरफ्तार

**मृतक की पहचान 25 वर्षीय रविन्द्र मुर्मू के रूप में हुई**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** अज्ञात युवक के शव बरामद मामले का उद्भेदन करते हुए जामा पुलिस हत्या के आरोप में कथित प्रेमी एवं पत्नी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। इस बावत थाना प्रभारी अजीत कुमार ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि बीते 16 मई को विलिवर्स ईस्टर्न चर्च कुरमन के परिसर में एक अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया था।

पोस्टमार्टम के बाद दूसरे दिन थाना क्षेत्र के धनाडीह गांव के मृतक का भाई रसिलाल मुर्मू ने शव की पहचान 25 वर्षीय रविन्द्र मुर्मू के रूप में हुई। अनुसंधान के दौरान मृतक का भाई ने पुलिस को बताया कि मृतक भाई की पत्नी रासमुनि हेम्ब्रम का प्रेम प्रसंग जामा थाना क्षेत्र के फाड़ासिमल गांव के राजीव मुर्मू के साथ चल रहा है। उसने आशंका जाहिर किया कि दोनों ने मिलकर उसके भाई की हत्या कर दिया है।



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते थाना प्रभारी व गिरफ्तार प्रेमी युगल।

साथ ही उसकी भाभी बीते 6 मई को ही अपने दोनों बच्चा को छोड़कर घर से फरार है। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कराकर एसपी ने एसडीपीओ अमित कुमार कच्छप के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। जिस टीम ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को फाड़ासिमल गांव से दोनों प्रेमी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछने पर दोनों ने गला दबाकर हत्या किए जाने का अपराध स्वीकार किया है।

रविवार को पुलिस दोनों गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में एसडीपीओ अमित कच्छप समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# दुमका : जेल अदालत लगा बंदी की हुई रिहाई, मेडिकल कैंप भी लगा




खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से केन्द्रीय कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनुप तिर्की ने किया। जिसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनुप तिर्की के न्यायालय में लंबित तीन वाद, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी मोहित चौधरी के न्यायालय में लंबित दो वाद एवं न्यायिक दंडाधिकारी वॉल्टर भेंगरा के न्यायालय में लंबित एक वाद समेत कुल 6 वादों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया। जिसमें से अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित वाद के एक बंदी को रिहाई का आदेश देते हुए अन्य सभी वादों में बंदियों का समयावधि कम रहने के कारण आवेदन पर विचार नहीं किया जा सका। जेल अदालत में मेडिकल कैंप लगा करके बंदियो के स्वास्थ्य की जांच भी की गई। वहीं बंदियों को लिगल एड की आवश्यकता थी, उसपर प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर कारा अधीक्षक, लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के सदस्य एवं न्यायालयकर्मी, काराकर्मी एवं बंदी उपस्थित थे।

# गोड्डा : रोड सेफ्टी के तहत पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर थाना के सामने रविवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। वहीं जांच के दौरान वैसे सभी वाहन सवारों का चालान काटा गया जिस दो पहिया सवार के पास हेलमेट नहीं था साथ ही उसके खिलाफ सख्ती भी बरती गयी। वाहन जांच अभियान का नेतृत्व नगर थाना प्रभारी दिनेश महली ने किया। इसमें दो पहिया, चार पहिया वाहनों के डिक्की की तलाशी के साथ-साथ वाहनों के कागजात एवं हेलमेट की जांच की गयी। जिस बाइक चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस, गाड़ी के कागजात, हेलमेट नहीं थे वैसे वाहन चालकों को परिवहन विभाग की ओर से चालान काटा गया। साथ ही बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले चालकों को कड़ी फटकार भी लगायी गयी। परिवहन विभाग के कर्मी द्वारा बताया कि जो बाइक चालक ऑनलाइन काटे गये चालान की राशि जिला परिवहन कार्यालय के वेबसाइट पर डाल दिये। वैसे वाहन चालकों के वाहन को मुक्त कर दिया गया। वहीं इस अभियान को लेकर नगर थाना प्रभारी दिनेश महली ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटना में वृद्धि को देख इस पर नियंत्रण हेतु सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। वहीं बताया गया कि पुलिस अधीक्षक ने सडक सुरक्षा को लेकर गंभीरता जताई है, इसलिए पुलिस भी पूरे जिले में इस अभियान को लेकर रेस में है।

# बेरमो : पुलिस ने 48 घंटे के भीतर हत्या के मामले का किया उद्भेदन, सभी हत्यारे पुलिस की गिरफ्त में

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** 14 और 15 मई की रात बोकारो जिला के नावाडीह थाना क्षेत्र में हजारीबाग विष्णुगढ़ थान क्षेत्र के सिरौय गांव के रहने वाले हेमलाल पंडित की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिस वक्त हेमलाल को गोली मारी गई थी उस समय उनके पिता तुलसी पंडित भी क्रेटा गाड़ी में बैठे हुए थे। घटना के बाद बोकारो एसपी के द्वारा गठित एसआईटी की टीम ने 48 घंटे के अंदर मामले का उदभेदन कर दिया। इस मामले में महिला चंपा देवी उसके मित्र प्रकाश सिंह और शूटर डोमन राम तथा विकास कुमार को एक देशी पिस्तौल एक देसी कट्टा और 6 जिंदा गोली के साथ अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया गया है। बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि चंपा देवी के पति खगेश्वर पंडित की पिछले दुर्गा पूजा के नवमी के दिन मृत्यु हो गई थी चंपा देवी को शक था की ओझा गुनी का काम करने वाला हेमलाल पंडित के जादू टोना और जहर देने के कारण उसके पति की मौत हुई है। उसके बाद चंपा ने हेमलाल को ठिकाने लगाने के लिए काम शुरू कर दिया उसने अपने मित्र धनबाद जमा डोभा के निवासी प्रकाश सिंह से संपर्क किया प्रकाश सिंह ने हेमलाल की हत्या के लिए डोमन राम और विकास कुमार को तीन लाख की सुपारी दी। जिसमें 2 लाख 35 हजार विभिन्न माध्यमों से उन्हें देने का काम किया गया। कुछ दिन पूर्व हेमलाल को पकड़ने का प्रयास किया गया था। लेकिन शूटर सफल नही हुए थे। इसके बाद झाड़फूंक करने की बात कह कर प्रकाश सिंह और डोमन ने हेमलाल के घर जाकर 5000 देने का काम किया। झाड़फूंक करने के लिए उसे नावाडीह बुलाने का काम किया। इस दौरान पिता पुत्र क्रेटा में सवार होकर नावाडीह पहुंचे। प्रकाश और डोमन ने रात में सुनसान जंगल ले जाने का काम किया। इसी दौरान डोमन और विकास कुमार ने देसी कट्टा और पिस्तौल के साथ गाड़ी में ही हेमलाल की गोली मारकर हत्या कर फरार हो गए। इस हत्याकांड में अन्य दो आरोपी अभी फरार हैं। घटना के बाद नवाडीह थाने में जमकर तोड़फोड़ भी हुई थी। बेरमो एसडीपीओ बी एन सिंह ने विधायक को 24 घंटे के अंदर मामले के खुलासा का भरोसा दिया था और इस मामले का 48 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया गया।

# तेनुघाट मे जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला और राज कुमार पांडेय के संयुक्त नेतृत्व में रविवार 18 मई को जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। साथ ही जेल में बंदियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला ने बंदियों को बताया कि ऐसा काम जिससे दूसरे को नुकसान हो वैसा काम नहीं करना चाहिए। अगर हम करते हैं तो गलत करते हैं और जिससे कानून का उल्लंघन हो उसे अपराध कहते हैं। इसलिए हमें अपराध से बचना चाहिए। अगर हम अपराध करते हैं तो उसमें हमें कानून में सजा भी मिलती है और हमें इससे बचने की जरूरत है। शुक्ला ने भारतीय न्याय संहिता के बारे में जानकारी दी। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय ने बताया कि जेल में प्रति माह जेल अदालत के साथ-साथ मेडिकल कैंप भी लगाया जा रहा है। जिससे सभी बंदियों को स्वास्थ्य और कानून की जानकारी दोनों का फायदा प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे बंदी जो स्वयं के खर्च पर अपना अधिवक्ता रख पाने में असमर्थ हैं, उनके लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो उन बंदियों के केस में संबंधित न्यायालय में निरंतर पैरवी करते हैं। डॉ शंभू कुमार ने स्वास्थ्य सम्बन्धित कई जानकारी बंदियों को दी। उन्होंने बताया कि हमें नशे से दूर रहना चाहिए, जिससे हमें कई बीमारियां होती है।

# घाट कुराबा में श्रीमद्भागवत कथा से माहौल हुआ भक्तिमय

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा/पथरगामा।** प्रखंड के घाट कुराबा पंचायत अंतर्गत घाट कुराबा गांव में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। भागवत कथा के चौथे दिन भागवत कथावाचक आचार्य फनीभूषण पाठक ने भागवत कथा के प्रवचन में राम अवतार की चर्चा विस्तार सुनायी। उन्होंने कहा कि राम का अवतार प्रभु की लीला है। कथावाचक के द्वारा प्रवचन के माध्यम से बताया गया कि जब जब इस संसार में विपत्ति या संकट आता है तो प्रभु किसी न किसी रूप में अवतरित होते हैं। प्रवचन के दौरान उन्होंने राम अवतार का वर्णन करते हुए कहा कि जिस वक्त राजा दशरथ के घर राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न चारों भाई का जन्म हुआ, अयोध्या में खुशी का माहौल था। कथावाचक ने भक्ति गीत के माध्यम से राम अवतार के उद्देश्य का वर्णन किया। इस दौरान बाल कलाकारों द्वारा प्रभु की झांकी भी पेश की गयी। इस मौके पर आयोजन समिति के सदस्यगण एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### दुमका: पीएम आवास नहीं मिलने से नाराज लाभुक ने मुखिया को जान से मारने का दिया धमकी

दुमका। प्रधानमंत्री आवास नहीं मिलने से नाराज लाभुक पर मुखिया के पत्नी ने जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए छेडछाड़ व तलवार से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित शिकायत की है। मामला नगर थाना क्षेत्र के पुराना दुमका हिजला पंचायत का है। मामले में पंचायत के मुखिया रविंद्र कुमार बास्की की पत्नी सुनीता मुर्मू ने पुलिस को लिखित शिकायत में बतायी की पंचायत के संतोष कुमार यादव, पिता स्व श्याम सुंदर यादव ने रविवार को करीब 12 बजे मुखिया आवास उनके घर पहुंचा। जहां मुखिया रविंद्र बास्की को गाली-गलौज करते हुए खोजने लगा। जिस पर मुखिया पत्नी सुनीता मुर्मू ने मुखिया के घर पर नहीं होने की बात कही। इसके बाद आरोपी संतोष यादव मुखिया के घर से निकल तलवार लेकर पुनः आया और गलत नीयत से धर-पकड़ करने लगा। शोर मचाने पर तलवार से वार कर दिया। तलवार की वार से बचने के लिए किसी प्रकार झूक गई। जिससे तलवार का वार खाली चला गया और आरोपी संतोष यादव को धक्का देकर बाहर कर दरवाजा बंद करने में सफल रही। इसके बाद आरोपी तलवार से दरवाजे पर वार करता रहा। आरोपी दो दिनों के अंदर प्रधान मंत्री आवास नहीं मिलने पर गर्दन काटने हत्या करने का धमकी देता रहा। पीड़िता मुखिया पत्नी सुनीता मुर्मू ने लिखित आवेदन में बताया कि एक मार्च से 15 मई के बीच पंचायत सचिव के द्वारा आवास का सर्वे हुआ है। आरोपी संतोष यादव समेत उसके चारो भाईयों का आवास का सर्वे हो चुका है। इसके बावजूद आरोपी संतोष यादव अविलंब आवास का मांग पर अड़ा है। मामले में पुलिस मुखिया पत्नी के आवेदन पर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। यहां बता दें कि दो दिन पूर्व ही नगर थाना क्षेत्र में गंदा पानी बहाने के विवाद में तलवार से गर्दन काटने का मामला सामने आया। जिससे लोगों में दहशत का महौल है।

### बोकारो : विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया ओआरएस और पानी का वितरण



बोकारो। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनिल कुमार मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में गर्मी को देखते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो द्वारा सिविल कोर्ट बोकारो के निकट चौक चौराहों पर ओआरएस एवं बोतल बंद पानी का वितरण किया गया। ये जानकारी सचिव अनुज कुमार ने दी।

### अवैध रूप से पत्थर खादान लीज का जांच कर खनन पट्टा रद्द करने की मांग रैयतों ने डीसी से की

दुमका। अवैध रूप से पत्थर खादान लीज का उच्च स्तरीय जांच का मांग करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को आवेदन सौंपा गया। आवेदन सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्त्ता द्वारिका प्रसाद भंडारी ने दिया। आवेदन में द्वारिका प्रसाद भंडारी ने बताया कि शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के चित्रागड़िया मौजा जमाबंदी नंबर 10 के दाग संख्या-438 के रकवा 12 कट्ठा एक धूर एवं दाग संख्या-420 के रकवा एक बीघा 3 कट्ठा 12 धूर एवं दाग संख्या 434 के रकवा 9 कट्ठा 14 धूर एवं दाग नंबर 436 के रकवा एक बीघा 16 कट्ठा जमीन को पर्वतपुर निवासी चंद्र देव एवं चित्रागड़िया निवासी विजय गोस्वामी पर गलत तरीके से शपथ पत्र करा लीज करा खादान चालू कराने का आरोप लगाया है। इस अवैध कार्य में भूमाफिया पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिला के रामपुरहाट निवासी सुदीप चटर्जी एवं पाकुड़ जिला के संजय भगत पर फर्जी कागजात बनाने में संलिप्तता बताया है। मामले में रैयत डेविड टुडू एवं ढ़ेना टुडू ने शिकारीपाड़ा सीओ एवं डीसी को आवेदन देकर जांच करते हुए कार्रवाई कर खनन पट्टा रद्द करने का मांग किया है।

### झामुमो फुसरो नगर कमिटी का हुआ विस्तारीकरण



बेरमो। झामुमो फुसरो नगर समिति का विस्तारीकरण रविवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष दीपक महतो एवं संचालन नगर सचिव महताब खान ने किया। बैठक में केंद्रीय सदस्य हीरालाल मांझी, महानगर के अध्यक्ष मंटू यादव, सचिव मदन महतो, उपाध्यक्ष मनोज हेम्ब्रम, भोलू खान, कोषाध्यक्ष मिथुन मंडल सहित रमेश टुड्डू, जयनारायण महतो, अशोक मुर्मू, जिला पदाधिकारी मोहन मुर्मू, पंकज जायसवाल, फैयाज आलम, फिरदौस अंसारी, वरीय नेता अनिल अग्रवाल के साथ-साथ नगर समिति फुसरो के सभी सदस्य गण शामिल रहे। फुसरो नगर से निम्न सदस्यों को पदाधिकारी बनाया गया। टेक्नारायन महतो, जितेंद्र नायक, गुड्डू यादव, बीरेंद्र महतो, सोहन मांझी, राजेश सुपन, रामावतार सिंह, सूरज गिरी, नंदा तिवारी, पंकज आदर्श, अमित झा और रवि महतो आदि। झामुमो महानगर समिति के द्वारा यह तय किया गया कि एक सप्ताह के अंदर सभी वर्ग संगठनों का विस्तार किया जाएगा और कार्यकर्ताओं का सेमिनार भी आयोजन किया जाएगा।

### विश्व कला दान दिवस पर सफाई कार्यक्रम आयोजित



गोड्डा। विश्व कला दान दिवस पर आर्ट ऑफ गिविंग के गोड्डा जिला इकाई द्वारा नगर अंतर्गत राज कचहरी तालाब के समीप सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं बताया गया कि गोड्डा जिला इकाई द्वारा यह कार्यक्रम न केवल समुदाय को साफ-सुथरा, बल्कि लोगों को कला और संस्कृति के माध्यम से समाज सेवा के महत्व को भी समझाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय को साफ-सुथरा बनाना और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम में कला और संस्कृति को शामिल करके, हम लोगों को इन क्षेत्रों में रुचि लेने और समाज सेवा के महत्व को समझने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। आर्ट ऑफ गिविंग के गोड्डा जिला इकाई के द्वारा मुख्यालय में राजकचहरी तलाब पर सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर वॉलीबाल के खिलाड़ी एवं पदाधिकारी गण मौजूद थे।

### होमगार्ड जवानों की समस्याओं को लेकर कमांडेंट से मिले कुमार अमित



बोकारो। बोकारो के होमगार्ड जवानों की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने होमगार्ड की जिला कमांडेंट किरण कुमारी से उनके कार्यकाल में मुलाकात की। कुमार अमित ने ज़िला कमांडेंट से होमगार्ड के जवानों को ड्यूटी देने में पारदर्शिता लाने की मांग की है। भाजपा नेता ने बोकारो के सभी महिला जवानों को भी अधिक से अधिक नियमित ड्यूटी में लगाने की बात ज़िला कमांडेंट से की। कुमार अमित ने इसे लेकर होमगार्ड में महिला जवानों को बहाली की तरह ड्यूटी में भी 50 प्रतिशत का आरक्षण देने को लेकर सरकार स्तर पर विभाग से भी पहल करने की मांग करते हुए कहा कि सभी सरकारी कार्यालय शिक्षण संस्थानों सार्वजनिक लोक क्रमों रेलवे एवं बड़े निजी कंपनियों में भी होमगार्ड के जवानों को सुरक्षा में लगाने की प्राथमिकता तय करने के लिए सरकार स्तर पर नीति बनना चाहिए। राँची और हजारीबाग की तरह बोकारो में भी होमगार्ड के जवानों को ट्रैफि क को व्यवस्थित करने में ड्यूटी लगाने हर वर्ष नियमित एवं पारदर्शी तरीके से बोकारो में होमगार्ड की बहाली कराने की भी माँग कुमार अमित ने कमांडेंट से की है। कमांडेंट किरण कुमारी ने इन विषयों पर सकारात्मक पहल करने का भी आश्वासन भाजपा नेता को दिया। इस अवसर पर लालबाबू कृष्णा कुमार चंद्रप्रकाश आदि भी मौजूद थे।

### दुमका : अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई ने की बैठक, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

दुमका। स्थानीय फर्स्ट स्टेप स्कूल में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा करुण कुमार राय ने किया। जिसमें जिला कार्यकारणी का विस्तार किया गया। जिसमें विधि आयाम प्रमुख सिकंदर कुमार और प्रचार आयाम प्रमुख आलोक रंजन को मनोनीत किया गया। जिसकी घोषणा प्रांत सचिव डॉ अमुल्य कुमार पाल ने की। बैठक में आगामी कार्य योजना की चर्चा की गई। जिसमें बस का मानक किराया तय नहीं होने एवं वाहन मालिको की मनमानी के खिलाफ स्थानीय विधायक से मिलकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। दूध एवं पनीर की शुद्धता की जांच के लिए लैब की व्यवसथा करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक बैग पर पूर्ण प्रतिबंध करने का मांग किया गया। साथ ही जिले भर मे संचालित अल्पसंख्यक विद्यालयों की सूची पता सहित उसमे नियुक्ति की प्रक्रिया उसकी नियमावली आदि की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत सूचना अधिकार आयोग से लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला सचिव अनय कुमार ओझा, उपाध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता, नेहा सिंह, कोषाध्यक्ष ऋषभ कुमार गण, महिला आयाम प्रमुख गायत्री जायसवाल, विधि आयाम प्रमुख सिकंदर कुमार, प्रचार आयाम प्रमुख आलोक रंजन, पर्यावरण आयाम प्रमुख स्वपन कुमार दत्ता आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### मिथुन चक्रवर्ती को मुंबई नगर निगम का नोटिस



**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या बयान नहीं, बल्कि अवैध निर्माण को लेकर उनका नाम सामने आया है। दरअसल, मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने मिथुन को एक 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है। यह नोटिस मलाड के एरंगल गांव में स्थित एक प्लॉट पर अनधिकृत निर्माण कार्य के मामले में भेजा गया है। बीएमसी ने उनसे इस निर्माण कार्य को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है और जवाब देने को कहा है कि आखिर यह निर्माण कैसे और किस अनुमति के तहत किया गया। बीएमसी के कुछ अधिकारी मलाड के एरंगल गांव स्थित प्लॉट पर कथित अवैध निर्माण की जांच करने पहुंचे थे।

### अगले सप्ताह खुलेंगे 5 नए आईपीओ, 3 कंपनियों की होगी लिस्टिंग

**नई दिल्ली।** सोमवार 19 मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में पांच नए आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। इनमें दो आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं, जबकि तीन आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इन आईपीओ की लॉन्चिंग के अलावा इस सप्ताह तीन कंपनियां लिस्टिंग के जरिए शेयर बाजार में अपने कारोबार की शुरूआत करने वाली हैं। लिस्ट होने वाली ये तीनों कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। इस सप्ताह 20 मई को बोराना वीव्स का 144.89 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 22 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 200 रुपये से 216 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 69 शेयर का है।

### रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को समन

**काठमांडू।** नेपाल की एंटी करप्शन ब्यूरो की तरफ से कथित जमीन घोटाले में स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को समन भेजा गया है। नेपाल सरकार द्वारा आयुर्वेद विश्वविद्यालय तथा शोध संस्थान बनाने के लिए पतंजलि ट्रस्ट नेपाल को सरकारी जमीन दी गई थी। इस जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित गड़बड़ियों की जांच चल रही है। इस मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल से भी पूछताछ की जा चुकी है। नेपाल के कंपनी रजिस्ट्रार के दफ्तर में पतंजलि योगपीठ नेपाल और पतंजलि ट्रस्ट नेपाल दोनों ही कंपनियों को गैर नाफामुलक कंपनी के रूप में रजिस्टर्ड किया गया है। इन दोनों ही कंपनियों में स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण संचालक समिति में हैं जबकि नेपाल की तरफ से शालीग्राम सिंह संचालक समिति में हैं।

### रूस ने यूक्रेन पर दागे 273 ड्रोन, अबतक का सबसे बड़ा हमला

**कीव।** शांति वार्ता विफल होने के कुछ ही घंटों बाद रूस ने यूक्रेन पर जबरदस्त ड्रोन हमला कर दिया। हमले में कम से कम एक नागरिक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, यह हमला अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक था। यह हमला यूक्रेन और रूस के बीच 2022 के बाद पहली सीधी वार्ता के दो दिनों बाद और डोनाल्ड ट्रम्प-व्लादिमीर पुतिन के बीच टेलीफोन पर होने वाली बातचीत से एक दिन पहले हुआ है। इसी साल 23 फरवरी को यूक्रेन पर रूस ने युद्ध की तीसरी वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर 267 ड्रोन दागे थे। यूक्रेन की वायु सेना ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि रूस ने स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 8 बजे 273 ड्रोन दागे, जिनका लक्ष्य मुख्य रूप से कीव क्षेत्र और देश के पूर्व में निप्रोपेट्रोव्स्क और डोनेट्स्क क्षेत्र थे। हमले में राजधानी क्षेत्र में 28 वर्षीय महिला की मौत हो गई।

# आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते

## अहमदाबाद से गृह मंत्री शाह का पाकिस्तान को दो टूक

एजेंसी

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सेनाओं के सम्मान में गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। गृह मंत्री राष्ट्रध्वज थामे जुलूस के आगे चलते दिखे। उन्होंने अहमदाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर में की गई सैन्य कार्रवाई की सराहना की। साथ ही पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उसके कई एयरबेस तबाह कर दिये। श्री शाह ने कहा कि आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। यदि उसने आतंकवाद नहीं रोका तो सिंधु नदी से एक बूंद पानी नहीं मिलेगा।

### एक-एक बूंद पानी को तरसेगा

अमित शाह ने कहा कि जब पीएम मोदी ने देश को संबोधित किया तो उन्होंने साफ कर दिया था कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा। पड़ोसी देश को चेतावनी देते हुए शाह ने कहा कि आतंक का कारोबार रोकने तक वह सिंधु के पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस जायेगा। आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। यदि आप आतंकवाद को पनाह देना चाहते हैं तो तमाम कारोबार खत्म कर दीजिए। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगर पाकिस्तान के साथ बात होगी तो वह पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) को वापस लेने और आतंकवाद को खत्म करने को लेकर ही होगी।



### तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सेनाओं के सम्मान में गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। इस दौरान उमड़ी भीड़ के बीच अमित शाह राष्ट्र ध्वज थामे जुलूस के आगे चलते दिखे। गृह मंत्री तिरंगा थामे हुए नल सरोवर चौकड़ी से एकलिंगजी रोड पर महाराणा प्रताप चौक तक पैदल चले। यहां उन्होंने 16वीं सदी के महान योद्धा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। पैदल मार्च में हिस्सा लेने वालों में गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी, स्थानीय विधायक, भाजपा नेता और कार्यकर्ता तथा यहां के शिक्षक और प्राथमिक एवं माध्यमिक विभागों के पदाधिकारी शामिल थे। गुजरात भाजपा ने कहा कि यात्रा में बड़ी संख्या में लोग, सामाजिक और राजनीतिक नेता तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। सशस्त्र बलों के साहस और वीरता को सलाम किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में भाजपा की ओर से सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने किए आदि कैलाश के दर्शन, बोले

# उत्तराखंड में अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता

एजेंसी

**देहरादून।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आज दोपहर आदि कैलाश और पार्वती कुंड के दर्शन के बाद कैलाशवासी भगवान शिव के मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता विद्यमान है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा नेआदि कैलाश की आध्यात्मिक महत्ता कोअंतरराष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया है।

अपने दो दिवसीय प्रवास पर उत्तराखंड पहुंचे नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश के पवित्र क्षेत्र के भ्रमण के पश्चात, इस क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की आवाजाही में वृद्धि हुई है। इस बढ़ी हुई गतिविधि ने स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हुए हैं, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने न केवल आदि कैलाश की आध्यात्मिक महत्ता को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया है, बल्कि इसने साहसिक और आध्यात्मिक पर्यटन के एक महत्वपूर्ण गंतव्य के रूप में इस क्षेत्र की पहचान को भी मजबूत किया है। इसके परिणामस्वरूप, पिछले कुछ वर्षों में आदि कैलाश और इसके आसपास के क्षेत्रों में आने वाले पर्यटकों और भक्तों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है।

शिव दर्शन के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने पिथौरागढ़ जिले में स्थित ज्योलिंगकांग स्थित त्रिशूल के समीप मंदिर के दर्शन किए और यहां सेना के जवानों के साथ वार्ता कर उनका हौसला बढ़ाया।

# आरसीपी सिंह ने अपनी पार्टी का जनसुराज में किया विलय

**पटना(एजेंसी)।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी बदलने और पार्टी के विलय करने का सिलसिल शुरू हो गया है। इस सिलसिल में रविवार को जदयू से अलग होकर आरसीपी सिंह ने अपनी बनायी पार्टी आसा का विलय प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज में कर दिया। पत्रकार सम्मेलन का आयोजन कर दोनों पार्टियों के प्रमुख ने आज पटना में विलय की जानकारी दी और दोनों नेताओं ने जदयू और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार हमला बोला।प्रशांत किशोर ने आरसीपी सिंह के जनसुराज संग आने को नीतीश कुमार के खिलाफ एक मजबूत गठजोड़ बताते हुए कहा कि 'कमजोर नीतीश कुमार को गिद्ध की तरह नोचा जा रहा है'।जदयू में जो लोग खुद को नेतृत्वकर्ता कहते हैं, वे नीतीश कुमार को कितना सहयोग करते थे, यह सबको पता है। पीके ने बिना किसी का नाम लिए यहां तक कहा कि नीतीश कुमार की सरकार में शामिल कुछ मंत्री 'वसूली मंत्री' हैं। प्रशांत किशोर ने जदयू के लोगों से अपील की है कि जदयू डूबता हुआ नाव है और वे जल्दी से जदयू को छोड़कर जनसुराज के साथ आ जाएं क्योंकि नीतीश कुमार की स्थिति पहले जैसे नहीं है। प्रशांत किशोर ने कहा कि जदयू के जो पांच नेता हैं, जिन्होंने पार्टी को हाईजैक किया है उनसे जाकर पूछिए कि उनकी जनता में क्या पैठ है। अगर हम लोग नहीं होते यह लोग अभी कहां होते। उन्होंने कहा कि आरसीपी सिंह का काम करने का जो अनुभव है, बिहार में ऐसे बहुत कम लोग हैं। आरसीपी सिंह आईएएस ऑफिसर रह चुके हैं। मैं जानता हूं कि अगर सबसे समझदार कार्यकर्ता किसी दल में हैं तो वह जनता दल यूनाइटेड में हैं। जन सुराज में समाजवाद को जिंदा रखा जाएगा।

## पीएम 30को नबीनगर में बनने वाले पावर प्लांट का करेंगे शिलान्यास : सम्राट चौधरी

एजेंसी

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी औरंगाबाद जिले के नबीनगर में 29947.91 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सुपर थर्मल पावर प्लांट का शिलान्यास 30 मई को करेंगे। इससे बिहार को 1500 मेगावाट बिजली मिलेगी। यह एनटीपीसी का देश में दूसरा सबसे बड़ा विद्युत उत्पादन संयंत्र होगा। सम्राट चौधरी ने बिहार की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को देखते हुए नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एनएसटीपीएस) के क्षमता विस्तार स्टेज-2 को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि स्टेज-2 के तहत यहां पर 800-800 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली तीन नयी इकाइयां स्थापित की जायेंगी,जिससे कुल 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।



### नवादा में सड़क हादसा तीन की मौत, दो घायल

**नवादा।** बिहार में नवादा जिले के नगर थाने के ककोनिया पर रविवार को एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया ।नवादा जिले के नरहट थाना के छोटी पाली निवासी पूर्व उप मुखिया पंकज चंद्रवंशी,नथ्थू चंद्रवंशी और कारू चंद्रवंशी की बारात से वापसी के क्रम में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है।भाई दुर्गा चंद्रवंशी और जयनंदन चन्द्रवंशी गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका पावापुरी अस्पताल में इलाज केलिए भेज गया।वे लोग जिले के रुपौ थाना अंतर्गत धनवां गांव से बारात से वापस हो रहे थे ।

# स्टालिन ने राष्ट्रपति के खिलाफ कानूनी लड़ाई में आठ मुख्यमंत्रियों से मांगा समर्थन

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को गैर-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर राष्ट्रपति द्वारा राज्य विधानसभाओं में पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समय सीमा तय करने के शीर्ष न्यायालय के समक्ष उठाए गए सवालों के खिलाफ कानूनी लड़ाई में उनका समर्थन मांगा।



श्री स्टालिन ने पत्र में उनसे संघवाद और राज्य की स्वायत्तता को बनाए रखने के लिए इसका कड़ा विरोध करने और आगामी कानूनी लड़ाई में एकजुट होने का आग्रह किया है। उन्होंने न्यायालय के समक्ष एक समन्वित कानूनी रणनीति विकसित करने और संविधान के मूल ढांचे को संरक्षित तथा सुरक्षित रखने के लिए एकजुट मोर्चा बनाने का भी आह्वान किया।

गौरतलब है कि तमिलनाडु विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देने में अत्यधिक देरी को लेकर राज्यपाल आर एन रवि के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने राज्यपालों द्वारा भेजे गये विधेयकों पर मंजूरी देने को लेकर राष्ट्रपति के लिए समय सीमा निर्धारित कर दी थी।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने केंद्र सरकार की सलाह पर गत 13 मई को संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सर्वोच्च न्यायालय के सलाहकार क्षेत्राधिकार का आह्वान किया है और न्यायालय के समक्ष 14 प्रश्न उठाए हैं। हालांकि संदर्भ में किसी राज्य या निर्णय का विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन इसका उद्देश्य तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल के मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए कानून और संविधान की व्याख्या पर सवाल उठाना है।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव भारत की प्रगति की कुंजी: किशन रेड्डी

**हैदराबाद।** तेलंगाना प्रदेश भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने रविवार को देश में चुनाव सुधारों की आवश्यकता पर जोर देते हुए ह्यएक राष्ट्र - एक चुनाव को भारत की प्रगति की कुंजी बताया और कहा कि शासन की दक्षता में सुधार और व्यवधानों को कम करने के लिए एक साथ चुनाव कराना महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान के तहत यहां आयोजित एक कार्यक्रम में को संबोधित करते हुए श्री रेड्डी ने कहा आजादी के 76 साल बाद भी हम औपनिवेशिक युग की प्रणालियों का पालन करना जारी रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार पुराने कानूनों को वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप सुधारने की वकालत की है। उन्होंने जोर दिया कि राज्यों में बार-बार चुनाव होने से प्रशासनिक कार्य बाधित होने के साथ ही जनशक्ति और संसाधनों का काफी नुकसान होता है तथा विकास में बाधा आती है। उन्होंने कहा कि अगर पूरे देश में एक साथ चुनाव होते हैं, तो इससे बहुमूल्य समय और ऊर्जा की बचत होगी और सुचारू शासन की सुविधा मिलेगी।



### टावेल फैक्ट्री में आग लगने से 8 की मौत, दो दमकल कर्मी जख्मी

**मुंबई।** सोलापुर जिले में अक्कलकोट रोड एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित सेंट्रल टेक्सटाइल्स तौलिया कारखाने में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई। इस घटना में आग बुझाते समय दो फायर ब्रिगेड कर्मी भी घायल हो गए, दोनों का इलाज सरकारी अस्पताल में जारी है। इस घटना की छानबीन अक्कलकोट पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। इस घटना की छानबीन कर रहे पुलिस निरीक्षक सदाशिव पडगे ने रविवार को बताया कि सोलापुर के अक्कलकोट रोड एमआईडीसी क्षेत्र में सेंट्रल टेक्सटाइल्स तौलिया कारखाने में शनिवार को आग लग गई थी।

# बलूचिस्तान में जांच चौकी पर हमला, चार सैनिकों की मौत

एजेंसी

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में रणनीतिक रूप से अहम चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) मार्ग पर स्थित एक जांच चौकी पर उग्रवादियों द्वारा किये गए हमले में चार सैनिक मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नकाबपोश बंदूकधारियों ने शनिवार शाम जिले के नाल इलाके में जांच चौकी पर हमला किया और मौके से फरार हो गए। अबतक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि यह हमला बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) द्वारा किया गया है।



# भारत के प्रहार से हिला चीन

## ऑपरेशन सिंदूर से ड्रैगन की इज्जत भी मिट्टी में मिली

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई को दिखाया, बल्कि इसने चीन के हथियारों की गुणवत्ता और वैश्विक रक्षा बाजार में उसकी साख को भी गहरी चोट पहुंचायी है। भारत की इस सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान की एयर डिफेंस प्रणाली को निष्क्रिय कर दिया गया। 12 से अधिक एयरबेस को निशाना बनाया गया। आधुनिक युद्ध विशेषज्ञ जॉन स्पेंसर ने इसे सिर्फ शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि निर्णायक और योजनाबद्ध कार्रवाई बताया।

**चीनी हथियारों की खुली पोल :** पाकिस्तान ने जब संघर्ष विराम की अपील की, तब यह साफ हो गया कि उसकी सैन्य क्षमता चरमरा चुकी है। विशेषज्ञों के अनुसार कि पाकिस्तान के 80% हथियार चीन से प्राप्त हैं। एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम, जीएल-15 एयर-टू-एयर मिसाइल, चीनी फाइटर जेट्स सभी निष्प्रभावी या विफल साबित हुए। सैटेलाइट तस्वीरों और युद्ध के सबूतों से यह भी स्पष्ट हुआ कि पाकिस्तानी दावों के विपरीत भारतीय राफेल विमान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।



चीन के रक्षा कंपनियों के शेयरों में 9% तक गिरावट दर्ज की गयी। पहले माना जा रहा था कि पाकिस्तान को और हथियार बेचने से चीन को फायदा होगा, लेकिन अब बाजार में उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगे हैं। 2020झ2024 के बीच चीन का वैश्विक हथियार निर्यात 5.9% रहा जिसमें से दो-तिहाई से अधिक पाकिस्तान को ही निर्यात किया गया। अब कई देश विशेषकर अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका चीनी हथियारों को लेकर सावधानी बरतने लगे हैं।

### चीन की कई देशों से शिकायतें मिलीं

म्यांमार ने चीनी फाइटर जेट्स को रडार खराबी की वजह से ग्राउंड किया। नाइजीरिया को 9 में से 7 फाइटर जेट वापस करने पड़े। अब पाकिस्तान जो चीन का सबसे करीबी रणनीतिक साझेदार है, खुद इन हथियारों से असंतुष्ट दिख रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि या तो चीन पाकिस्तान को घटिया हथियार देता है, या फिर उसके हथियार वाकई भारत के हथियारों के मुकाबले कमजोर हैं। यदि चीन ने इन तकनीकी और प्रदर्शन संबंधी समस्याओं को जल्द हल नहीं किया, तो उसका सपना दुनिया का शीर्ष हथियार निर्यातक बनने का अधूरा ही रह जाएगा।

